Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़

# अक्तूबर 2023

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न

**1. तपेदिक (TB) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मल्टीड्रग-प्रतिरोधी तपेदिक (MDR-TB) टीबी रोग का एक रूप है जो वायरस के कारण होता है जो आइसोनियाज़िड और रिफैम्पिसिन(सबसे शक्तिशाली फर्स्ट-लाइन एंटी-टीबी दवाएँ) पर प्रतिक्रिया नहीं करता है।
2. MDR-TB का उपचार बेडाक्विलिन जैसी सेकंड-लाइन दवाओं के उपयोग से संभव है।
3. निक्षय पोषण योजना प्रत्येक तपेदिक रोगी को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) के माध्यम से सहायता देने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**2. सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम (AFSPA), 1958 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AFSPA "अशांत क्षेत्र" के रूप में नामित क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को व्यापक प्राधिकार प्रदान करता है।
2. इस अधिनियम में वर्ष 1972 में एक संशोधन किया गया जिसके तहत किसी क्षेत्र को "अशांत" घोषित करने का अधिकार केवल केंद्र सरकार को दिया गया।
3. यह सैनिकों को बिना वारंट के परिसर में प्रवेश करने, तलाशी लेने और गिरफ्तारी करने की कार्यकारी शक्तियाँ भी प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**3. 'सांख्यिकीय प्रदर्शन संकेतक (SPI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व आर्थिक मंच 174 देशों में राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणालियों के प्रदर्शन का आकलन करने के लिये SPI संकलित करता है।
2. SPI प्रदर्शन के पाँच आयामों के मूल्यांकन पर आधारित है, जिन्हें सामान्यत: राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली के पाँच स्तंभों के रूप में जाना जाता है।
3. बाल मृत्यु दर, ऋण रिपोर्टिंग, पेयजल और श्रम बल भागीदारी के अनुमानों की तुलनीयता के आकलन में भारत का प्रदर्शन अच्छा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**4. निम्नलिखित संकेतकों पर विचार कीजिये:**

1. डेटा सेवा
2. डेटा उत्पाद
3. डेटा स्रोत
4. डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर

**नोट :**

**उपर्युक्त में से कितने सांख्यिकीय प्रदर्शन संकेतक (SPI) का हिस्सा हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**5. ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GRAP आपातकालीन उपायों का एक समूह है जो दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु की गुणवत्ता का एक निश्चित सीमा तक पहुँचने तथा और उसमें गिरावट को कम करने के लिये लागू किया जाता है।
2. एम. सी. मेहता बनाम भारतीय संघ (2016) मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसलों के बाद इसे मंजूरी मिली और वर्ष 2017 में आधिकारिक तौर पर अधिसूचित किया गया।
3. GRAP में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता की गिरावट को कम करने और सीसा और आर्सेनिक का स्तर राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) की 'मध्यम' श्रेणी से अधिक न होना सुनिश्चित करने के लिये विभिन्न कार्रवाई शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**6. कृषि फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) का सुझाव देने हेतु निम्नलिखित में से कौन उत्तरदायी है?**

A. राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (NSC)
B. कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP)
C. श्रम ब्यूरो
D. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय ( NSSO)

**7. mRNA टीकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. mRNA टीके हमारी कोशिकाओं को प्रोटीन बनाने का तरीका सिखाने के लिये mRNA का प्रयोग करते हैं जो हमारे शरीर के अंदर प्रतिरक्षा अनुक्रिया को प्रेरित करता है।
2. अब तक कोविड-19 के लिये कोई mRNA टीका विकसित नहीं किया गया है।
3. mRNA की दो खुराक देने पर चूहों में कोविड-19 स्पाइक प्रोटीन के प्रति "सुदृढ़ प्रतिरक्षा अनुक्रिया" देखी गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**8. G20 के सुप्रीम ऑडिट इंस्टीट्यूशंस (SAI20) एंगेजमेंट ग्रुप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SAI20 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में "हरित अर्थव्यवस्था" और "रिस्पॉन्सिबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" शामिल हैं जो नए युग के अवसरों और चिंताओं का प्रतिनिधित्त्व करते हैं।
2. SAI भारत में इंटरनेशनल सेंटर फॉर एनवायरमेंट ऑडिट एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट (iCED) के अंतर्गत हरित अर्थव्यवस्था पर केंद्रित उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की गई है।
3. SAI आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में ज्ञान साझा करने और क्षमता निर्माण के लिये घनिष्ठ सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**9. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह सार्वजनिक धन का संरक्षक है और केंद्र एवं राज्य दोनों स्तरों पर देश की संपूर्ण वित्तीय प्रणाली को नियंत्रित करता है।
2. वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत अपने पद पर बना रहता है।
3. वह राष्ट्रपति को त्याग पत्र सौंप कर किसी भी समय अपने पद से इस्तीफा दे सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**10. डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. DNA एक डबल-हेलिक्स पॉलिमर है- की खोज जेम्स वॉटसन और फ्राँसिस क्रिक ने वर्ष 1953 में की।
2. DNA अणु के स्ट्रैंड मोनोमर न्यूक्लियोटाइड की एक लंबी शृंखला से बने होते हैं।
3. यह एक डबल हेलिक्स संरचना में व्यवस्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**11. प्रतिरक्षा प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संक्रमणों के प्रति इसकी तीव्र प्रतिक्रिया और किसी विशिष्ट रोगज़नक़ के पूर्व-संपर्क में आने की अनावश्यकता प्राकृतिक प्रतिरक्षा प्रणाली की विशेषता है।
2. अनुकूली प्रतिरक्षा प्रणाली प्रतिरक्षा प्रणाली का एक अत्यधिक विशिष्ट हिस्सा है जो रोगजनकों के खिलाफ विशिष्ट और लक्षित सुरक्षा प्रदान करती है।
3. B कोशिकाएँ श्वेत रक्त कोशिकाएँ हैं जो एंटीबॉडी का उत्पादन करती हैं जो रोगजनकों के विशिष्ट एंटीजन से जुड़ सकती हैं, उन्हें निष्क्रिय कर सकती हैं अथवा अन्य प्रतिरक्षा कोशिकाओं द्वारा उनके उन्मूलन के लिये उन्हें चिह्नित कर सकती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**12. निम्नलिखित में से कौन-सी समिति डेटा सुरक्षा रूपरेखा से संबंधित है?**

A. न्यायमूर्ति बी.एन. श्रीकृष्ण समिति, 2017
B. के.वी. कामथ समिति, 2020
C. न्यायमूर्ति ए.के.माथुर आयोग, 2014
D. बलवंतराय मेहता समिति, 1957

नोट :

**13. प्रवर्तन निदेशालय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रवर्तन निदेशालय(ED) एक बहु-विषयक संगठन है जिसके पास धन शोधन संबंधी अपराधों और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन की जाँच का अधिकार है।
2. इस निदेशालय के नियंत्रण का कार्यभार राजस्व विभाग से आर्थिक कार्य के प्रशासनिक विभाग को स्थानांतरित कर दिया गया है।
3. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (FEMA) प्रवर्तन निदेशालय को विदेशी मुद्रा कानूनों और विनियमों के संदिग्ध उल्लंघनों की जाँच का अधिकार प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**14. 'अनुच्छेद 142' के तहत सर्वोच्च न्यायालय की अंतर्निहित शक्तियों' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च न्यायालय के पास अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम), 1989 के तहत कार्यवाही को रद्द करने की शक्ति है।
2. संविधान का अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालय को विवेकाधीन शक्ति प्रदान करता है क्योंकि इसमें कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते हुए ऐसी डिक्री/न्यायिक निर्णय पारित कर सकता है अथवा ऐसा आदेश दे सकता है जो पूर्ण न्याय करने के लिये आवश्यक हो।
3. सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन बनाम भारत संघ, 1998 में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अनुच्छेद 142 का उपयोग मौज़ूदा कानून को प्रतिस्थापित करने के लिये नहीं किया जा सकता है, बल्कि केवल कानून के पूरक के रूप में किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**15. 'वित्तीय आपातकाल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1975 के 38वें संशोधन अधिनियम वित्तीय आपातकाल की घोषणा करने के राष्ट्रपति के फैसले को अंतिम व निर्णायक बनाता है, साथ ही यह संसोधन राष्ट्रपति के निर्णय को न्यायिक समीक्षा से मुक्त नहीं करता है।
2. वित्तीय आपातकाल की घोषणा करने वाली उद्घोषणा को इसके जारी होने की तारीख से दो महीने के अंदर संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिये।
3. एक बार संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित होने के बाद, वित्तीय आपातकाल रद्द होने तक अनिश्चित काल तक जारी रहता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**16. गैरकानूनी गतिविधियाँ ( रोकथाम ) अधिनियम, 1967 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) के महानिदेशक को उक्त एजेंसी द्वारा मामले की जाँच किये जाने पर संपत्ति की जब्ती की मंजूरी देने का अधिकार देता है।
2. कोई व्यक्ति जो भारत के बाहर कोई अपराध करता है और इस अधिनियम के दायरे में आता है, उस पर उसी प्रकार इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन होगा जैसे कि वह कार्य भारत में रहते हुए होगा।
3. राज्य सरकार आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित एक आधिकारिक अधिसूचना के माध्यम से "गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) ट्रिब्यूनल" नामक एक प्राधिकरण स्थापित कर सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**17. निम्नलिखित में से कौन-सा एजेंडा 128वें संवैधानिक संशोधन विधेयक, 2023 से संबंधित है ?**

A. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) की स्थापना
B. लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में एक तिहाई सीटों का आरक्षण
C. आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों (EWS) के लिये आरक्षण
D. अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण

**18. '74वें संवैधानिक संशोधन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस संशोधन अधिनियम द्वारा विभिन्न स्तरों पर शहरी स्थानीय निकायों (ULB) की शक्तियों और प्राधिकरणों का विकेंद्रीकरण करना अनिवार्य किया गया था।
2. विकेंद्रीकरण के उद्देश्य के लिये प्रत्येक नगरपालिका क्षेत्र को क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित किया जाएगा जिन्हें वार्ड के रूप में जाना जाएगा।
3. इसके तहत महिलाओं के लिये कुल सीटों में से एक तिहाई सीट के आरक्षण का प्रावधान भी किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**19. परिसीमन आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है और यह भारत के निर्वाचन आयोग के सहयोग से काम करता है।
2. वर्ष 1971 की जनगणना के बाद राज्यों के लिये लोकसभा सीटों की संख्या निर्धारित और तय की गई थी, 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 के माध्यम से इस व्यवस्था को अगले 25 वर्षों के लिये बरकरार रखने का प्रावधान किया गया।
3. 84वें संशोधन अधिनियम, 2001 द्वारा सरकार को वर्ष 1991 की जनगणना के आँकड़ों के आधार पर राज्यों में क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों को पुनः समायोजित करने तथा युक्तिसंगत बनाने का अधिकार प्रदान किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

नोट :

**20. वित्त आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का वित्त आयोग भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है।
2. वित्त आयोग का गठन प्रत्येक 5 वर्ष में भारत की संसद द्वारा किया जाता है।
3. इसकी प्राथमिक भूमिका भारत में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की सिफारिश करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**21. 'भारतीय संघवाद' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संघवाद के भारतीय मॉडल को अर्द्ध-संघीय प्रणाली कहा जाता है क्योंकि इसमें परिसंघ और संघ दोनों की प्रमुख विशेषताएँ शामिल हैं।
2. भारत के राज्यों को एक संघीय इकाई में एकीकृत करने से भारतीय परिसंघ का निर्माण हुआ।
3. संविधान की सर्वोच्चता और शक्तियाँ भारतीय संविधान की संघीय विशेषता को मज़बूती प्रदान करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**22. 'प्रवर्तन निदेशालय' (ED) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अंतर्गत कार्य करता है।
2. प्रवर्तन के विशेष निदेशकों की अध्यक्षता में तीन क्षेत्रीय कार्यालय हैं।
3. निदेशालय को केवल भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (FEOA) तथा धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA) के प्रावधानों को निष्पादित करने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**23. तीस्ता नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. तीस्ता नदी ब्रह्मपुत्र की एक सहायक नदी है, जिसे बांग्लादेश में जमुना के नाम से जाना जाता है।
2. यह नदी भारत, बांग्लादेश और म्याँमार से होकर बहती है।
3. यह अरुणाचल प्रदेश के चुनथांग के पास हिमालय से निकलती है और पश्चिम बंगाल से होकर दक्षिण की ओर बहती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**24. 'श्रम बल भागीदारी दर' ( LFPR ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. LFPR अनिवार्य रूप से कामकाज़ी उम्र की आबादी का वह प्रतिशत है जो नौकरी की मांग करता है।
2. कामकाज़ी उम्र की आबादी में 25 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग शामिल हैं।
3. LFPR में वे लोग शामिल हैं जो कार्यरत हैं, न कि वे जो बेरोज़गार हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**25. 'नोबेल पुरस्कार' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है:**

A. नोबेल पुरस्कार पहली बार वर्ष 1951 में प्रदान किया गया था।
B. यह पुरस्कार समारोह प्रति वर्ष दिसंबर के माह में जर्मनी में आयोजित किया जाता है।
C. नोबेल पुरस्कार को अधिकतम चार लोग आपस में साझा कर सकते हैं।
D. रवीन्द्र नाथ टैगोर वर्ष 1913 में पहले भारतीय नोबेल पुरस्कार विजेता बने।

**26. 'सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना( SECC )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SECC के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण भारतीय परिवार को शामिल किया जाता है, न कि शहरी क्षेत्रों के परिवारों को।
2. इसका डेटा गोपनीय रखा जाता है और लाभार्थियों को लक्षित करने के लिये सरकारी विभागों द्वारा इसका उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाती है।
3. SECC दशकीय जनगणना की तरह जनगणना अधिनियम, 1948 के दायरे के अंतर्गत आता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नही

**27. क्वांटम डॉट्स के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्वांटम डॉट्स सूक्ष्म कण होते हैं, जिनका आकार आमतौर पर 1 से 100 माइक्रोमीटर तक होता है।
2. क्वांटम डॉट संरचनाओं में अद्वितीय गुण होते हैं जो उनके आकार से निर्धारित होते हैं और यह आकार उनके द्वारा उत्सर्जित प्रकाश का रंग निर्धारित करता है।
3. क्वांटम डॉट्स स्पष्ट और जीवंत प्रकाश उत्सर्जित करके LED लैंप और टेलीविज़न स्क्रीन जैसे डिस्प्ले की गुणवत्ता बढ़ा सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई भी नहीं

**28. 'डायबिटीज़ मेलिटस' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डायबिटीज मेलिटस एक विकार है जिसमें शरीर पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं करता है या सामान्य रूप से इंसुलिन का जवाब नहीं देता है, जिससे रक्त शर्करा (ग्लूकोज) का स्तर असामान्य रूप से उच्च हो जाता है।
2. टाइप-1 मधुमेह में, शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अग्न्याशय की इंसुलिन उत्पादक कोशिकाओं पर हमला करती है, और उनमें से 90% से अधिक स्थायी रूप से नष्ट हो जाती हैं।
3. टाइप-2 मधुमेह में, शरीर इंसुलिन के प्रभावों के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लेता है, इसलिए शरीर की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त इंसुलिन नहीं बन पाता है।

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**29. 'बिहार जाति-जनगणना, 2023' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बिहार में जातीय जनगणना का आयोजन केंद्र सरकार द्वारा कराया गया है।
2. बिहार की आबादी का सबसे बड़ा भाग बौद्ध, ईसाई, सिख और जैन समुदायों से मिलकर बना है।
3. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों में प्रतिपादित सामाजिक-आर्थिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये जाति जनगणना का उचित उपयोग किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**30. मुदुमलाई टाइगर रिज़र्व के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्ष 1986 के दौरान घोषित भारत के पहले बायोस्फीयर रिजर्व, नीलगिरी बायोस्फीयर रिज़र्व का एक प्रमुख हिस्सा है।
2. यह बाघ अभयारण्य तीन राज्यों तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के एक समान क्षेत्र तक विस्तृत है।
3. मोयर नदी मुदुमलाई टाइगर रिज़र्व से होकर बहती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**31. 'इंसुलिन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंसुलिन, अग्न्याशय की B कोशिकाओं द्वारा स्रावित एक एंज़ाइम है।
2. इंसुलिन ग्लाइकोजन के रूप में यकृत और मांसपेशियों में अतिरिक्त ग्लूकोज़ को संगृहीत करने में भी मदद करता है।
3. कोशिका में एक महत्त्वपूर्ण तंत्र इंसुलिन सिग्नलिंग होता है, जो रक्त में ग्लूकोज़ को नियंत्रित करने के लिये जैव रासायनिक अभिक्रियाओं की एक श्रृंखला है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**32. 'भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) सत्र, 1927' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस सत्र की अध्यक्षता मोतीलाल नेहरू ने की।
2. इस सत्र में कॉन्ग्रेस ने चीन, ईरान और मेसोपोटामिया में भारतीय सैनिकों के उपयोग के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया।
3. इस सत्र के दौरान, कॉन्ग्रेस ने साइमन कमीशन के बहिष्कार का विरोध करते हुए एक प्रस्ताव अपनाया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**33. 'मौद्रिक नीति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मौद्रिक नीति से आशय मौद्रिक साधनों के उपयोग के संबंध में केंद्र सरकार की नीतियों से है।
2. मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य विकास को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखना है।
3. बैंक दर (एक मौद्रिक नीति), वह ब्याज दर है जिस पर रिज़र्व बैंक सरकारी और अन्य मान्यता प्राप्त प्रतिभूतियों के बदले बैंकों को संपार्श्विक के रूप में तत्काल तरलता प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**34. कवच प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह लड़ाकू विमानों में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) उपकरणों का एक सेट है।
2. वे एयर ब्रेक को नियंत्रित करने और लड़ाकू पायलटों को सचेत करने के लिये अल्ट्रा हाई रेडियो फ्रीक्वेंसी का उपयोग करके एक-दूसरे से संपर्क स्थापित करते हैं।
3. कवच का वर्तमान स्वरूप सुरक्षा और विश्वसनीयता मानक के उच्चतम स्तर का पालन करता है जिसे सेफ्टी इंटीग्रिटी लेवल (SIL)4 कहा जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**35. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रौद्योगिकी के उपयोग पर विचारों के मुक्त आदान-प्रदान के लिये एक मंच प्रदान करने हेतु एक स्वायत्त निकाय, राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी फोरम (NETF) निर्मित किया जाएगा।
2. छात्रों के मूल्यांकन के लिये राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र- 'परख' तैयार किया गया है।
3. यह वंचित क्षेत्रों और समूहों के लिये लिंग समावेशन निधि, विशेष शिक्षा क्षेत्र की स्थापना पर ज़ोर देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**36. 'गुरु तेग बहादुर' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'गुरु ग्रंथ साहिब' के नाम से प्रसिद्ध पवित्र ग्रंथ में गुरु तेग बहादुर द्वारा रचित काव्यात्मक भजन शामिल हैं।
2. सिख परंपरा के अनुसार, सिख धर्म की स्थापना गुरु तेग बहादुर ने की थी और बाद में नौ अन्य गुरुओं ने इसका नेतृत्त्व किया।
3. गुरु तेग बहादुर को मुगल सम्राट औरंगज़ेब के आदेश के तहत दिल्ली में फाँसी दे दी गई।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**37. निम्नलिखित में से किसने हरिजन सेवक संघ की स्थापना की थी?**

A. डॉ. बी.आर.अंबेडकर
B. महात्मा गांधी
C. ज्योतिबा फुले
D. ईश्वर चंद्र विद्यासागर

**38. 'अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नेल्सन मंडेला की जयंती के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जाता है।
2. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से अहिंसा सिद्धांतों के प्रसार के लिये अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस की स्थापना की।
3. यह संकल्प महात्मा गांधी के प्रति सार्वभौमिक सम्मान और उनके दर्शन की स्थायी प्रासंगिकता को भी प्रतिबिंबित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नही

**39. निम्नलिखित राष्ट्रों पर विचार कीजिये:**

1. इराक
2. सीरिया
3. लेबनान
4. जॉर्डन

**उपर्युक्त राष्ट्रों में से कितने वर्ष 1948 में शुरू हुए अरब-इज़रायल युद्ध का हिस्सा थे जब इज़राइल को एक स्वतंत्र राज्य घोषित किया गया था?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. सभी चार

**40. निम्नलिखित में से किस शोध को 2023 में रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार मिला?**

A. क्वांटम डॉट्स का संश्लेषण
B. क्लिक केमिस्ट्री का विकास
C. ऑर्गेनोकैटलिसिस
D. CRISPR/Cas9 जेनेटिक सिज़र (genetic scissors)

**41. निम्नलिखित में से किस गतिविधि ने महामारी के दौरान भारत की सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं के विकास में योगदान दिया?**

A. दूरस्थ कार्य के कारण तकनीकी क्षमता की बढ़ती मांग।
B. विनिर्माण में अधिक निवेश।
C. कॉल सेंटरों का विस्तार।
D. सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं पर निर्भरता में कमी।

नोट :

**42. 'मिश्रित वार्षिक वृद्धि दर ( CAGR )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये':**

1. CAGR एक निश्चित अंतराल के बाद किसी निवेश की वार्षिक सुचारू वृद्धि दर है।
2. CAGR निवेशकों को उनके निवेश के बारे में अधिक सूचित निर्णय लेने में मदद करने के लिये अधिक सटीक विकास दर प्रदान करता है।
3. CAGR की गणना के लिये तीन जानकारी की आवश्यकता होती है, निवेश का प्रारंभिक मूल्य, अंतिम मूल्य और विचाराधीन अवधि की संख्या।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नही

**43. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ( ILO ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1919 में वर्साय की संधि द्वारा राष्ट्र संघ की एक संबद्ध एजेंसी के रूप में की गई थी।
2. यह अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानक का निर्धारण करता है जो सदस्य राज्यों द्वारा अनुमोदित होते हैं और प्रकृति में बाध्यकारी होते हैं।
3. एसोसिएशन की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाज़ी का अधिकार मौलिक सिद्धांतों व अधिकारों की चार श्रेणियों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नही

**44. निम्नलिखित राष्ट्रों पर विचार कीजिये:**

1. फिलिस्तीन
2. इज़रायल
3. सीरिया
4. मिस्र

**उपर्युक्त में से कितने राष्ट्र तूफ़ान अल-अक्सा ऑपरेशन से संबंधित हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**45. भारतीय खेल प्राधिकरण ( SAI ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत वर्ष 1984 में स्थापित एक स्वायत्त निकाय है।
2. SAI शारीरिक शिक्षा और खेल संबंधी कई शैक्षणिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करता है।
3. SAI भारत सरकार की ओर से मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम जैसे प्रमुख स्टेडियमों का रखरखाव और उपयोग कर रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नही

**46. 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक, 2023' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सूचकांक, रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (RSF) द्वारा प्रकाशित किया गया था।
2. इस रिपोर्ट में 180 देशों की सूची में भारत को 161वाँ स्थान मिला है।
3. विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक, 2023 का थीम 'अधिकारों के भविष्य को आकार देना: अन्य सभी मानवाधिकारों के चालक के रूप में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' है।

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नही

**47. 'मानसिक स्वास्थ्य' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की कमी को पूरा करने के लिये लाया गया था।
2. वर्ष 2020 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिये 24/7 टोल-फ्री हेल्पलाइन 'किरण' शुरू की।
3. भारत सरकार द्वारा गरीबी रेखा से नीचे (BPL) की आबादी के बीच मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिये सरकारी अस्पतालों के लिये MANAS (मानसिक स्वास्थ्य और सामान्यता वृद्धि प्रणाली) लॉन्च की गई।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नही

**48. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है जिसका प्रमुख कार्य गरीबी उन्मूलन और दीर्घकालिक आर्थिक एवं मानव विकास लक्ष्य को हासिल करने में विभिन्न देशों की सहायता करना है।
2. यह निवेश, तकनीकी प्रशिक्षण एवं प्रौद्योगिकी विकास पहल का प्रबंधन करता है और पर्यावरण संस्थानों के विकास तथा प्रदूषण कुशल प्रौद्योगिकी के विस्तार में सहायता हेतु पेशेवर प्रदान करता है।
3. UNDP पूर्णतया संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के स्वैच्छिक अनुदान से समर्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**49. निम्नलिखित में से कौन-सा सतत् विकास लक्ष्य (SDG) समुचित कार्य और आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है ?**

A. लक्ष्य 4
B. लक्ष्य 8
C. लक्ष्य 9
D. लक्ष्य 14

**50. 'राज्य विधायिका' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का संविधान राज्य विधायिकाओं के गठन में एकरूपता का प्रावधान करता है।
2. राज्य विधायिका में केवल विधान परिषद और विधान सभा शामिल हैं।
3. विधान परिषद उच्च सदन है जबकि विधान सभा निचला सदन है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**51. भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस ( INC ) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. INC की स्थापना वर्ष 1885 में एक सेवानिवृत्त सिविल सेवक ए.ओ.ह्यूम द्वारा की गई थी।
2. अपनी पुस्तक 'अनहैप्पी इंडिया' में बाल गंगाधर तिलक ने सुझाव दिया कि कांग्रेस का गठन लॉर्ड डफरिन और ए.ओ.ह्यूम द्वारा रची गई साजिश का परिणाम था।
3. कांग्रेस के प्रथम सत्र के अध्यक्ष व्योमेश चन्द्र बनर्जी थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**52. 'लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद्' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लद्दाख में स्वायत्त पहाड़ी परिषदों का गठन, क्षेत्र के लोगों की विशिष्ट पहचान और उनकी आकांक्षाओं के पहचान की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
2. क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों से अप्रत्यक्ष चुनाव से चयनित व्यक्तियों द्वारा भरी जाने वाली परिषद् में सीटों की कुल संख्या।
3. एक कार्यकारी परिषद् जिसमें मुख्य कार्यकारी पार्षद के रूप में अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी पार्षद द्वारा नामित चार सदस्य होंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**53. 'संविधान की छठी अनुसूची' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. पूर्वोत्तर राज्यों असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन की व्यवस्था करना।
2. जनजातीय भूमि और संसाधनों की रक्षा करना तथा ऐसे संसाधनों को गैर-जनजातीय व्यक्तियों या समुदायों को हस्तांतरित करने पर रोक लगाना।
3. यह सुनिश्चित करना कि जनजातीय समुदायों का गैर-जनजातीय आबादी द्वारा शोषण न किया जाए या उन्हें हाशिये पर न रखा जाए तथा उनकी सांस्कृतिक एवं सामाजिक पहचान को संरक्षण और प्रोत्साहन दिया जाए।

**उपरोक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**54. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति ( अत्याचार निवारण ) अधिनियम, 1989 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस अधिनियम अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विरुद्ध होने वाले अपराधों की एक विस्तृत शृंखला शामिल है, जैसे शारीरिक नुकसान पहुँचाना।
2. यह इस अधिनियम के अंतर्गत आने वाले किसी भी अपराध, जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति  नुकसान पहुँचाता हो अथवा उत्पीड़ित करता हो, की स्थिति में उनकी रक्षा करना लोक सेवक का कर्त्तव्य है।
3. इसमें कहा गया है कि इस अधिनियम के तहत किसी भी अपराध की जाँच 30 दिनों के भीतर किया जाना अनिवार्य है और पुलिस उपाधीक्षक (DSP) रैंक से नीचे के अधिकारी द्वारा नहीं की जाएगी।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नही

**55. निम्नलिखित वेदों पर विचार कीजिये:**

1. ऋग्वेद
2. अथर्ववेद
3. सामवेद
4. यजुर्वेद

**उपर्युक्त में से कितने आयुर्वेद के स्रोत हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. सभी चार

**56. 'महिला आरक्षण अधिनियम, 2023' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिये एक तिहाई सीटें आरक्षित करता है।
2. इस अधिनियम में अनुच्छेद 330A को संविधान में सम्मिलित करने का प्रावधान किया गया, जो अनुच्छेद 330 के प्रावधानों से लिया गया है, यह लोकसभा में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिये सीटों के आरक्षण का प्रावधान करता है।
3. इसमें प्रावधान किया गया कि महिलाओं के लिये आरक्षित सीटें राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में विभिन्न संविधानों के अनुसार क्रमिक रूप से आवंटित की जा सकती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नही

**57. कार्बन सीमा समायोजन तंत्र ( CABM ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके तहत, यूरोपीय संघ लोहा, इस्पात, एल्यूमीनियम, सीमेंट, विद्युत और उर्वरक के आयात के लिये कार्बन उत्सर्जन की रिपोर्ट करना अनिवार्य करता है।
2. यूरोपीय संघ को कवर्ड वस्तुओं का निर्यात करने वाले विकासशील देशों की प्रतिस्पर्द्धात्मकता पर CBAM का काफी प्रभाव पड़ सकता है।
3. IPCC ने हाल ही में CBAM एक्सपोज़र इंडेक्स प्रकाशित किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नही

**नोट :**

**58. मुद्रास्फीति सूचकांक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CPI थोक व्यवसायों द्वारा अन्य व्यवसायों को थोक में बेची और व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को मापता है।
2. WPI खुदरा खरीदार के दृष्टिकोण से मूल्य परिवर्तन को मापता है।
3. उत्पादक मूल्य सूचकांक (PPI) वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादकों द्वारा प्राप्त की गई कीमतों को दर्शाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा-से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**59. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से एक, सुरक्षा परिषद की स्थापना वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर द्वारा की गई थी।
2. इसका मुख्यालय जिनेवा में है।
3. इसके पाँच स्थायी सदस्य संयुक्त राज्य अमेरिका, रूसी संघ, फ्राँस, जापान और यूनाइटेड किंगडम हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**60. संरक्षक मंत्री के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 104 में इसका उल्लेख है।
2. प्रत्येक राज्य सरकार के लिये एक संरक्षक मंत्री की नियुक्ति करना अनिवार्य है।
3. संरक्षक मंत्री सीधे राज्य के राज्यपाल को रिपोर्ट करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**61. ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाल ही में विश्व बैंक ने ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट का 17वाँ संस्करण जारी किया गया है।
2. यह चार प्रमुख आयामों के आधार पर लैंगिक समानता की दिशा में देशों की प्रगति का मूल्यांकन करता है।
3. लैंगिक समानता की दिशा में भारत ने काफी प्रगति की है, रिपोर्ट के 2023 संस्करण में भारत 146 देशों में से 135वें (वर्ष 2022 में) से 127वें स्थान पर पहुँच गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

नोट :

**62. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| घटना | | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. नकबा | a. | विनाशकारी घटना; वर्ष 1948 में फ़िलिस्तीन में हुए जातीय हिंसा से संबंधित |
| 2. नकसा | b. | असफलता; फिलिस्तीनी वेस्ट बैंक और गाज़ा पट्टी पर इज़रायली आक्रमण और कब्ज़े से संबंधित |
| 3. इंतिफादा | c. | शेकिंग ऑफ(किसी प्रतिद्वंद्वी को हराना); वेस्ट बैंक और गाज़ा पट्टी में फिलिस्तीनियों के दो लोकप्रिय विद्रोहों में से कोई एक विद्रोह, जिसका उद्देश्य उन क्षेत्रों पर इज़रायल के कब्जे को समाप्त करना और एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य का निर्माण था, से संबंधित। |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**63. जनऔषधि केंद्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये ऐसे केंद्र हैं जहाँ केवल ब्रांडेड दवाएँ ही उपलब्ध कराई जाती हैं।
2. ब्यूरो ऑफ फार्मा पीएसयू इन इंडिया (BPPI) प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJP) के एक हिस्से के रूप में जनऔषधि केंद्रों को सहायता प्रदान करता है।
3. सरकार ने मार्च 2025 के अंत तक प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्रों (PMBJP) की संख्या बढ़ाकर 10,500 करने का लक्ष्य रखा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**64. 'गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (UAPA)', 1967 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस अधिनियम के अनुसार, किसी जाँच अधिकारी को आतंकवाद से जुड़ी संपत्तियों को ज़ब्त करने के लिये पुलिस अधीक्षक अथवा आयुक्त की पूर्व मंजूरी प्राप्त करना आवश्यक है।
2. इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत, आतंकवादी गतिविधियों से संबंधित मामलों की जाँच उपाधीक्षक अथवा सहायक पुलिस आयुक्त या उससे ऊपर के स्तर के अधिकारियों द्वारा की जा सकती है।
3. UAPA में मृत्युदंड और आजीवन कारावास की सज़ा सबसे बड़ी सज़ा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**65. निम्नलिखित समिति/परिषद पर विचार कीजिये:**

1. अंतर्राज्यीय परिषद
2. व्यवसाय सलाहकार समिति
3. राष्ट्रीय एकता परिषद
4. नियम समिति

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने की अध्यक्षता प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**66. प्रधानमंत्री के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रधानमंत्री का कर्त्तव्य है कि वह संघ कार्य के प्रशासन से संबंधित मंत्रिपरिषद के सभी निर्णयों के बारे में राष्ट्रपति को सूचित करे।
2. लॉर्ड मोरेली ने प्रधानमंत्री को 'प्राइमस इंटर पेरेस' (फर्स्ट अमंग ईक्व्ल्स) और 'की स्टोन ऑफ कैबिनेट आर्क' कहा है।
3. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद और कुछ अन्य निकायों का अध्यक्ष होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**67. राज्य विधानमंडल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परिषद् की अधिकतम संख्या विधानसभा की कुल सदस्य संख्या की एक तिहाई तथा न्यूनतम सदस्य संख्या 40 निर्धारित है।
2. 1/3 सदस्य राज्य में स्थानीय निकायों जैसे नगर पालिकाओं, ज़िला बोर्डों आदि के द्वारा चुने जाते हैं।
3. 1/12 सदस्य राज्य में रहने वाले और तीन वर्ष की अवधि के स्नातकों द्वारा चुने जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**68. निम्नलिखित में से कौन सा दर्रा लद्दाख में है?**

A. बारालाचा ला दर्रा
B. माना दर्रा
C. शिपकी ला दर्रा
D. रोहतांग दर्रा

**69. 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस परिषद की अध्यक्षता प्रत्येक महीने इसके 15 सदस्यों के बीच बदलती रहती है।
2. प्रत्येक वर्ष, महासभा दो वर्ष के कार्यकाल के लिये पाँच गैर-स्थायी सदस्यों का चुनाव करती है।
3. 15 सदस्यों में से एक सदस्य द्वारा "नहीं" अर्थात् असहमति जताए जाने के पश्चात् किसी प्रस्ताव को पारित नहीं किया जा सकता।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**नोट :**

**70. आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक कम दूरी की, सतह से हवा में मार करने वाली वायु रक्षा प्रणाली है जिसमें एक रडार और तामीर इंटरसेप्टर मिसाइलें शामिल हैं।
2. यह दिन-रात सहित सभी मौसमों में उपयोग करने योग्य होता है।
3. आयरन डोम में तीन मुख्य प्रणालियाँ हैं जो तैनात किये गए क्षेत्र को सुरक्षा प्रदान करने के लिये मिलकर काम करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**71. 'आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण ( PLFS )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PLFS को राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) द्वारा जारी किया जाता है।
2. यह 'वर्तमान साप्ताहिक स्थिति' में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लिये तीन महीने के अल्प समय अंतराल में प्रमुख रोज़गार एवं बेरोज़गारी संकेतकों का अनुमान व्यक्त करता है।
3. श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) को जनसंख्या में नियोजित व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**72. ग्लोबल वार्मिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कार्बन डाइ-ऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$), जल वाष्प और क्लोरोफ्लोरोकार्बन जैसी वायुमंडलीय गैसों का परिणाम है।
2. नाइट्रोजन ऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड ग्लोबल वार्मिंग का कारण बन रहे हैं जबकि नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$) एक वैश्विक शीतलन गैस है।
3. कार्बन डाइ-ऑक्साइड की ग्लोबल वार्मिंग क्षमता 100 वर्ष की अवधि में सबसे अधिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**73. 'भारत निर्वाचन आयोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना 25 जनवरी, 1950 को संविधान के अनुसार की गई थी जिसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है।
2. यह निकाय भारत में लोकसभा, राज्यसभा तथा राज्य विधानसभाओं और देश में राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के लिये चुनावों का संचालन करता है।
3. भारत के मुख्य एवं अन्य निर्वाचन आयुक्त सर्वोच्च न्यायालय (SC) के न्यायाधीशों के समान वेतन और भत्ते प्राप्त करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**नोट :**

**74. निम्नलिखित राष्ट्रों पर विचार कीजिये:**

1. इज़राइल
2. फिलिस्तीन
3. रूस
4. यूक्रेन

**ओस्लो समझौते में उपर्युक्त में से कितनी पार्टियाँ हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**75. 'प्रवर्तन निदेशालय ( ED )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ED विदेशी मुद्रा और संरक्षण गतिविधियों से संबंधित कानून के उल्लंघन के लिये गैर-कानूनी गतिविधियाँ रोकथाम अधिनियम, 1967 के तहत निवारक निरोध के मामले शुरू कर सकता है।
2. भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (FEOA) ED को भारत को छोड़ने वाले आर्थिक अपराधियों की संपत्तियों को जब्त करने और गिरफ्तारी का वारंट देने का अधिकार देता है।
3. ED को धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA) के प्रावधानों को लागू करने की ज़िम्मेदारी दी गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**76. निम्नलिखित प्रमुख आयामों पर विचार कीजिये:**

1. आर्थिक भागीदारी और अवसर
2. शैक्षणिक उपलब्धि
3. स्वास्थ्य और उत्तरजीविता
4. राजनीतिक सशक्तिकरण

**उपर्युक्त में से कितने ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट इंडेक्स के प्रमुख आयाम हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**77. अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ( IOC ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IOC का उद्देश्य ओलंपिक खेलों के नियमित आयोजन को सुनिश्चित करना और ओलंपिकवाद व ओलंपिक आंदोलन का प्रोत्साहन करना है।
2. यह समिति ओलंपिक खेलों के नियमों, विनियमों को लागू करने के साथ-साथ भविष्य में होने वाले अगले ओलंपिक आयोजन के स्थान और समय को निर्धारित करने के लिये उत्तरदायी है।
3. IOC के प्र`त्येक सदस्य को जर्मन अथवा अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना चाहिये तथा उस देश का नागरिक अथवा निवासी होना जहाँ राष्ट्रीय ओलंपिक समिति मौजूद है

नोट :

**उपार्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**78. एनीमिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें फेफड़ों में ऑक्सीजन वाहक क्षमता शारीरिक जरूरतों को पूरा करने के लिये अपर्याप्त होती है।
2. एनीमिया की उच्च व्यापकता और घटनाओं की चुनौती से निपटने के लिये साप्ताहिक आयरन और फोलिक एसिड अनुपूरण (WIFS) कार्यक्रम लागू किया जा रहा है।
3. एनीमिया मुक्त भारत की 6X6X6 रणनीति का लक्ष्य छह हस्तक्षेपों और छह संस्थागत तंत्रों के कार्यान्वयन के माध्यम से छह लाभार्थी आयु समूहों के बीच एनीमिया को कम करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. इनमें से कोई भी नहीं

**79. ग्लोबल हंगर इंडेक्स (GHI), 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GHI एक वार्षिक रूप से जारी की जाने वाली सहकर्मी-समीक्षा रिपोर्ट है, जिसे कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्थुंगरहिल्फे द्वारा सह-प्रकाशित किया जाता है।
2. GHI स्कोर की गणना 100-अंकीय पैमाने पर की जाती है जिसमे भुखमरी की गंभीरता को दर्शाया जाता है - इसके अंतर्गत 0 सबसे खराब स्कोर है और 100 सबसे अच्छा होता है।
3. GHI स्कोर की गणना चार संकेतकों के एक फॉर्मूले के आधार पर की जाती है, और चाइल्ड स्टंटिंग उन चार संकेतकों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नही

**80. 'भारतीय संविधान की प्रस्तावना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. "लोकतांत्रिक गणराज्य" का अर्थ है कि भारत एक लोकतंत्र है जहाँ लोग चुनाव के माध्यम से अपने प्रतिनिधि को चुनते हैं, और यहाँ कोई राजा या रानी नहीं है।
2. संविधान सभा द्वारा पारित जवाहरलाल नेहरू के उद्देश्य संकल्प ने प्रस्तावना में उल्लिखित समानता, स्वतंत्रता, लोकतंत्र और संप्रभुता के मौलिक सिद्धांतों को स्थापित किया।
3. "धर्मनिरपेक्ष" का अर्थ है कि भारत में सरकार धर्म से अलग है और यह सुनिश्चित करती है कि सभी धर्मों के लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाए।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**81. 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण ( NFHS ) 5' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कुल प्रजनन दर उस स्तर से नीचे गिर गई है जिस पर जनसंख्या के पीढ़ी-दर-पीढ़ी प्रतिस्थापित होने का अनुमान होता है।
2. NFHS-5 में कुछ नए विषय शामिल हुए हैं, जैसे पूर्व-विद्यालयी शिक्षा, दिव्यांगता, शौचालय सुविधा तक पहुँच, मृत्यु पंजीकरण, मासिक धर्म स्वच्छता और गर्भपात के तरीके तथा कारण।
3. NFHS-5 डेटा के अनुसार, वर्ष 2019-2021 में देश में प्रति 1000 पुरुषों की तुलना में 1,020 महिलाएँ थीं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नही

**82. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम ( NFSA ) 2013 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस अधिनियम के तहत लाभार्थी दो श्रेणियों, प्राथमिकता वाले परिवार (PHH) और अंत्योदय अन्न योजना (AAY) वाले परिवार के अंतर्गत आते हैं।
2. इस अधिनियम के तहत गेहूँ की कीमत 2 रुपए प्रति किलो, चावल की कीमत 3 रुपए प्रति किलो और मोटे अनाज की कीमत 1 प्रति किलो है।
3. इस अधिनियम के तहत मध्याह्न भोजन योजना (MDMS) सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) जैसी योजनाएँ शामिल हैं, हालाँकि एकीकृत बाल विकास सेवाएँ (ICDS) इसका हिस्सा नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. इनमें से कोई भी नहीं

**83. उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण ( CES ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह NSSO (राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय) द्वारा किया गया एक सर्वेक्षण है।
2. यह सर्वेक्षण केवल वस्तुओं और सेवाओं की खपत में ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों के खर्च पैटर्न पर डेटा एकत्रित करने के लिये प्रत्येक पाँच वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है।
3. इस सर्वेक्षण से प्राप्त डेटा घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोक्ता व्यय (MPCE) तथा विभिन्न MPCE वर्गों में परिवारों की संरचना का आकलन करने में मदद करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नही

**84. 'ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड ( GLOF )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GLOF एक संभाव्य विनाशकारी बाढ़ की घटना है जो तब होती है जब ग्लेशियर या मोराइन में संचित जल अचानक तेज़ी और आवेग से प्रवाहित हो जाता है।
2. सिक्किम में GLOF की घटना दक्षिण लोनाक झील के टूटने से शुरू हुई थी जो एक हिमनदी झील है।
3. बाढ़ के कारण सिक्किम में तीस्ता नदी पर चुंगथांग हाइड्रो-बांध टूट गया, जिससे समग्र संकट बढ़ गया।

नोट :

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**85. 'सर्वोच्च न्यायालय' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका मूल क्षेत्राधिकार संघीय मामलों तक ही सीमित है।
2. इसका अपीलीय क्षेत्राधिकार केवल संवैधानिक मामलों तक ही सीमित है।
3. यह 'विधि की उचित प्रक्रिया' के अनुसार नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**86. कॉलेजियम प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण की प्रणाली है जो संसद के एक अधिनियम के माध्यम से विकसित हुई है।
2. प्रथम न्यायाधीश मामले (1981) में घोषित किया गया कि न्यायिक नियुक्तियों और तबादलों पर भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के सुझाव की "प्रधानता" को "ठोस कारणों" के चलते अस्वीकार किया जा सकता है।
3. सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम का नेतृत्व भारत के मुख्य न्यायाधीश(CJI) करते हैं और इसमें न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**87. सांकेतिक कटौती प्रस्ताव के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::**

1. इसे मौजूदा कानूनों में संशोधन या निरस्त करने के लिये सुझाव नहीं देना चाहिये।
2. यह केवल एक मांग से संबंधित होना चाहिये।
3. यह भारत की संचित निधि पर लगने वाले व्यय से संबंधित नहीं होना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**88. भक्ति आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 15वीं शताब्दी का यह आंदोलन एक लोकप्रिय आंदोलन था, इसने समाज के सभी वर्गों के साथ समतापूर्वक व्यवहार को बढ़ावा दिया तथा इसमें सगुण और निर्गुण की दो परंपराएँ विकसित हुई।
2. सगुण वैष्णव अथवा शैव परंपराओं से संबंधित भगवान विष्णु या शिव में श्रद्धा रखते थे।
3. रविदास और कबीर निर्गुण परंपरा/धारा के प्रमुख कवि थे।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नही

**89. निम्नलिखित प्रकाशनों पर विचार कीजिये:**

1. जनता
2. बहिष्कृत भारत
3. इंडियन ऑपिनियन
4. नवजीवन और हरिजन

**उपर्युक्त में से कितने डॉ.अंबेडकर द्वारा लिखित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**90. पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (EIA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. EIA अधिसूचना भारत में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत जारी की जाती है।
2. यह अधिसूचना परियोजनाओं को उनके संभावित पर्यावरणीय प्रभावों और केंद्र/राज्य सरकार की मंजूरी के आधार पर श्रेणियों A और B में वर्गीकृत करती है।
3. श्रेणी A परियोजनाओं के लिये पर्यावरणीय अनुमोदन की आवश्यकता होती है और स्क्रीनिंग प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**91. 'पर्यावरण संरक्षण अधिनियम (EPA), 1986' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. EPA का अधिनियमन जून, 1972 में स्टॉकहोम में आयोजित पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन से प्रेरित है।
2. यह अधिनियम स्टॉकहोम सम्मेलन में लिये गए निर्णयों को लागू करता है।
3. EPA अधिनियम को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत अधिनियमित किया गया था जो अंतर्राष्ट्रीय समझौतों को प्रभावी बनाने के लिये कानून बनाने का प्रावधान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नही

**92. विशेष विवाह अधिनियम 1954 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक भारतीय कानून है जो विभिन्न धर्मों थ्व जातियों के लोगों के विवाह के लिये कानूनी ढाँचा प्रदान करता है।
2. यह कानूनी विवाह को विनियमित करता है जिसमे राज्य विवाह और धर्म दोनों को मंजूरी देता है।
3. इस अधिनियम के अनुसार विवाह से पहले पति-पत्नी में से किसी एक को दूसरे का धर्म अपनाना आवश्यक है।

नोट :

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**93. 'राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39A NALSA की स्थापना का प्राथमिक आधार है।
2. यह राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरणों और गैर-लाभकारी संगठनों को कानूनी सहायता प्रणालियों तथा पहलों को निष्पादित करने में मदद करने के लिये धन व अनुदान का वितरण करता है।
3. NALSA का गठन कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया था और भारत का अटॉर्नी जनरल इसका संरक्षक-प्रमुख होता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**94. 'पाक जलसंधि' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पाक जलसंधि भारत के तमिलनाडु राज्य और श्रीलंका के उत्तरी प्रांत के ज़ाफना ज़िले के बीच स्थित है।
2. यह मन्नार की खाड़ी और बंगाल की खाड़ी के बीच स्थित है।
3. पाक जलसंधि की सीमा पंबन द्वीप, एडम ब्रिज, मन्नार की खाड़ी और मन्नार द्वीप (श्रीलंका) से लगती है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**95. नेबरहुड फर्स्ट नीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस नीति के तहत, भारत दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण और सहक्रियात्मक संबंध स्थापित करने का प्रयास करता है।
2. यह नीति पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष समाधान में सहायता करने और विवादों में मध्यस्थता करने, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्त्व को बढ़ावा देने में मदद करती है।
3. भारत सूर्य किरण (नेपाल) और संप्रीति (बांग्लादेश) जैसे सैन्य अभ्यासों के साथ सैन्य सहयोग के माध्यम से क्षेत्रीय सुरक्षा को मज़बूत कर रहा है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**96. उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान में वर्णित है कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI), राज्य के राज्यपाल के परामर्श से की जाएगी।



The Vision

2. कॉलेजियम प्रणाली की स्थापना द्वितीय न्यायाधीश मामले (1993) में की गई थी, जिसमें माना गया था कि "परामर्श" का वास्तविक अर्थ "सहमति" है।
3. एक उच्च न्यायालय (HC) कॉलेजियम का नेतृत्त्व भारत के मुख्य न्यायाधीश और उस न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीशों द्वारा की जाती है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**97. नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना का लक्ष्य संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण प्रदान करना है।
2. यह आरक्षण भारत में परिसीमन प्रक्रिया शुरू होने के बाद ही लागू किया जा सकता है यानी इसे वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले प्रभावी नहीं बनाया जा सकता है।
3. यह आरक्षण राज्यसभा अथवा राज्य विधान परिषदों पर भी लागू होगा।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**98. 'भ्रूण' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. "भ्रूण" शब्द का उपयोग गर्भावस्था के बाद के चरणों के दौरान मनुष्य सहित किसी स्तनपायी जीव की विकसित हो रहे, अजन्मे संतानों को संदर्भित करने के लिये किया जाता है।
2. यह आम तौर पर भ्रूण विकसित होने के चरण के बाद तथा जन्मपूर्व चरण का वर्णन करता है।
3. इसके हाथ और पैर सहित अन्य कई अंग अधिक विकसित हो जाते हैं और हाथ व पैर की उंगलियाँ अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगते हैं।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**99. निम्नलिखित राष्ट्रों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त अरब अमीरात (UAE)
2. इज़रायल
3. जॉर्डन
4. फिलिस्तीन

**उपर्युक्त में से कितने प्रॉस्पेरिटी ग्रीन और ब्लू समझौते का हिस्सा नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

नोट :

**100. कार्बन फुटप्रिंट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कार्बन फुटप्रिंट से आशय ग्रीनहाउस गैसों की कुल मात्रा से है, मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) तथा अन्य कार्बन यौगिक, जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से मानवजनित गतिविधियों द्वारा उत्सर्जित होते हैं।
2. इसे आमतौर पर प्रति वर्ष टन में उत्सर्जित $CO_2$ के रूप में मापा जाता है, हालाँकि इस आँकड़े में $CO_2$-समतुल्य गैसें, जैसे नाइट्रस ऑक्साइड, मीथेन और अन्य ग्रीनहाउस गैसों को भी शामिल किया जा सकता है।
3. कार्बन फुटप्रिंट पारिस्थितिक फुटप्रिंट के समान होता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**101. 'अब्राहम समझौते' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह समझौता इज़रायल और कई अरब राज्यों के बीच वर्ष 2020 में हस्ताक्षरित समझौतों की एक श्रृंखला है, जो मध्य पूर्व में राजनयिक संबंधों में एक ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक है।
2. संयुक्त अरब अमीरात पहला अरब देश था जिसने औपचारिक रूप से अब्राहम समझौते के तहत इज़रायल के साथ संबंधों को सामान्य व संतुलित करने की घोषणा की थी।
3. यह समझौता अरब देशों द्वारा धीरे-धीरे स्वयं को फिलिस्तीन के मुद्दे से अलग करने की प्रक्रिया को दर्शाता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**102. रामनाथस्वामी मंदिर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रामेश्वरम स्थित रामनाथस्वामी मंदिर शैवों, वैष्णवों और स्मार्तों का एक पवित्र तीर्थ स्थल है।
2. रामनाथस्वामी मंदिर का निर्माण द्रविड़ शैली में चूना पत्थर और ग्रेनाइट से किया गया था।
3. लंका से लौटते समय भगवान राम ने इसी स्थान पर भगवान शिव की पूजा की थी।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**103. चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (Compound Annual Growth Rate- CAGR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक माप है, जिसका उपयोग चक्रवृद्धि प्रभाव को ध्यान में रखते हुए एक निर्दिष्ट समय अवधि में किसी निवेश अथवा व्यवसाय की वार्षिक वृद्धि दर निर्धारित करने के लिये किया जाता है।
2. यह विभिन्न क्षेत्रों और डेटा स्रोतों में विकास दर की जाँच करने के लिये विशेष रूप से सहायक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**104. वन्यजीव संरक्षण ( संशोधन ) अधिनियम, 2022 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस अधिनियम के तहत, राज्य सरकारें वनस्पतियों और जीवों तथा उनके आवास की रक्षा के लिये राष्ट्रीय उद्यानों व अभयारण्यों के निकट के क्षेत्रों को संरक्षित रिज़र्व घोषित नहीं कर सकती हैं।
2. केंद्र सरकार प्रतिदर्शों के व्यापार के लिये निर्यात अथवा आयात परमिट प्रदान करने के लिये एक प्रबंधन प्राधिकरण और प्रतिदर्शों के अस्तित्त्व पर व्यापार के प्रभाव पर सलाह देने के लिये एक वैज्ञानिक प्राधिकरण को नामित कर सकता है।
3. केंद्र सरकार द्वारा एक मुख्य वन्यजीव वार्डन नियुक्त किया जाएगा जो नियंत्रित वातावरण में प्रजनन अथवा किसी अनुसूचित प्रतिदर्श को कृत्रिम रूप से प्रजनन करने के आवेदनों पर कार्रवाई करेगा।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**105. वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर अभिसमय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह लुप्तप्राय पादपों और पशुओं को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के खतरों से बचाने के लिये एक बहुपक्षीय संधि है।
2. CITES का मसौदा वर्ष 1963 में IUCN के सदस्यों की एक बैठक में अपनाए गए एक प्रस्ताव के परिणामस्वरूप तैयार किया गया था
3. CITES के परिशिष्ट I में विलुप्त होने की कगार पर पहुँची प्रजातियाँ शामिल हैं।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**106. 'मंडल आयोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मंडल आयोग अथवा दूसरा सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा वर्ग आयोग की स्थापना वर्ष 1979 में भारत के "सामाजिक या शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों की पहचान" के लिये की गई थी।
2. आयोग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार देश की एक तिहाई आबादी OBC थी।
3. आयोग ने तर्क दिया कि सरकारी सेवा में आरक्षण का अनुपात OBC की जनसंख्या के अनुपात से संरेखित होना चाहिये।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**107. जनमत संग्रह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जनमत संग्रह प्रत्यक्ष लोकतंत्र का एक साधन है जिसके माध्यम से लोग किसी विशेष मुद्दे पर सीधे मतदान कर सकते हैं।
2. इसके तहत भारतीय नागरिकों और विदेशियों दोनों को किसी विशिष्ट मुद्दे अथवा प्रश्न पर मतदान करने की अनुमति है, यह आमतौर पर सरकार अथवा अन्य आधिकारिक निकाय द्वारा प्रस्तावित होता है।
3. एक विशिष्ट प्रकार का जनमत संग्रह जो किसी प्रकार की मांग के जवाब में आयोजित किया जाता है, अनिवार्य जनमत संग्रह कहलाता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**108. 'न्यूनतम समर्थन मूल्य ' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करता है।
2. MSP किसी भी फसल के लिये एक "न्यूनतम मूल्य" है जिसे सरकार किसानों के लिये लाभकारी मानती है और इसलिये यह मूल्य "समर्थन" के योग्य होता है।
3. CACP भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से संबद्ध कार्यालय है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**109. स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ ( NDPS ) अधिनियम, 1985 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस अधिनियम के अनुसार, मादक पदार्थों में कोका पत्ती, कैनबिस (भाँग), अफ़ीम और पोस्ता भूसा शामिल हैं।
2. मन:प्रभावी पदार्थ में वर्ष 1971 के मन:प्रभावी पदार्थ अभिसमय के तहत संरक्षित कोई भी प्राकृतिक या सिंथेटिक सामग्री शामिल है।
3. इस अधिनियम के तहत अपराध के आधार पर एक वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के कारावास और जुर्माने का प्रावधान है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**110. 'आर्द्र्भूमि' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आर्द्रभूमि एक भूमि क्षेत्र है जो स्थायी रूप से अथवा मौसमी रूप से जल से भरा होता है, और इसमें एक विशिष्ट पारिस्थितिकी तंत्र की विशेषताएँ होती हैं।
2. वेटलैंड्स इंटरनेशनल साउथ एशिया के अनुमान के अनुसार, पिछले तीन दशकों में भारत में आधी प्राकृतिक आर्द्रभूमियाँ नष्ट हो गई हैं।
3. आर्द्रभूमियाँ प्राकृतिक स्पंज के रूप में कार्य करके बाढ़ नियंत्रण में मदद करती हैं।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**111. 'माइकोराइज़ल कवक' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. माइकोराइज़ा पौधों की जड़ों और कवक के बीच एक सहजीवी संबंध है।
2. प्रकाश संश्लेषण का प्रयोग करके, पौधे शर्करा जैसे कार्बनिक अणु बनाकर उन्हें कवक को देते हैं।
3. अर्बुस्कुलर फॉर्म सबसे दुर्लभ रूप है और यह बहुत कम पौधों की प्रजातियों में पाया जाता है, जिसमें गेहूँ और चावल जैसे महत्त्वपूर्ण कृषि पौधे भी शामिल हैं।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**112. चेनकुरिंजी (ग्लूटा ट्रैवनकोरिका) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चेन्कुरिंजी (ग्लूटा ट्रैवनकोरिका), अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिज़र्व की एक स्थानिक प्रजाति है।
2. यह एनाकार्डियासी परिवार का यह पेड़ कभी आर्यनकावु दर्रे के दक्षिणी हिस्सों की पहाड़ियों में प्रचुर मात्रा में मौजूद था।
3. इसका उपयोग निम्न रक्तचाप और गठिया के इलाज के लिये किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**113. सकल मूल्य वर्द्धित (GVA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उपभोग के मध्यवर्ती मूल्य में कटौती के बाद उत्पादित आउटपुट को सकल मूल्य वर्द्धित के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।
2. GVA की गणना के लिये आधार वर्ष को पहले के वर्ष 2011-2012 से बदल कर वर्ष 2021-2022 कर दिया गया है।
3. GVA और GDP के बीच का मुख्य अंतर यह है कि GVA किसी उत्पाद के विभिन्न पहलुओं को बेहतर बनाने के लिये उसमें जोड़ा गया मूल्य है जबकि GDP देश में उत्पादित उत्पादों की कुल मात्रा है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**114. उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (PLI) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PLI योजना की परिकल्पना घरेलू विनिर्माण क्षमता में वृद्धि करने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता और रोज़गार सृजन के लिये की गई थी।
2. इस योजना में, केवल घरेलू कंपनियों को भारत में विनिर्माण के लिये वित्तीय प्रोत्साहन मिलता है, जो पाँच वर्षों तक उनके राजस्व के प्रतिशत के आधार पर होता है।
3. ड्रोन और ड्रोन घटक विनिर्माण क्षेत्र PLI योजना के अंतर्गत आता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**114. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (Production Linked Incentive- PLI) योजना की परिकल्पना घरेलू विनिर्माण क्षमता में वृद्धि करने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता और रोज़गार सृजन के लिये की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- PLI योजना के तहत, घरेलू और विदेशी दोनों कंपनियों को भारत में विनिर्माण के लिये पाँच वर्षों तक उनके राजस्व के प्रतिशत के आधार पर वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ड्रोन और ड्रोन घटक विनिर्माण क्षेत्र PLI योजना के अंतर्गत आता है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**115. 'अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पुरस्कार प्रतिवर्ष एक ऐसे पुस्तक के लिये दिया जाता है जिसका प्रकाशन यूनाइटेड किंगडम अथवा आयरलैंड में हुआ हो और अंग्रेजी में अनूदित हो।
2. उपन्यास और लघुकथा संग्रह इस पुरस्कार के लिये पात्र नहीं हैं।
3. 'टॉम्ब ऑफ सैंड', अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित होने वाली भारतीय भाषा में लिखी गई पहली पुस्तक है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**116. निम्नलिखित समुद्रों में से कौन-सा गाज़ा पट्टी के निकट है?**

A. भूमध्य सागर
B. काला सागर
C. कैरेबियन सागर
D. बाल्टिक सागर

**117. . महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी (MGNREGA) अधिनियम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के तहत राज्य में कृषि मजदूरों के लिये निर्दिष्ट वैधानिक न्यूनतम मजदूरी के अनुसार भुगतान किया जाना चाहिये।
2. मनरेगा का सबसे प्रमुख हिस्सा इसकी कानूनी रूप से समर्थित गारंटी है जिसके अनुसार किसी भी ग्रामीण वयस्क को उसकी मांग के 15 दिनों के भीतर काम मिल जाएगा।
3. अधिनियम में आरंभ किये जाने वाले कार्यों की सिफारिश करने का अधिकार ग्राम सभाओं को सौंपा गया है और इन कार्यों को कम-से-कम 50% उनके द्वारा ही निष्पादित किया जाता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**118. 'फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (FMCG) सेक्टर' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे पैकेज्ड सामान जिसकी नियमित और कम अंतराल पर उपभोग अथवा बिक्री की जाती है, FMCG कहलाते हैं।
2. FMCG भारतीय अर्थव्यवस्था का चौथा सबसे बड़ा क्षेत्र है।
3. ग्राहक की आवश्यकताओं का पूर्वानुमान करने के लिये FMCG कंपनियों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा और प्रिडिक्टिव एनालिसिस जैसी तकनीकों का तेज़ी से उपयोग किया जा रहा है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**119. निम्नलिखित अधिकारों पर विचार कीजिये:**

1. विवाह का अधिकार
2. चिकित्सक की सहायता
3. सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण
4. स्वास्थ्य एवं चिकित्सा का अधिकार

**उपर्युक्त अधिकारों में से कितने मौलिक अधिकारों का हिस्सा नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**120. निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिये:**

1. त्रिपुरा
2. पंजाब
3. पश्चिम बंगाल
4. उत्तर प्रदेश

**उपर्युक्त में से कितने राज्य हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत शामिल हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**121. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत शक्तियाँ व कार्य सौंपे गए।
2. CPCB के पास एक स्वचालित निगरानी स्टेशन है जहाँ रेस्पिरेबल सस्पेंडेड पार्टिकुलेट मैटर (RSPM), कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), ओज़ोन ($O_3$), सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$), नाइट्रोजन डाइऑक्साइड ($NO_2$) और सस्पेंडेड पार्टिकुलेट मैटर (SPM) की नियमित रूप से निगरानी की जा रही है।
3. इसका अधिदेश भारत के भूजल संसाधनों के वैज्ञानिक एवं सतत् विकास और प्रबंधन प्रौद्योगिकियों का विकास तथा प्रसार, राष्ट्रीय नीतियों की निगरानी और कार्यान्वयन करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**122. 'गगनयान मिशन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल Mk III (GSLV Mk III), जिसे लॉन्च व्हीकल मार्क-III (LVM-3) के रूप में भी जाना जाता है, का उपयोग गगनयान मिशन में लॉन्च व्हीकल के रूप में किया जाएगा।
2. गगनयान मिशन का केंद्रीय क्षेत्र, ऑर्बिटल मॉड्यूल (OM), जो पृथ्वी की परिक्रमा करेगा, में क्रू मॉड्यूल (CM) और सर्विस मॉड्यूल (SM) शामिल होंगे।
3. क्रू मॉड्यूल में क्रू के लिये अंतरिक्ष में पृथ्वी जैसा वातावरण होगा।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**123. भारतीय हिमालय क्षेत्र ( IHR ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय हिमालय क्षेत्र 13 भारतीय राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों तक विस्तृत है।
2. भारतीय हिमालय क्षेत्र समस्त त्रिपुरा तक विस्तृत है।
3. स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक पहाड़ी शहर को प्रति व्यक्ति लगभग 150 लीटर जल आपूर्ति होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**124. महात्मा गांधी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हरिजन सेवक संघ वर्ष 1932 में महात्मा गांधी द्वारा स्थापित एक संगठन है।
2. महात्मा गांधी ने दलित वर्गों के मुद्दों को संबोधित करने के लिये बहिष्कृत भारत समाचार पत्र शुरू किया।
3. मार्च 1927 में महात्मा गांधी ने महाड़ सत्याग्रह का नेतृत्व किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**125. संविधान के निम्नलिखित भाग पर विचार कीजिये:**

1. मौलिक अधिकार
2. राज्य के नीति निदेशक तत्त्व
3. नागरिकता
4. मौलिक कर्त्तव्य

**उपर्युक्त में से कितने सामाजिक न्याय द्वारा गारंटीकृत हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**126. 'भारतीय हिमालयी जलवायु अनुकूलन कार्यक्रम ( IHCAP )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस परियोजना का उद्देश्य ग्लेशियोलॉजी पर विशेष ध्यान देने के साथ जलवायु विज्ञान में भारतीय संस्थानों की क्षमताओं को मज़बूत करना है।
2. यह कार्यक्रम जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPCC) के एक मिशन, हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिये भारत के राष्ट्रीय मिशन (NMSHE) का समर्थन करता है।
3. इंडो-स्विस संयुक्त कार्य समूह द्वारा निर्देशित स्विस और भारतीय वैज्ञानिकों का संघ, हिमाचल प्रदेश में राज्य स्तर पर अनुकूलन योजना तथा कार्यान्वयन के क्षेत्र में हितधारकों का ज्ञान और क्षमता बढ़ाने में मदद करेगा।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**127.. 'राजनयिक संबंधों पर वियना अभिसमय' ( Vienna Convention on Diplomatic Relation- VCDR ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस अभिसमय को वर्ष 1961 में राजनयिक संबंधों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन द्वारा स्वीकृत किया गया था।
2. यह वर्ष 1964 में लागू हुआ तथा यह एकमात्र सार्वभौमिक रूप से अनुसमर्थित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है।
3. यह विशेष नियम- विशेषाधिकार और प्रतिरक्षा निर्धारित करता है, जो राजनयिक मिशनों को स्थानीय कानून प्रवर्तनों के माध्यम से ज़बरदस्ती या उत्पीड़न के भय के बिना कार्य करने में सक्षम बनाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**128. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ( International Court of justice-ICJ ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ICJ की स्थापना वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र के चार्टर द्वारा की गई थी तथा वर्ष 1946 से इसने कार्य करना शुरू कर दिया था।
2. यह राज्यों के बीच कानूनी विवादों को सुलझाता है और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार बाध्यकारी निर्णय देता है।
3. इस न्यायालय में 15 न्यायाधीश होते हैं जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा और सुरक्षा परिषद द्वारा नौ वर्ष की पदावधि के लिये चुना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**129."गर्भ का चिकित्सीय समापन ( संशोधन )अधिनियम 2021" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गर्भधारण के 20 सप्ताह बाद तक के गर्भपात के लिये एक डॉक्टर की चिकित्सीय सलाह की आवश्यकता होगी।
2. गर्भधारण के 24 सप्ताह बाद तक की गर्भवती महिलायें जो दिव्यांग या नाबालिग हैं, के लिये गर्भपात कानूनी है।
3. मेडिकल बोर्ड द्वारा निदान की गई महत्त्वपूर्ण भ्रूण असामान्यताओं के मामलों में गर्भधारण की ऊपरी सीमा लागू होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**130. निम्नलिखित में से कौन लोकपाल के अध्यक्ष और सदस्यों के लिये चयन समिति का सदस्य नहीं है ?**

A. लोकसभा में विपक्ष के नेता

B. भारत के मुख्य न्यायाधीश

C. प्रधानमंत्री

D. राज्य सभा के सभापति

नोट :

**131. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I: निर्वाचन आयोग का निष्पक्ष और स्वतंत्र संचालन संविधान के अनुच्छेद 324 में उल्लिखित नियमों द्वारा संरक्षित है।

कथन-II: मुख्य निर्वाचन आयुक्त को कार्यकाल सुरक्षा प्रदान की जाती है। उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान प्रक्रिया और उन्हीं शर्तों के तहत ही पद से हटाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**132. निर्वाचन प्रक्रिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इकसठवें संशोधन अधिनियम, 1989 ने केवल लोकसभा के लिये मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी।
2. ऐसा देश के गैर-प्रतिनिधित्व वाले युवाओं को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करने के लिये किया गया था।
3. राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के अपराध में दोषसिद्धि की तिथि से व्यक्ति 6 वर्ष के लिये संसद और राज्य विधानमंडल का चुनाव लड़ने के लिये अयोग्य हो जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नही

**133. 'मतदान व्यवहार के अध्ययन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सेफोलॉजी राजनीति विज्ञान की एक शाखा है, जो मतदान व्यवहार के वैज्ञानिक अध्ययन से संबंधित है।
2. यह राजनीतिक समाजीकरण की प्रक्रिया को समझने में मदद करती है।
3. यह औपचारिक सरकार से व्यक्तिगत रूप से नागरिकों का सीधा संबंध दर्शाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**134 'मौद्रिक नीति समिति ( MPC )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मौद्रिक नीति निर्माण में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाने की पहल के रूप में MPC का गठन भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत किया गया था।
2. मौद्रिक नीति समिति मुद्रास्फीति को विशेष लक्ष्य स्तर के भीतर नियंत्रित करने के लिये बेंचमार्क नीति ब्याज दर (रेपो दर) तय करती है।
3. वित्तीय बाज़ार परिचालन विभाग (FMOD) ने नीति तैयार करने में MPC की सहायता की।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**135. 'चंद्रयान-3' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चंद्रयान-3 का उद्देश्य चंद्रमा पर संभावित जल-बर्फ और संसाधनों के लिये उसके उत्तरी ध्रुव के पास "स्थायी रूप से छाया वाले क्षेत्रों" की जाँच करना है।
2. विक्रम की लैंडिंग चंद्रमा के निकट वाले हिस्से पर हुई, जबकि चीन के चांग'ई 4 की चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से पर।
3. चंद्रयान-3 के चंद्रमा की सतह पर कम से कम एक चंद्र दिवस (पृथ्वी के 14 दिन) तक संचालित होने की उम्मीद है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**136. गगनयान मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्विस मॉड्यूल में प्रणोदन प्रणाली, थर्मल सिस्टम, पावर सिस्टम, एवियोनिक्स सिस्टम और तैनाती तंत्र शामिल हैं।
2. क्रू मॉड्यूल में क्रू के लिये अंतरिक्ष में पृथ्वी जैसा वातावरण होगा।
3. निरस्त मिशन के हिस्से के रूप में, क्रू एस्केप सिस्टम और क्रू मॉड्यूल को लगभग 17 किमी. की ऊँचाई पर परीक्षण वाहन से अलग किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**137. भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नीति अंतरिक्ष सुधारों में बहुत आवश्यक स्पष्टता के साथ आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करेगी और देश के लिये अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के अवसर को आगे बढ़ाने हेतु निजी उद्योग की भागीदारी को बढ़ाएगी।
2. ISRO अपनी ऊर्जा को नई प्रौद्योगिकियों, नई प्रणालियों और अनुसंधान एवं विकास पर केंद्रित करेगा।
3. ISRO के मिशनों का परिचालन हिस्सा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड में स्थानांतरित किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**138. 'वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वच्छ भारत अभियान के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार द्वारा वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) लॉन्च किया गया।
2. AQI विभिन्न प्रदूषकों के जटिल वायु गुणवत्ता डेटा को एक एकल संख्या (सूचकांक मान), नामपद्धति और रंग में बदल देता है।
3. 301-400 की वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) रेटिंग खराब वायु गुणवत्ता का संकेत देती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**139. प्रतिचक्रवाती परिसंचरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रतिचक्रवाती वायु उत्तरी गोलार्द्ध में उच्च दबाव के केंद्र के आसपास वामावर्त दिशा में प्रवाहित होती है।
2. प्रतिचक्रवातों में वायु ऊपर से नीचे की ओर आती है।
3. सामान्य तौर पर, उच्च दबाव प्रणाली वाले क्षेत्रों में आमतौर पर स्थिर और स्पष्ट मौसम की स्थिति का अनुभव होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. इनमें से कोई भी नहीं

**140. पूर्वी तट आर्थिक गलियारा ( East Coast Economic Corridor- ECEC ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ECEC पूर्वी तट के साथ भारत का पहला तटीय आर्थिक गलियारा है।
2. इसका विस्तार उत्तर में कोलकाता (पश्चिम बंगाल) से लेकर दक्षिण में कन्याकुमारी (तमिलनाडु) तक है।
3. न्यू डेवलपमेंट बैंक ने इस गलियारे के निर्माण के लिये ऋण स्वीकृत किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**141. 'लोक लेखा समिति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस समिति की स्थापना सर्वप्रथम वर्ष 1921 में भारत सरकार अधिनियम, 1919 के प्रावधानों के तहत की गई थी।
2. वर्तमान समय में इस समिति में लोकसभा के 22 सदस्य हैं और राज्यसभा के कोई सदस्य नहीं है।
3. सदस्यों का चुनाव संसद द्वारा अपने सदस्यों के मध्य एकल हस्तांतरणीय वोट के माध्यम से आनुपातिक प्रतिनिधित्व के सिद्धांत के अनुसार किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**142. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता भारतीय दंड संहिता, 1860 को प्रतिस्थापित करती है।
2. यह देश के किसी भी हिस्से से जीरो FIR दर्ज करने की अनुमति देता है।
3. इस अधिनियम में गिरफ्तार व्यक्ति के परिवार को उसकी गिरफ्तारी के विषय में आधिकारिक तौर पर ऑनलाइन या व्यक्तिगत रूप से सूचित करने का प्रावधान नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**143. आर्कटिक सागर की बर्फ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. आर्कटिक समुद्री बर्फ का तात्पर्य जमे हुए समुद्री जल से है जिससे शीतकाल के दौरान आर्कटिक महासागर और आसपास के समुद्र आच्छादित हो जाते हैं।
2. यह पृथ्वी पर स्थलीय-भाग के ⅙ हिस्से को कवर करता है।
3. बर्फ का आवरण कम होने से पृथ्वी की सतह की परावर्तनशीलता कम हो जाती है, जिससे सौर विकिरण का अवशोषण अधिक हो जाता है और सतह गर्म हो जाती है तथा आर्कटिक समुद्री बर्फ पिघलने लगती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**144. 'ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस (GBA)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GBA जैव ईंधन के व्यापक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिये सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और उद्योग को शामिल करते हुए एक गठबंधन बनाने के लक्ष्य के साथ भारत द्वारा शुरू की गई एक पहल है।
2. यह भारत के मौजूदा जैव ईंधन कार्यक्रमों जैसे PM-JIVANYojna, किफायती परिवहन के लिये सतत् वैकल्पिक (SATAT) योजना और GOBARdhan योजना में तेज़ी लाने में मदद करेगा।
3. गठबंधन को नौ संस्थापक सदस्य राष्ट्रों के साथ लॉन्च किया गया था: भारत, अमेरिका, ब्राज़ील, अर्जेंटीना, बांग्लादेश, इटली, मॉरीशस, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**145. प्रवर्तन निदेशालय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन कार्य करता है।
2. केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) अधिनियम, 2003 में संशोधन करके सरकार को प्रमुखों को दो वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद एक वर्ष तक अपने पद पर बनाए रखने की शक्ति प्रदान की गई है।
3. विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम, 1974 (COFEPOSA) निदेशालय को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA), 1999 के उल्लंघन के संबंध में निवारक हिरासत के मामलों को प्रायोजित करने का अधिकार देता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**146. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I: संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHCR) ने गाजा, वेस्ट बैंक और फिलिस्तीन में मानवाधिकार उल्लंघन की जाँच के लिये एक स्थायी आयोग की स्थापना की।

कथन-II: UNHRC संयुक्त राष्ट्र (UN) प्रणाली के भीतर एक अंतर-सरकारी निकाय है जो दुनिया भर में मानवाधिकारों के प्रचार और संरक्षण को मज़बूत करने के लिये ज़िम्मेदार है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**147. न्यूनतम निर्यात मूल्य ( MEP ) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MEP वह कीमत है जिससे कम दर पर किसी निर्यातक को भारत से वस्तु निर्यात करने की अनुमति नहीं है।
2. देश में बढ़ती घरेलू खुदरा/थोक कीमत अथवा उत्पादन में व्यवधान को देखते हुए MEP लगाया जाता है।
3. विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992, MEP के लिये कानूनी समर्थन प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**148. 'निर्वाचन आयोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान ने सेवानिवृत्त निर्वाचन आयुक्तों को सरकार द्वारा की जाने वाली आगे की किसी भी नियुक्ति से वंचित कर दिया है।
2. संविधान में निर्वाचन आयोग के सदस्यों का कार्यकाल निर्दिष्ट किया गया है।
3. संविधान में निर्वाचन आयोग के सदस्यों की योग्यता निर्धारित नहीं की गयी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**149. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में विदेशी मुद्रा लेनदेन के प्रशासन के लिये कानूनी ढाँचा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 द्वारा प्रदान किया गया है।
2. FEMA के तहत, विदेशी मुद्रा से जुड़े सभी प्रकार के लेनदेन को केवल पूंजी खाता लेनदेन के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
3. FEMA, 1999 की धारा 2(v) के अनुसार, 'भारत में निवासी व्यक्ति' को ऐसे व्यक्ति के रूप में वर्णित किया गया है जो पिछले वित्तीय वर्ष के भीतर 182 दिनों से अधिक की अवधि के लिये भारत में रहा हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**150. 'एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन ( E2EE )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन एक संचार प्रक्रिया है जो दो उपकरणों के बीच साझा किये जा रहे डेटा को एन्क्रिप्ट करती है।
2. यह क्लाउड सेवा प्रदाताओं, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (ISPs) और साइबर अपराधियों जैसे तीसरे पक्षों को डेटा तक पहुँचने से रोकता है, विशेषत: जब डेटा स्थानांतरित किया जा रहा हो।
3. एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन की प्रक्रिया एक एल्गोरिद्म का उपयोग करती है जो मानक पाठ **( स्टैण्डर्ड टेक्स्ट ) को अपठनीय प्रारूप में परिवर्तित कर देती है।**

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**151.. खुला बाज़ार परिचालन (OMO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. खुला बाज़ार परिचालन (OMO) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा संचालित बाज़ार परिचालन है।
2. यह बाज़ार में/से सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री/खरीद के माध्यम से संचालित किया जाता है।
3. इसका उद्देश्य बाज़ार में रुपए की तरलता की स्थिति को स्थाई आधार पर समायोजित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**152. निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक यौगिक बासमती चावल की सुगंध और स्वाद के लिये ज़िम्मेदार है?**

A. 2-एसिटाइल-1-पायरोलिन

B. हाइड्रोजन सल्फाइड ($H_2S$)

C. थियोफीन ($C_4H_4S$)

D. एथिल मर्कैप्टन ($CH_3CH_2SH$)

**153. निम्नलिखित खेलों पर विचार कीजिये:**

1. ई-स्पोर्ट्स
2. ब्रेक डांसिंग
3. पैराग्लाइडिंग
4. स्केटबोर्डिंग

**उपर्युक्त में से कितने खेलों ने वर्ष 2023 में एशियाई खेलों के पदक खेलों में अपनी शुरुआत की है?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**154. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I: मौद्रिक नीति के प्रत्यक्ष उपकरण नकद कोष अनुपात, वैधानिक तरलता अनुपात, पुनर्वित्त सुविधाएँ हैं।

कथन-II: केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति के अंतर्गत वे विभिन्न गतिविधियाँ शामिल हैं जो किसी अर्थव्यवस्था में धन और ऋण की मात्रा को प्रभावित करती हैं। मौद्रिक नीति का मुख्य उद्देश्य धन की आपूर्ति और मांग को संतुलित करना है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**155. 'उच्च न्यायालय' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी उच्च न्यायालय के किसी वकील को दस वर्ष तक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया जा सकता है।
2. संविधान द्वारा किसी व्यक्ति की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिये न्यूनतम आयु निर्धारित की गई है।
3. संविधान द्वारा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश का कार्यकाल निर्धारित नहीं किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**156. 'गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिनियम के अनुसार गैरकानूनी गतिविधि का तात्पर्य किसी व्यक्ति या संघ द्वारा भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को बाधित करने के इरादे से की गई किसी भी कार्रवाई से है।
2. यह अधिनियम राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) के महानिदेशक को आतंकवाद से संबंधित संपत्ति की जब्ती की स्वीकृति देने का अधिकार देता है।
3. आतंकवादी के रूप में नामित किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत/वित्तीय जानकारी पश्चिमी या किसी अन्य विदेशी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा नहीं की जा सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**157. 'इम्प्रोवाइज़्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसेज़ (IED)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IED में विभिन्न प्रकार के घटक शामिल होते हैं जिनमें एक आरंभकर्ता, स्विच,मेन चार्ज, पावर स्रोत और एक कंटेनर शामिल होता है।
2. उर्वरक, बारूद और हाइड्रोजन पेरॉक्साइड जैसी कई सामान्य रूप से उपलब्ध सामग्रियों का उपयोग IED में विस्फोटक सामग्री के रूप में किया जा सकता है।
3. विस्फोटकों में ईंधन और एक ऑक्सीडाइज़र होना चाहिये, जो प्रतिक्रिया को बनाए रखने के लिये आवश्यक ऑक्सीजन प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**158 राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NIA भारत की केंद्रीय आतंकवाद-रोधी कानून प्रवर्तन एजेंसी है जो भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता को प्रभावित करने वाले सभी अपराधों की जाँच करने के लिये अधिकृत है।
2. जिस कानून के तहत एजेंसी संचालित होती है वह पूरे भारत में लागू होता है और देश के बाहर भारतीय नागरिकों पर भी लागू होता है।
3. NIA, राष्ट्रीय जाँच एजेंसी अधिनियम की अनुसूची में सूचीबद्ध अपराधों की जाँच कर सकती है जिसमें अपहरण-रोधी अधिनियम भी शामिल है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**159. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य पुलिकली लोक कला से संबंधित है?**

A. केरल

B. तमिलनाडु

C. कर्नाटक

D. आंध्र प्रदेश

**160. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I: OTT अथवा ओवर-द-टॉप प्लेटफॉर्म, ऑडियो और वीडियो होस्टिंग एवं स्ट्रीमिंग सेवाएँ प्रदान करते हैं, जो कंटेंट होस्टिंग प्लेटफॉर्म के रूप में शुरू हुए, किंतु जल्द ही इन्होंने स्वयं की लघु फिल्मों, फीचर फिल्मों, वृत्तचित्रों (डोक्युमेंट्री) तथा वेब-सीरीज़ का निर्माण एवं प्रसारण करना शुरू कर दिया।

कथन-II: ये प्लेटफॉर्म विभिन्न प्रकार का कंटेंट प्रदान करते हैं और उपयोगकर्ताओं को उनके पिछले ब्राउज़िंग पैटर्न के आधार पर नए कंटेंट का सुझाव देने के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**161. एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC), प्रारंभ में एशिया-प्रशांत की बढ़ती परस्पर निर्भरता का लाभ उठाने के लिये वर्ष 1989 में आर्थिक नेतृत्वकर्त्ताओं की एक अनौपचारिक वार्ता के रूप में शुरू हुआ था।
2. यूरोपीय संघ (EU) और अब विघटित हो चुके उत्तरी अमेरिकी मुक्त व्यापार क्षेत्र (NAFTA) जैसे क्षेत्रीय आर्थिक गुटों के प्रसार ने इसके गठन को प्रोत्साहित किया।
3. APEC परियोजनाएँ ग्रामीण समुदायों के लिये डिजिटल कौशल प्रशिक्षण प्रदान करती हैं और स्थानीय महिलाओं को अपने उत्पादों को विदेशों में निर्यात करने में सहायता करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

## व्याख्या

**1. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**तपेदिक ( TB ):**

- तपेदिक माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के कारण होने वाला एक संक्रमण है।
- मल्टीड्रग-प्रतिरोधी तपेदिक (MDR-TB) बैक्टीरिया के कारण होने वाले टीबी रोग का एक रूप है जो सबसे शक्तिशाली फर्स्ट-लाइन एंटी-टीबी दवाएँ- आइसोनियाज़िड और रिफैम्पिसिन पर प्रतिक्रिया नहीं करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- MDR-TB का उपचार बेडाक्विलिन जैसी सेकंड-लाइन दवाओं के उपयोग से संभव है। **अत:कथन 2 सही है।**
- WHO ने "फाइंड.ट्रीट.ऑल #EndTB" ग्लोबल फंड और स्टॉप टीबी पार्टनरशिप के साथ एक संयुक्त पहल शुरू की है। ।
- निक्षय पोषण योजना प्रत्येक तपेदिक (टीबी) रोगी को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) के माध्यम से पोषण संबंधी जरूरतों के लिये 500 रुपए प्रति माह सहायता देने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। **अत: कथन 3 सही है।**

**2. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सशस्त्र बल ( विशेष शक्तियाँ ) अधिनियम ( AFSPA ), 1958:**

- यह "अशांत क्षेत्र" के रूप में नामित क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को व्यापक प्राधिकार प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिये बनाए गए ब्रिटिश-काल के कानून का पुनर्गठन, AFSPA वर्ष 1947 में चार अध्यादेशों के माध्यम से जारी किया गया था।
- अध्यादेशों को वर्ष 1948 में एक अधिनियम द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था और पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रभावी वर्तमान कानून को तत्कालीन गृह मंत्री जी.बी. पंत द्वारा वर्ष 1958 में संसद में पेश किया गया था।
- इस अधिनियम को वर्ष 1972 में संशोधित किया गया था और किसी क्षेत्र को "अशांत" घोषित करने की शक्तियाँ राज्यों के साथ-साथ केंद्र सरकार को भी प्रदान की गई थीं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह कानून गैर-कमीशन अधिकारियों के साथ-साथ सुरक्षाकर्मियों को "सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने" के लिये आवश्यकता पड़ने पर बल प्रयोग करने का अधिकार प्रदान करता है।
- यह सैनिकों को बिना वारंट के परिसर में प्रवेश करने, तलाशी लेने और गिरफ्तारी करने की कार्यकारी शक्तियाँ भी देता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**3. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सांख्यिकीय प्रदर्शन संकेतक( Statistical Performance Indicators- SPI ):**

- विश्व बैंक 174 देशों में राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणालियों के प्रदर्शन का आकलन करने के लिये सांख्यिकीय प्रदर्शन संकेतक (SPI) संकलित करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- SPI प्रदर्शन के पाँच आयामों के मूल्यांकन पर आधारित है, जिन्हें सामान्यत: राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली के पाँच स्तंभों के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- बाल मृत्यु दर, ऋण रिपोर्टिंग, पेयजल और श्रम बल भागीदारी के अनुमानों की तुलनीयता के आकलन में भारत का प्रदर्शन अच्छा है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**4. उत्तर : D**

**व्याख्या:**

- सांख्यिकीय प्रदर्शन संकेतक (SPI) प्रदर्शन के पाँच आयामों के मूल्यांकन पर आधारित है, जिन्हें आमतौर पर राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली के पाँच स्तंभों के रूप में जाना जाता है।
- SPI के पांच स्तंभ हैं:
  - डेटा उपयोग
  - डेटा सेवा
  - डेटा उत्पाद
  - डेटा स्रोत
  - डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर **अतः विकल्प D सही है।**

**5. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) आपातकालीन उपायों का एक समूह है जो दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु की गुणवत्ता का एक निश्चित सीमा तक पहुँचने तथा और उसमें गिरावट को कम करने के लिये लागू किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- एम. सी. मेहता बनाम भारतीय संघ (2016) मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद इसे मंजूरी मिली और वर्ष 2017 में आधिकारिक तौर पर अधिसूचित किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- उच्चतम न्यायालय ने राज्यों को GRAP उपायों को लागू करने का आदेश देने हेतु पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण (EPCA) की नियुक्ति की।
- EPCA को वर्ष 2020 में भंग करके वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) से प्रतिस्थापित कर दिया गया।
- GRAP में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता की गिरावट को कम करने और PM10 और PM2.5 का स्तर राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) की 'मध्यम' श्रेणी से अधिक न बढ़ना सुनिश्चित करने के लिये विभिन्न कार्रवाई शामिल है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**6. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत सरकार के अधीन कृषि और सहकारिता विभाग (Department of Agriculture and Cooperation), कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) द्वारा की गई सिफारिशों के अनुसार, संबंधित बुवाई के मौसम से पहले कृषि फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) घोषित करता है। **अतः विकल्प B सही है।**

**7. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- टीके/वैक्सीन शरीर को बाह्य आक्रमकों (जैसे बैक्टीरिया, वायरस या अन्य रोगजनकों) से लड़ने अर्थात् उनके प्रति अनुक्रिया के लिये तैयार करके संक्रमण को रोकने में मदद करते हैं।
- mRNA टीके हमारी कोशिकाओं को प्रोटीन या प्रोटीन बनाने का तरीका सिखाने के लिए एमआरएनए का उपयोग करते हैं जो हमारे शरीर के अंदर प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को ट्रिगर करता है। **अतः, कथन 1 सही है।**
- फाइज़र-बायोएनटेक (Pfizer-BioNTech) और मॉडर्ना (Moderna) कोविड-19 टीके mRNA टीके हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- mRNA की खुराक देने पर चूहों में कोविड-19 स्पाइक प्रोटीन के प्रति "सुदृढ़ प्रतिरक्षा अनुक्रिया" देखी गई है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

8. उत्तर: A

व्याख्या:

- G20 के सुप्रीम ऑडिट इंस्टीट्यूशंस (SAI20) एंगेजमेंट ग्रुप के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में "ब्लू इकोनॉमी" और "रिस्पॉन्सिबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" शामिल हैं जो नए युग के अवसरों और चिंताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- SAI भारत में इंटरनेशनल सेंटर फॉर एनवायरमेंट ऑडिट एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट (iCED) के अंतर्गत ब्लू इकोनॉमी पर केंद्रित उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की गई है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- SAI आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में ज्ञान साझा करने और क्षमता निर्माण के लिये घनिष्ठ सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**

9. उत्तर: ( B )

व्याख्या:

- भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) जनता के धन का संरक्षक है और केंद्र एवं राज्य दोनों स्तरों पर देश की संपूर्ण वित्तीय प्रणाली को नियंत्रित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वह भारत में सरकार की लोकतांत्रिक प्रणाली के रक्षकों में से एक हैं, अन्य संरक्षकों में सर्वोच्च न्यायालय, भारत निर्वाचन आयोग और संघ लोक सेवा आयोग शामिल हैं।
- वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत अपने पद पर नहीं रहता है, हालाँकि उसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- CAG की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा उनके हस्ताक्षर और मुहर के तहत एक अधिपत्र द्वारा की जाती है।
- वह राष्ट्रपति को त्याग पत्र सौंप कर किसी भी समय अपने पद से इस्तीफा दे सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

10. उत्तर: C

व्याख्या:

- DNA एक डबल-हेलिक्स पॉलिमर है- की खोज जेम्स वॉटसन और फ्राँसिस क्रिक ने वर्ष 1953 में की। **अतः कथन 1 सही है।**
- DNA अणु के स्ट्रैंड मोनोमर न्यूक्लियोटाइड की एक लंबी श्रृंखला से बने होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- DNA का अधिकांश भाग कोशिका केन्द्रक में पाया जाता है इसलिये इसे परमाणु DNA कहा जाता है।
- यह एक डबल हेलिक्स संरचना में व्यवस्थित होता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- यह जीवित प्राणियों की आनुवंशिक विशेषताओं को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक स्थानांतरित करने के लिये आवश्यक है।

11. उत्तर: D

व्याख्या:

- प्राकृतिक प्रतिरक्षा प्रणाली में त्वचा और श्लेष्म झिल्ली जैसी भौतिक अवरोधक, फेगोसाइट्स (श्वेत रक्त कोशिकाएँ जो रोगजनकों का भक्षण और पाचन करती हैं), प्राकृतिक मारक कोशिकाएँ (जो संक्रमित और कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करती हैं), और साइटोकिन्स जैसे विभिन्न प्रोटीन शामिल हैं जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को विनियमित करने में मदद करती हैं।
- संक्रमणों के प्रति इसकी तीव्र प्रतिक्रिया और किसी विशिष्ट रोगज़नक़ के पूर्व-संपर्क में आने की अनावश्यकता प्राकृतिक प्रतिरक्षा प्रणाली की विशेषता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अनुकूली प्रतिरक्षा प्रणाली प्रतिरक्षा प्रणाली का एक अत्यधिक विशिष्ट हिस्सा है जो रोगजनकों के खिलाफ विशिष्ट और लक्षित सुरक्षा प्रदान करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- B कोशिकाएँ श्वेत रक्त कोशिकाएँ हैं जो एंटीबॉडी का उत्पादन करती हैं जो रोगजनकों के विशिष्ट एंटीजन से जुड़ सकती हैं, उन्हें निष्क्रिय कर सकती हैं अथवा अन्य प्रतिरक्षा कोशिकाओं द्वारा उनके उन्मूलन के लिये उन्हें चिह्नित कर सकती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**12. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- न्यायमूर्ति बी.एन. श्रीकृष्ण समिति, 2017 की रिपोर्ट, जिसे आमतौर पर "व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक" के रूप में जाना जाता है, भारत में डेटा सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान करने के लिये डिज़ाइन किया गया एक व्यापक ढाँचा है। **अतः विकल्प A सही है।**

**13. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रवर्तन निदेशालय (ED) एक बहु-विषयक संगठन है जिसके पास धन शोधन संबंधी अपराधों और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन की जाँच का अधिकार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत सरकार की एक प्रमुख वित्तीय जाँच एजेंसी के रूप में, प्रवर्तन निदेशालय भारत के संविधान और कानूनों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करता है।
- इस निदेशालय के नियंत्रण का कार्यभार आर्थिक कार्य के प्रशासनिक विभाग से राजस्व विभाग को स्थानांतरित कर दिया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका मुख्यालय दिल्ली में है और इसका नेतृत्व कानूनी सेवा अधिकारी द्वारा प्रवर्तन निदेशक के रूप किया जाता है।
- विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (Foreign Exchange Management Act- FEMA) प्रवर्तन निदेशालय को विदेशी मुद्रा कानूनों और विनियमों के संदिग्ध उल्लंघनों की जाँच का अधिकार प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**14. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च न्यायालय के पास अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम), 1989 के तहत कार्यवाही को रद्द करने की अंतर्निहित शक्ति है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संविधान का अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालय को विवेकाधीन शक्ति प्रदान करता है क्योंकि इसमें कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते हुए ऐसी डिक्री/न्यायिक निर्णय पारित कर सकता है अथवा पूर्ण न्याय करने के लिये आवश्यक आदेश दे सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन बनाम भारत संघ, 1998 वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अनुच्छेद 142 का उपयोग मौज़ूदा कानून को प्रतिस्थापित करने के लिये नहीं किया जा सकता है, बल्कि केवल कानून के पूरक के रूप में किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**15. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1975 के 38वें संशोधन अधिनियम ने वित्तीय आपातकाल की घोषणा करने में राष्ट्रपति के फैसले को अंतिम और निर्णायक बना दिया जिसे किसी भी आधार पर किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। लेकिन, इस प्रावधान को वर्ष 1978 के 44वें संशोधन अधिनियम द्वारा हटा दिया गया, जिसका अर्थ है कि राष्ट्रपति का निर्णय न्यायिक समीक्षा से मुक्त नहीं है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वित्तीय आपातकाल की घोषणा करने वाली उद्घोषणा को इसके जारी होने की तारीख से दो महीने के अंदर संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**
- हालाँकि, यदि वित्तीय आपातकाल की उद्घोषणा ऐसे समय में जारी की जाती है जब लोक सभा भंग हो जाती है या लोक सभा का विघटन उद्घोषणा को अनुमोदित किये बिना दो मास की अवधि के दौरान होता है, तो उद्घोषणा अपने पुनर्गठन के बाद लोक सभा की पहली बैठक से 30 दिन तक वैध रहती है, बशर्ते राज्य सभा ने इस बीच इसे अनुमोदित कर दिया हो।
- एक बार संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित होने के बाद, वित्तीय आपातकाल रद्द होने तक अनिश्चित काल तक जारी रहता है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

- इसका तात्पर्य दो तर्कों से है:
  - इसके संचालन के लिये कोई अधिकतम अवधि निर्धारित नहीं है।
  - इसे जारी रखने के लिये बार-बार संसदीय अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है।

**16. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) के महानिदेशक को उक्त एजेंसी द्वारा मामले की जाँच किये जाने पर संपत्ति की जब्ती की मंजूरी देने का अधिकार देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कोई व्यक्ति जो भारत के बाहर कोई अपराध करता है और इस अधिनियम के दायरे में आता है, उस पर उसी तरह इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन होगा जैसे कि वह कार्य भारत में रहते हुए होगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- केंद्र सरकार आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित एक आधिकारिक अधिसूचना के माध्यम से "गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) ट्रिब्यूनल" नामक एक न्यायाधिकरण की स्थापना कर सकती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**17. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- महिला आरक्षण विधेयक 2023 (128वाँ संवैधानिक संशोधन विधेयक) अथवा नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित कर दिया गया है।
- यह विधेयक लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिये एक तिहाई सीटें आरक्षित करता है। यह लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों पर भी लागू होगा। **अतः विकल्प B सही है।**

**18. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 74वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 विभिन्न स्तरों पर शहरी स्थानीय निकायों (ULB) की शक्तियों और प्राधिकारों का विकेंद्रीकरण अनिवार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस उद्देश्य के लिये प्रत्येक नगरपालिका को क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित किया जाएगा जिन्हें वार्ड के रूप में जाना जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस संशोधन के तहत महिलाओं के लिये कुल सीटों में से एक तिहाई आरक्षण का प्रावधान भी किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**19. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- परिसीमन आयोग का गठन भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है और यह भारत के निर्वाचन आयोग के सहयोग से काम करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1971 की जनगणना के आधार पर राज्यों के लिये लोकसभा सीटों की संख्या निर्धारित और तय की गई थी, 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 के माध्यम से इस व्यवस्था को अगले 25 वर्षों के लिये बरकरार रखने का प्रावधान किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- 84वें संशोधन अधिनियम, 2001 द्वारा सरकार को वर्ष 1991 की जनगणना के आँकड़ों के आधार पर राज्यों में क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों को पुन: समायोजित करने तथा युक्तिसंगत बनाने का अधिकार प्रदान किया गया। **अतः कथन 3 सही है।**

**20. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 280 वित्त आयोग को एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय के रूप में स्थापित किये जाने का प्रावधान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

**नोट :**

- वित्त आयोग का गठन प्रत्येक 5 वर्ष में भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसकी प्राथमिक भूमिका भारत में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की सिफारिश करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**21. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संघवाद के भारतीय मॉडल को अर्द्ध-संघीय प्रणाली कहा जाता है क्योंकि इसमें परिसंघ और संघ दोनों की प्रमुख विशेषताएँ शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय परिसंघ भारत के राज्यों को एक संघीय इकाई में एकीकृत करने का परिणाम नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संविधान की सर्वोच्चता और शक्तियाँ भारतीय संविधान की संघीय विशेषता को मज़बूती प्रदान करती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**22. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ED एक बहु-विषयक संगठन है जिसे मनी लॉन्ड्रिंग के अपराधों और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन की जाँच का अधिकार है।
  - यह वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अंतर्गत कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- मुंबई, चेन्नई, चंडीगढ़, कोलकाता और दिल्ली में पाँच क्षेत्रीय कार्यालय हैं जिनकी अध्यक्षता विशेष प्रवर्तन निदेशक करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- निदेशालय को भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (FEOA) तथा धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA), विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (FEMA), विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम (COFEPOSA),1974 के प्रावधानों को निष्पादित करने का अधिकार है।**अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**23. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- तीस्ता नदी ब्रह्मपुत्र (बांग्लादेश में जमुना के नाम से जानी जाती है) की एक सहायक नदी है, जो भारत और बांग्लादेश से होकर बहती है। **अतः कथन 1 सही है और कथन 2 सही नहीं है।**
- यह सिक्किम के चुनथांग के पास हिमालय से निकलती है और बांग्लादेश में प्रवेश करने से पहले पश्चिम बंगाल से होकर दक्षिण की ओर बहती है।
  - मूल रूप से, नदी दक्षिण की ओर बढ़ती हुई सीधे पद्मा नदी (बांग्लादेश में गंगा का मुख्य चैनल) में गिरती थी, लेकिन 1787 ई. के आसपास, नदी ने अपना मार्ग बदल कर पूर्व की ओर बहने लगी तथा जमुना नदी में मिल गई। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**24. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- CMIE के अनुसार, श्रम बल में 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग शामिल हैं और निम्नलिखित दो श्रेणियों में से किसी एक से संबंधित हैं:
  - वे जो नियोजित हैं
  - जो बेरोज़गार हैं और काम करने के इच्छुक होने के साथ ही सक्रिय रूप से नौकरी की तलाश में हैं।
- इन दो श्रेणियों में लोग "नौकरी की मांग" कर रहे हैं। यह मांग श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) को संदर्भित करती है।
- इस प्रकार, LFPR अनिवार्य रूप से कामकाज़ी उम्र (15 वर्ष या अधिक) की आबादी का प्रतिशत है जो नौकरी की मांग कर रहा है। **अतः कथन 1 सही है और कथन 2 सही नहीं है।**
  - यह किसी अर्थव्यवस्था में नौकरियों की "मांग" का प्रतिनिधित्व करता है।
- इसमें वे लोग शामिल हैं जो कार्यरत हैं और वे जो बेरोज़गार हैं लेकिन काम की तलाश में हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**25. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- नोबेल पुरस्कार पहली बार वर्ष 1901 में प्रदान किया गया था।**अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह पुरस्कार समारोह प्रति वर्ष दिसंबर के माह में स्टॉकहोम, स्वीडन में आयोजित किया जाता है।
  - उसी दिन ओस्लो, नॉर्वे में शांति पुरस्कार प्रदान किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- नोबेल पुरस्कार को अधिकतम तीन लोग आपस में साझा कर सकते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- रवीन्द्र नाथ टैगोर वर्ष 1913 में पहले भारतीय नोबेल पुरस्कार विजेता बने। अत: कथन 4 सही है।

**26. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना(SECC) पहली बार वर्ष 1931 में आयोजित किया गया था।
- SECC के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों के प्रत्येक भारतीय परिवार को शामिल किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- SECC के अंतर्गत नागरिकों से उनके विषय में निम्नलिखित जानकारियाँ ली जाती हैं:
  - आर्थिक स्थिति, ताकि केंद्रीय और राज्य अधिकारी अभाव, क्रमपरिवर्तन और संयोजन के कई संकेतकों का निर्धारण कर सकें, जिनका उपयोग प्रत्येक प्राधिकरण द्वारा गरीब अथवा वंचित व्यक्ति को परिभाषित करने के लिये किया जा सके।
  - इसका मतलब यह भी है कि प्रत्येक व्यक्ति से उनकी विशिष्ट जाति का नाम पूछा जाए ताकि सरकार को पुनर्मूल्यांकन करने में सुविधा हो सके और वे विभिन्न जाति समूह की आर्थिक स्थितियों का आकलन कर सकें।
  - SECC में दी गई सभी व्यक्तिगत जानकारी सरकारी विभागों द्वारा परिवारों को लाभ प्रदान करने और/या लाभों से प्रतिबंधित करने के लिये उपयोग के लिये सार्वजनिक है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- आम जनगणना जनगणना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आती है न कि सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (SECC) के अंतर्गत। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**27. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- क्वांटम डॉट्स नैनोस्केल कण हैं, जिनका आकार आमतौर पर 1 से 100 नैनोमीटर तक होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इन छोटी संरचनाओं में अद्वितीय गुण होते हैं जो उनके आकार से निर्धारित होते हैं। विशेष रूप से, क्वांटम डॉट्स का आकार उनके द्वारा उत्सर्जित प्रकाश का रंग का निर्धारण करता है, छोटे डॉट्स नीला प्रकाश उत्सर्जित करते हैं और बड़े डॉट्स पीले और लाल रंग का प्रकाश उत्सर्जित करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- क्वांटम डॉट्स स्पष्ट और चमकीले प्रकाश उत्सर्जित करके LED लैंप और टेलीविज़न स्क्रीन जैसे डिस्प्ले की गुणवत्ता बढ़ा सकते हैं।
  - ये सर्जरी के दौरान ट्यूमर के ऊतकों को प्रदीप्त कर सकते हैं, जिससे शल्य चिकित्सकों को ट्यूमर के सटीक निष्कासन में सहायता मिलती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**28. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- डायबिटीज मेलिटस एक विकार है जिसमें शरीर पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं करता है या सामान्य रूप से इंसुलिन पर प्रतिक्रिया नही देता है, जिससे रक्त शर्करा (ग्लूकोज) का स्तर असामान्य रूप से उच्च हो जाता है।
  - इस विकार को डायबिटीज इन्सिपिडस से अलग करने के लिए, अकेले डायबिटीज के बजाय अक्सर डायबिटीज मेलिटस नाम का उपयोग किया जाता है।
  - डायबिटीज इन्सिपिडस एक अपेक्षाकृत दुर्लभ विकार है जो रक्त शर्करा के स्तर को प्रभावित नहीं करता है, लेकिन डायबिटीज मेलिटस की तरह, मूत्र विसर्जन में वृद्धि का कारण बनता है।**अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- टाइप 1 मधुमेह::
  - शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अग्न्याशय की इंसुलिन उत्पादक कोशिकाओं पर हमला करती है और उनमें से 90% से अधिक स्थायी रूप से नष्ट हो जाती हैं।
  - अत:,अग्न्याशय बहुत कम या बिल्कुल इंसुलिन पैदा नहीं करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- टाइप 2 मधुमेह::
  - विशेष रूप से बीमारी की शुरुआत में, अग्न्याशय अक्सर इंसुलिन का उत्पादन कभी-कभी सामान्य से अधिक मात्रा में भी जारी रखता है।
  - हालाँकि, शरीर इंसुलिन के प्रभावों के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लेता है, इसलिए शरीर की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त इंसुलिन नहीं होता है। जैसे-जैसे टाइप 2 मधुमेह बढ़ता है, अग्न्याशय की इंसुलिन उत्पादन क्षमता कम हो जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**29. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- 'बिहार जाति-जनगणना, 2023' बिहार राज्य सरकार द्वारा आयोजित की गई है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- जाति जनगणना से प्राप्त आँकड़ों के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) राज्य की कुल आबादी का 63% हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- बौद्ध, ईसाई, सिख और जैन समुदायों की आबादी बिहार की आबादी का 1%से भी कम है।
- संविधान के भाग IV में उल्लिखित राज्य नीतियों के निदेशक सिद्धांतों (DPSP) में उल्लिखित सामाजिक-आर्थिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये जाति जनगणना का उचित उपयोग किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**30. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मुदुमलाई टाइगर रिज़र्व, नीलगिरी बायोस्फीयर रिज़र्व का एक हिस्सा है, जो वर्ष 1986 के दौरान घोषित भारत का पहला बायोस्फीयर रिज़र्व है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह बाघ अभयारण्य/टाइगर रिज़र्व तीन राज्यों तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल के त्रि-जंक्शन पर 321 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- मोयार नदी मुदुमलाई टाइगर रिज़र्व से होकर गुजरती है। **अत: कथन 3 सही है।**
- यह नदी, टाइगर रिज़र्व के पारिस्थितिकी तंत्र का अभिन्न अंग है, जो वन्यजीवों को जल की आपूर्ति करती है तथा क्षेत्र के भीतर हरी-भरी वनस्पति को बनाए रखती है।
- यह मुदुमलाई टाइगर रिज़र्व में रहने वाले जानवरों के लिये एक मुख्य जल स्रोत के रूप में कार्य करता है।

**31. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इंसुलिन, अग्न्याशय की B कोशिकाओं द्वारा स्रावित एक हार्मोन है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इंसुलिन ग्लाइकोजन के रूप में यकृत और मांसपेशियों में अतिरिक्त ग्लूकोज़ को संग्रहीत करने में भी मदद करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- कोशिका में एक महत्त्वपूर्ण तंत्र इंसुलिन सिग्नलिंग है, जो रक्त में ग्लूकोज़ को नियंत्रित करने के लिये जैव रासायनिक अभिक्रियाओं की एक श्रृंखला है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**32. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. एम.ए. अंसारी ने की। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1928 के भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता मोतीलाल नेहरू ने की।
- वर्ष 1927 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस ने चीन, ईरान और मेसोपोटामिया में भारतीय सैनिकों के उपयोग के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस सत्र के दौरान, भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) ने साइमन कमीशन के बहिष्कार का विरोध करते हुए एक प्रस्ताव अपनाया। **अतः कथन 3 सही है।**

**33. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये केंद्रीय बैंक के अधिकार क्षेत्र के भीतर मौद्रिक साधनों के प्रयोग को मौद्रिक नीति कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- RBI की मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सतत् विकास के लिये मूल्य स्थिरता एक आवश्यक पूर्व शर्त है।
- रेपो दर (मौद्रिक नीति के दायरे में), वह ब्याज दर है जिस पर रिज़र्व बैंक सरकारी और अन्य मान्यता प्राप्त प्रतिभूतियों के बदले बैंकों को संपार्श्विक के रूप में तत्काल तरलता प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- बैंक दर वह दर है जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक विनिमय बिलों अथवा अन्य वाणिज्यिक पत्रों को खरीदने अथवा उन पर पुनः छूट प्रदान कर सकता है।

**34. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- कवच प्रणाली भारत की स्वदेशी स्वचालित सुरक्षा प्रणाली है, जो वर्ष 2012 से ट्रेन कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम (TCAS) नाम से विकास के चरण में है, जिसे 'Kavach' या "कवच" नाम दिया गया है।
- Kavach प्रणाली लोकोमोटिव में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) उपकरणों का एक सेट है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- Kavach प्रणाली की घोषणा वर्ष 2022 के केंद्रीय बजट में आत्मनिर्भर भारत पहल के एक भाग के रूप में की गई थी।
- यह ट्रेनों के ब्रेक को नियंत्रित करने और ड्राइवरों को सचेत करने के लिये अल्ट्रा हाई रेडियो फ्रीक्वेंसी का प्रयोग करके एक-दूसरे से संपर्क बनाते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- Kavach का वर्तमान स्वरूप सुरक्षा और विश्वसनीयता मानक के उच्चतम स्तर के अनुरूप है जिसे सेफ्टी इंटीग्रिटी लेवल SIL4 कहा जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**35. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 एक स्वायत्त निकाय, राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी फोरम (NETF) का प्रावधान करती है, जिसे प्रौद्योगिकी के उपयोग पर विचारों के मुक्त आदान-प्रदान के लिये एक मंच प्रदान करने हेतु तैयार किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- NEP 2020 का लक्ष्य "भारत को एक ज्ञान के क्षेत्र में वैश्विक महाशक्ति" बनाना है।
- छात्रों के मूल्यांकन के लिये राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र- 'परख' तैयार किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- पूर्व की दो शिक्षा नीतियाँ वर्ष 1968 और वर्ष 1986 में लागू की गई थीं।
- यह वंचित क्षेत्रों और समूहों के लिये लिंग समावेशन निधि, विशेष शिक्षा क्षेत्र की स्थापना पर ज़ोर देता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**36. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- तेग बहादुर का जन्म 21 अप्रैल 1621 को माता नानकी और गुरु हरगोबिंद के घर अमृतसर में हुआ था।
- 'गुरु ग्रंथ साहिब' के नाम से प्रसिद्ध पवित्र ग्रंथ में गुरु तेग बहादुर द्वारा लिखे गए 116 काव्य भजन शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- सिख परंपरा के अनुसार, सिख धर्म की स्थापना गुरु नानक (1469-1539) द्वारा की गई थी और उत्तरोत्तर नौ अन्य गुरुओं ने इसका नेतृत्व किया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- गुरु तेग बहादुर को मुगल सम्राट औरंगज़ेब के आदेश के तहत दिल्ली में फाँसी दे दी गई। **अतः कथन 3 सही है।**

**37. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अखिल भारतीय हरिजन सेवक संघ एक स्वतंत्र राष्ट्र स्तरीय गैर-लाभकारी स्वैच्छिक संगठन है, जिसे अखिल भारतीय अस्पृश्यता रोधी लीग के रूप में भी जाना जाता है।
- इसकी स्थापना 30 सितंबर, 1932 को पुणे की यरवदा जेल में गांधी के अमरण अनशन के दौरान हुई, जिसके परिणामस्वरूप पूना समझौता हुआ। **अतः विकल्प B सही है।**

**38. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- प्रतिवर्ष 2 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जाता है, यह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के नेता और अहिंसा के दर्शन तथा रणनीति के प्रणेता महात्मा गांधी का जन्मदिवस है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस स्मरणोत्सव की स्थापना जून 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव द्वारा की गई, यह अंतर्राष्ट्रीय दिवस शैक्षिक पहल और सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के माध्यम से अहिंसा के संदेश को बढ़ावा देता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह संकल्प अहिंसा सिद्धांत के विश्वव्यापी महत्त्व और शांति, सहिष्णुता, बंधुत्त्व और अहिंसावादी संस्कृति को बढ़ावा देने की महत्त्वाकांक्षा को भी रेखांकित करता है।
- यह संकल्प महात्मा गांधी के प्रति सार्वभौमिक सम्मान और उनके दर्शन की स्थायी प्रासंगिकता को प्रतिबिंबित करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**39. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- मई 1948 में इज़रायल को एक स्वतंत्र राष्ट्र घोषित किया गया और डेविड बेन गुरियन को इसके प्रधानमंत्री के रूप में नामित किया गया।
- इस घोषणा के बाद, वर्ष 1948 में अरब-इज़रायल युद्ध छिड़ गया और पाँच अरब राज्यों, इराक, सीरिया, लेबनान, जॉर्डन और मिस्र ने इज़रायल पर हमला कर दिया। अतः विकल्प D सही है।

**40. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार-2023 क्वांटम डॉट्स, नैनोकणों(उनका आकार उनके गुणों को निर्धारित करता है) की खोज तथा विकास पर हुए शोध को मिला है। क्वांटम डॉट्स स्पष्ट एवं चमकीले प्रकाश उत्सर्जित करके LED लैंप और टेलीविज़न स्क्रीन जैसे डिस्प्ले की गुणवत्ता बढ़ा सकते हैं। ये सर्जरी के दौरान ट्यूमर के ऊतकों को प्रदीप्त कर सकते हैं, जिससे शल्य चिकित्सकों को ट्यूमर के सटीक निष्कासन में सहायता मिलती है।

**नोट :**

- रसायन विज्ञान में 2022 का नोबेल पुरस्कार कैरोलिन आर. बर्टोज़ज़ी, मोर्टन मेल्डल और के. बैरी शार्पलेस को संयुक्त रूप से "क्लिक केमिस्ट्री और बायोऑर्थोगोनल केमिस्ट्री के विकास हेतु" प्रदान किया गया।
- रसायन विज्ञान में 2021 का नोबेल पुरस्कार बेंजामिन लिस्ट और डेविड मैकमिलन को असममित ऑर्गेनोकैटलिसिस (Asymmetric Organocatalysis) के विकास हेतु दिया गया।
- रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार CRISPR-Cas9 के जीनोम संपादन और विकास की विधि की खोज के लिये इमैनुएल चार्पेंटियर तथा जेनिफर.ए.डौडना को दिया गया। अत: विकल्प A सही है।

**41. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- COVID-19 महामारी के व्यापक संक्रमण की प्रतिक्रिया में दूरस्थ कार्य (वर्क फ्रॉम होम) के कारण, तकनीकी क्षमता की मांग में वृद्धि हुई, जिसके कारण इस महामारी के दौरान भारत की सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं का विस्तार हुआ। **अत:विकल्प A सही है।**

**42. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 'मिश्रित वार्षिक वृद्धि दर (Compounded Annual Growth Rate- CAGR)' एक निश्चित अंतराल के बाद किसी निवेश की वार्षिक सुचारू वृद्धि दर है। **अत: कथन 1 सही है।**
- CAGR निवेश जोखिम को नहीं दर्शाता है।
- CAGR विकास की अधिक सटीक दर प्रदान करता है जो निवेशकों को उनके निवेश के विषय में अधिक सूचित निर्णय लेने में मदद कर सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- CAGR किसी निर्दिष्ट समय अवधि के भीतर निवेश के प्रदर्शन को नहीं दर्शाता है।
- CAGR की गणना के लिये तीन प्रकार की जानकारी की आवश्यकता होती है, निवेश का प्रारंभिक मूल्य, अंतिम मूल्य और विचाराधीन अवधि की संख्या। **अत: कथन 3 सही है।**

**43. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (International Labour Organization- ILO) की स्थापना वर्ष 1919 में वर्साय की संधि द्वारा राष्ट्र संघ की एक संबद्ध एजेंसी के रूप में की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- सदस्य राष्ट्रों द्वारा अनुमोदित अभिसमयों के माध्यम से, ILO वैश्विक श्रम मानक स्थापित करता है। ये मानक गैर-बाध्यकारी होते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- एसोसिएशन की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाज़ी का अधिकार मौलिक सिद्धांतों व अधिकारों की चार श्रेणियों में से एक है। **अत: कथन 3 सही है।**

**44. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ऑपरेशन अल-अक्सा हमास द्वारा इज़रायल के विरुद्ध रॉकेट फायरिंग के साथ शुरू किया गया एक अप्रत्याशित सैन्य आक्रमण था।
- हमास शरकत अल-मुकावामा अल-इस्लामिया का संक्षिप्त रूप है, जिसका अनुवाद "इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन" है। हमास वेस्ट बैंक और गाज़ा पट्टी में एक उग्र फिलिस्तीनी राष्ट्रवादी और इस्लामी आंदोलन है। अत: विकल्प बी सही है।

**45. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय खेल प्राधिकरण (Sports Authority of India- SAI) की स्थापना वर्ष 1984 में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत की गई थी। खेल विभाग के तहत इस प्राधिकरण की स्थापना वर्ष 1982 में नई दिल्ली में आयोजित 9वें एशियाई खेलों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिये की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- SAI का प्रमुख कार्य विभिन्न खेलों को बढ़ावा देना तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल उत्कृष्टता हासिल करना है।
- यह शारीरिक शिक्षा और खेल संबंधी कई शैक्षणिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विशिष्ट एथलीटों को प्रशिक्षण प्रदान करके SAI ने भारत के खेल क्षेत्र के विकास को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- SAI भारत सरकार की ओर से मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम जैसे प्रमुख स्टेडियमों का रखरखाव और उपयोग कर रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**

**46. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस (World Press Freedom Day- WPFD) प्रतिवर्ष 3 मई को मनाया जाता है। इस दिवस के उपलक्ष्य में रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (RSF) द्वारा विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2023 प्रकाशित किया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- 180 देशों के इस सूचकांक में 36.62 अंक के साथ भारत 161वें स्थान पर है, वर्ष 2022 में भारत का रैंक 150 था। **अतः कथन 2 सही है।**
- विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक, 2023 की थीम 'शेपिंग ए फ्यूचर ऑफ राइट्स: फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन एज़ अ ड्राइवर फॉर ऑल अदर ह्यूमन राइट्स' ('Shaping a Future of Rights: Freedom of Expression as a Driver for All Other Human Rights') है। **अतः कथन 3 सही है।**
- शीर्ष तथा सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देश:
  - नॉर्वे, आयरलैंड और डेनमार्क सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 3 देश हैं।
  - इस सूची में वियतनाम, चीन और उत्तर कोरिया सबसे निचले पायदान पर रहे।

**47. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मानसिक विकारों की संख्या में वृद्धि तथा मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की कमी को देखते हुए सरकार द्वारा वर्ष 1982 में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम NMHP को अपनाया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2020 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिये 24/7 टोल-फ्री हेल्पलाइन 'किरण' शुरू की। **अतः कथन 2 सही है।**
- 2021 में, भारत सरकार ने सभी आयु समूहों में मानसिक भलाई को बढ़ावा देने के लिए MANAS (मानसिक स्वास्थ्य और सामान्य स्थिति वृद्धि प्रणाली) मोबाइल ऐप लॉन्च किया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- भारत सरकार ने सभी आयु समूहों में मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2021 में मानस 'मानसिक स्वास्थ्य और सामान्यता वृद्धि प्रणाली' (Mental Health and Normalcy Augmentation System- MANAS) मोबाइल ऐप लॉन्च किया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**48. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP), संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है जिसे गरीबी उन्मूलन और दीर्घकालिक आर्थिक एवं मानव विकास प्राप्त करने में राष्ट्रों की सहायता करने का काम सौंपा गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह निवेश, तकनीकी प्रशिक्षण एवं प्रौद्योगिकी विकास पहल का प्रबंधन करता है और कानूनी एवं राजनीतिक संस्थानों के विकास व निजी क्षेत्र के विस्तार में सहायता के लिये पेशेवर प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- UNDP पूरी तरह से संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के स्वैच्छिक दान (Donation) से समर्थित है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**49. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सतत् विकास लक्ष्य (SDG) 8 सभी के लिये समावेशी और सतत् आर्थिक विकास, रोज़गार और समुचित कार्य को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। SDG8 का लक्ष्य इस प्रकार है:
  - प्रगति को आगे बढ़ाना।
  - सभी के लिये समुचित रोज़गार का सृजन करना।
  - जीवन स्तर में सुधार लाना।
  - सामाजिक न्याय को उन्नत करना।
  - बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करना।
  - बेगार प्रथा को समाप्त करना। Eradicate forced labor.
  - आधुनिक दास-प्रथा और मानव तस्करी का उन्मूलन करना।
  - बाल श्रम के सबसे बुरे रूपों पर रोक लगाकर उन्हें समाप्त करना। **अत: विकल्प B सही है।**

**50. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राज्य विधायिकाओं के बनावट में एकरूपता नहीं है। अधिकांश राज्यों में एकसदनीय प्रणाली है, जबकि अन्य राज्यों में द्विसदनीय प्रणाली है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- राज्य विधायिका में एकसदनीय प्रणाली में राज्यपाल और विधान सभा शामिल हैं। द्विसदनीय प्रणाली वाले राज्यों में राज्य विधायिका में राज्यपाल, विधान परिषद और विधान सभा शामिल होती हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ऊपरी सदन को लेजिस्लेटिव कौंसिल (विधान परिषद) कहा जाता है, और निचले सदन को लेजिस्लेटिव असेंबली (विधान सभा) कहा जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**51. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस(INC) की स्थापना वर्ष 1885 में ए.ओ.ह्यूम द्वारा की गई थी। वह एक सेवानिवृत्त सिविल सेवक था। **अत: कथन 1 सही है।**
- लाला लाजपत राय ने अपनी पुस्तक 'अनहैप्पी इंडिया' में सुझाव दिया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC) का गठन लॉर्ड डफरिन और ए.ओ.ह्यूम द्वारा रचे गए षड्यंत्र का परिणाम था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- कांग्रेस के प्रथम सत्र के अध्यक्ष व्योमेश चन्द्र बनर्जी थे। **अत: कथन 3 सही है।**

**52. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद् अधिनियम, 1995 लद्दाखी समुदाय की आकांक्षाओं की प्रतिक्रिया में पारित किया गया था, जिसका उद्देश्य उनकी अनोखी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के आधार पर एक विशिष्ट भारतीय केंद्र शासित प्रदेश स्थापित करना था, जो उन्हें व्यापक जम्मू और कश्मीर क्षेत्र से पृथक करता है।
- लद्दाख में स्वायत्त पहाड़ी परिषदों का गठन, क्षेत्र के लोगों की विशिष्ट पहचान और उनकी आकांक्षाओं के पहचान की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों से वयस्क मताधिकार के आधार पर प्रत्यक्ष चुनाव से चयनित व्यक्तियों द्वारा भरी जाने वाली परिषद् में सीटों की कुल संख्या 26 होगी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- एक कार्यकारी परिषद् जिसमें एक अध्यक्ष होगा जो मुख्य कार्यकारी पार्षद होगा और चार सदस्य परिषद् के सदस्यों में से मुख्य कार्यकारी पार्षद द्वारा नामित किये जाएंगे। **अतः कथन 3 सही है।**

**53. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान की छठी अनुसूची के उद्देश्य हैं:
  - पूर्वोत्तर राज्यों असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन की व्यवस्था करना। **अतः कथन 1 सही है।**
  - जनजातीय भूमि और संसाधनों की रक्षा करना तथा ऐसे संसाधनों को गैर-जनजातीय व्यक्तियों या समुदायों को हस्तांतरित करने पर रोक लगाना। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह सुनिश्चित करना कि जनजातीय समुदायों का गैर-आदिवासी आबादी द्वारा शोषण न किया जाए या उन्हें हाशिये पर न रखा जाए तथा उनकी सांस्कृतिक एवं सामाजिक पहचान को संरक्षण और प्रोत्साहन दिया जाए। **अतः कथन 3 सही है।**

**54. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- यह अधिनियम अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विरुद्ध होने वाले अपराधों की एक विस्तृत शृंखला को कवर करता है, जैसे शारीरिक अथवा मानसिक यातनाएँ पहुँचाना, यौन शोषण, आर्थिक शोषण, सामाजिक बहिष्कार, जबरन धर्मांतरण, भूमि पर कब्जा करना, सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच से वंचित करना आदि। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह इस अधिनियम के अंतर्गत आने वाले किसी भी अपराध, जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति नुकसान पहुँचाता हो अथवा उत्पीड़ित करता हो, की स्थिति में उनकी रक्षा करना लोक सेवक का कर्त्तव्य है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें कहा गया है कि इस अधिनियम के तहत किसी भी अपराध की जाँच 30 दिनों के भीतर किया जाना अनिवार्य है और यह पुलिस उपाधीक्षक (DSP) रैंक से नीचे के अधिकारी द्वारा नहीं की जाएगी। **अतः कथन 3 सही है।**

**55. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद प्राचीन भारतीय इतिहास का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं। वैदिक साहित्य भारतीय शास्त्रों का एक मूलभूत घटक है।
- ऐसा कहा जाता है कि आयुर्वेद के बहुत से तत्त्व अथर्ववेद से लिये गए हैं, जिसमें कई रोगों के साथ-साथ उनके उपचारों का भी उल्लेख है। अतः विकल्प A सही है।

**56. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- 'महिला आरक्षण अधिनियम, 2023' लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिये एक तिहाई सीटें आरक्षित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विधेयक में संविधान में अनुच्छेद 330A शामिल करने का प्रावधान किया गया है, जो अनुच्छेद 330 के प्रावधानों से लिया गया है। यह लोकसभा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिये सीटों के आरक्षण का प्रावधान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विधेयक में प्रावधान किया गया कि महिलाओं के लिये आरक्षित सीटें राज्यों या केंद्रशासित प्रदेशों में विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में क्रमिक रूप से आवंटित की जा सकती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**57. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (Carbon Border Adjustment Mechanism- CBAM):**

- यूरोपीय संघ का कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM) 1 अक्तूबर 2023 को लागू हुआ। इस तंत्र के अनुसार लोहा, इस्पात, एल्यूमीनियम, सीमेंट, विद्युत और उर्वरक के आयात से होने वाले प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कार्बन उत्सर्जन के बारे में रिपोर्ट करना अनिवार्य है। **अतः कथन 1 सही है।**

- विश्व बैंक और UNCTAD द्वारा किये गए अध्ययनों से पता चला है कि CBAM उन विकासशील देशों की प्रतिस्पर्द्धात्मकता को प्रभावित कर सकता है जो यूरोपीय संघ को कवर्ड वस्तुओं (नमी और अन्य वातावरणीय प्रभाव से सुरक्षा के लिये काफी अच्छी तरह से पैकिंग) का निर्यात करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- विश्व बैंक ने हाल ही में अपना CBAM एक्सपोज़र इंडेक्स प्रकाशित किया है, यह किसी देश के निर्यात हिस्से को निर्यातक की उत्सर्जन तीव्रता और CBAM उत्पाद के EU औसत के बीच के अंतर से गुणा करके मापा जाता है, जिसे अनुमानित कार्बन मूल्य $100 प्रति टन के आधार पर मापा जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**58. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**थोक मूल्य सूचकांक:**

- यह थोक व्यवसायों द्वारा अन्य व्यवसायों को थोक में बेची और व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को मापता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार कार्यालय द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

**उपभोक्ता मूल्य सूचकांक:**

- यह खुदरा खरीदार के दृष्टिकोण से मूल्य परिवर्तन को मापता है। इसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**उत्पादक मूल्य सूचकांक (PPI):**

- उत्पादक मूल्य सूचकांक (PPI) वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादकों द्वारा प्राप्त की गई कीमतों को दर्शाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**59. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (United Nations Security Council- UNSC):**

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थापना वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर द्वारा की गई थी। यह संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से एक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क में है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसके पाँच स्थायी सदस्य संयुक्त राज्य अमेरिका, रूसी संघ, फ्राँस, चीन और यूनाइटेड किंगडम हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**60. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**संरक्षक मंत्री:**

- भारतीय संविधान में संरक्षक मंत्री शब्द का उल्लेख नहीं है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह महाराष्ट्र में अपनाई जाने वाली एक अनोखी प्रथा है, यहाँ प्रत्येक ज़िले के लिये एक संरक्षक मंत्री नियुक्त किया जाता है और इसका कार्य संबंधित ज़िले के विकास पर मंत्री का विशेष ध्यान आकर्षित करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- संरक्षक मंत्री ज़िला योजना समिति (District Planning Committee- DPC) का पदेन अध्यक्ष होता है, यह ऐसी अमीती है जिसका गठन विधिवत प्रत्येक ज़िले में किया जाता है। इस समीति के प्रमुख/अध्यक्ष की नियुक्ति के संबंध कानून में कोई विशेष निर्देश नहीं है- कुछ राज्यों में इसका नेतृत्त्व सामान्य प्रशासन द्वारा किया जाता है, जबकि कुछ अन्य में इस पद का कार्यभार निर्वाचित प्रतिनिधि पर होता है। महाराष्ट्र में, संरक्षक मंत्री को इस समीति के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया जाता है।
- आमतौर पर, राज्य मंत्रिमंडल में किसी विशेष ज़िले से आने वाले मंत्री को उस ज़िले का संरक्षक मंत्री बनाया जाता है। यदि किसी ज़िले का राज्य मंत्रिमंडल में कोई प्रतिनिधित्त्व नहीं है, तब किसी बाहरी व्यक्ति को नियुक्त किया जाता है। साथ ही, एक मंत्री एक से अधिक ज़िलों के लिये संरक्षक मंत्री के रूप में कार्य कर सकता है।

- इसके अतिरिक्त, जिले के किसी कार्यक्रम के अवसर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के दौरे हेतु यह मंत्री ज़िले के प्रोटोकॉल प्रमुख के रूप में कार्य करता है। संरक्षक मंत्री सीधे राज्य के मुख्यमंत्री को रिपोर्ट करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**61. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum- WEF) द्वारा ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट का 17वाँ संस्करण- ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2023 जारी की गई है, जिसमें 146 देशों में लैंगिक समानता की स्थिति का मूल्यांकन किया गया है। अतः कथन 1 सही नही है।
- यह चार प्रमुख आयामों में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति पर देशों का मूल्यांकन करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - आर्थिक भागीदारी और अवसर
  - शिक्षा का अवसर
  - स्वास्थ्य एवं उत्तरजीविता
  - राजनीतिक सशक्तीकरण
- लैंगिक समानता की दिशा में भारत ने काफी प्रगति की है, रिपोर्ट के 2023 संस्करण में भारत 146 देशों में से 135वें (वर्ष 2022 में) से 127वें स्थान पर पहुँच गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**62. उत्तर: ( d )**

**व्याख्या:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नकबा | a. | विनाशकारी घटना; वर्ष 1948 में फ़िलिस्तीन में हुए जातीय हिंसा से संबंधित |
| 2. | नकसा | b. | असफलता; फिलिस्तीनी वेस्ट बैंक और गाज़ा पट्टी पर इज़रायली आक्रमण और कब्ज़े से संबंधित |
| 3. | इंतिफादा | c. | शेकिंग ऑफ(किसी प्रतिद्वंद्वी को हराना); वेस्ट बैंक और गाज़ा पट्टी में फिलिस्तीनियों के दो लोकप्रिय विद्रोहों में से कोई एक विद्रोह, जिसका उद्देश्य उन क्षेत्रों पर इज़रायल के कब्जे को समाप्त करना और एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य का निर्माण था, से संबंधित। **अतः सभी विकल्प सही हैं।** |

**63. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**जनऔषधि केंद्र:**

- ये सभी को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएँ उपलब्ध कराने वाले केंद्र हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ब्यूरो ऑफ फार्मा पीएसयू इन इंडिया (BPPI) प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJP) के एक हिस्से के रूप में जनऔषधि केंद्रों को सहायता प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सरकार ने मार्च 2025 के अंत तक प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्रों (PMBJP) की संख्या बढ़ाकर 10,500 करने का लक्ष्य रखा है। **अतः कथन 3 सही है।**

**64. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इस अधिनियम के अनुसार, एक जाँच अधिकारी को आतंकवाद से जुड़ी संपत्तियों को ज़ब्त करने के लिये पुलिस महानिदेशक की पूर्व मंजूरी प्राप्त करना आवश्यक है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यदि जाँच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (National Investigation Agency- NIA) के किसी अधिकारी द्वारा की जाती है, तो संपत्ति को ज़ब्त करने के लिये NIA के महानिदेशक की मंज़ूरी की आवश्यकता होती है।
- इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत, आतंकवादी गतिविधियों से संबंधित मामलों की जाँच उपाधीक्षक अथवा सहायक पुलिस आयुक्त या उससे ऊपर के स्तर के अधिकारियों द्वारा की जा सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- UAPA में मृत्युदंड और आजीवन कारावास की सज़ा सबसे बड़ी सज़ा है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**65. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री नीति आयोग (जिसे योजना आयोग से प्रतिस्थापित किया गया), राष्ट्रीय एकता परिषद, अंतर्राज्यीय परिषद, राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद और कुछ अन्य निकायों के अध्यक्ष होते हैं।
- लोकसभा अध्यक्ष निम्नलिखित समितियों का अध्यक्ष होता है: व्यापार सलाहकार समिति, सामान्य प्रयोजन समिति और नियम समिति। **अत: विकल्प B सही है।**

**66. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यह प्रधानमंत्री का कर्त्तव्य है कि वह संघ के मामलों के प्रशासन और कानून के प्रस्तावों से संबंधित मंत्रिपरिषद के सभी निर्णयों के बारे में राष्ट्रपति को सूचित करे। **अत: कथन 1 सही है।**
- लॉर्ड मोरेली के अनुसार प्रधानमंत्री 'प्राइमस इंटर पेरेस' (फर्स्ट अमंग ईक्वल्स) और 'की स्टोन ऑफ कैबिनेट आर्क' होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद और कुछ अन्य निकायों का अध्यक्ष होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**67. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- परिषद् की अधिकतम संख्या विधानसभा की कुल सदस्य संख्या की एक तिहाई और न्यूनतम सदस्य संख्या 40 निर्धारित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- जो लोग राज्य विधान सभा के सदस्य नहीं हैं उनमें से 1/3 सदस्य विधान सभा के सदस्यों द्वारा चुने जाते हैं।
- 1/3 सदस्य राज्य में स्थानीय निकायों जैसे नगर पालिकाओं, ज़िला बोर्डों आदि के सदस्यों के द्वारा चुने जाते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- 1/12 सदस्य राज्य में तीन वर्ष के अनुभव वाले शिक्षकों, जिनका स्तर माध्यमिक विद्यालय से कम नहीं होना चाहिये, के द्वारा चुने जाते हैं।
- 1/12 सदस्य, राज्य के भीतर रहने वाले और तीन वर्ष की अवधि के स्नातकों द्वारा चुने जाते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**68. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- बारालाचा ला दर्रा लद्दाख में ज़ांस्कर रेंज में स्थित है। यह 8 किलोमीटर लंबा दर्रा है जो लद्दाख के लेह ज़िले को हिमाचल प्रदेश के लाहौल ज़िले से जोड़ता है।
- माना दर्रा हिमालयी क्षेत्र में भारत और चीन की सीमा पर स्थित है। यह नंदा देवी बायोस्फीयर रिज़र्व में है, जो माना शहर से 47 किमी. उत्तर में तथा उत्तराखंड के तीर्थनगरी बद्रीनाथ से 52 किमी. उत्तर में है।
- माना दर्रा को मना ला, चिरबिट्या ला, डूंगरी ला के नाम से भी जाना जाता है।
- शिपकी ला दर्रा भारत-तिब्बत सीमा पर एक पहाड़ी दर्रा और सीमा चौकी है। यह हिमाचल प्रदेश के किन्नौर ज़िले में स्थित है।
- रोहतांग दर्रा भारत के हिमाचल प्रदेश राज्य में स्थित है। यह मनाली से लगभग 51 किमी. दूर है। यह दर्रा हिमालय की पीर पंजाल श्रृंखला के पूर्वी छोर पर है। अत: विकल्प A सही है।

**69. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता प्रत्येक महीने इसके 15 सदस्यों के बीच बदलती रहती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रत्येक वर्ष, महासभा दो वर्ष के कार्यकाल के लिये पाँच गैर-स्थायी सदस्यों का चुनाव करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- दस गैर-स्थायी सीटों का वितरण क्षेत्रीय आधार पर किया जाता है।

नोट :

- संयुक्त राष्ट्र का कोई भी सदस्य जो सुरक्षा परिषद का सदस्य नहीं है, सुरक्षा परिषद के समक्ष प्रस्तुत किये गए किसी भी विषय की चर्चा में बिना मतदान के भाग ले सकता है।
- पाँच स्थायी सदस्यों में से किसी एक द्वारा "नहीं" अर्थात् 'असहमति' जताए जाने से किसी प्रस्ताव को पारित होने नहीं किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**70. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली एक कम दूरी की, सतह से हवा में मार करने वाली वायु रक्षा प्रणाली है जिसमें एक रडार और तामीर इंटरसेप्टर मिसाइलें शामिल हैं जो इज़रायल की ओर आने वाले किसी भी रॉकेट अथवा मिसाइल को पर नज़र रखने और ओसे नष्ट करने में मदद करती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उपयोग रॉकेट, तोपों और मोर्टार, विमान, हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहनों का मुकाबला करने के लिये किया जाता है।
- इसका उपयोग किसी भी समय और कैसी भी मौसम में किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे राज्य संचालित राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम्स और इज़रायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज़ द्वारा विकसित किया गया था और वर्ष 2011 में तैनात किया गया था।
- आयरन डोम में इस्तेमाल की जाने वाली तीन मुख्य प्रणालियाँ रडार, हथियार नियंत्रण और मिसाइल फायर हैं जो तैनात किये गए क्षेत्र पर ढाल स्वरुप सुरक्षा प्रदान करती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**71. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) द्वारा जारी किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें केवल 'वर्तमान साप्ताहिक स्थिति' (Current Weekly Status- CWS) में शहरी क्षेत्रों के लिये तीन महीने के अल्प समय अंतराल में प्रमुख रोज़गार एवं बेरोज़गारी संकेतकों का अनुमान व्यक्त किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) को जनसंख्या में श्रम बल में व्यक्तियों (यानी काम करने वाले या काम की तलाश करने वाले अथवा कार्य के लिये उपलब्ध) के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- श्रमिक जनसंख्या अनुपात (WPR) को जनसंख्या में नियोजित व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है।

**72. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ग्लोबल वार्मिंग कार्बन डाइ-ऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, जल वाष्प और क्लोरोफ्लोरोकार्बन जैसी वायुमंडलीय गैसों का परिणाम है। **अत: कथन 1 सही है।**
- नाइट्रोजन ऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइ-ऑक्साइड वैश्विक शीतलन गैस हैं जबकि नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$) एक ग्रीनहाउस गैस है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- सल्फर हेक्साफ्लोराइड ($SF_6$) सबसे शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है, जिसकी ग्लोबल वार्मिंग क्षमता 100 वर्ष की अवधि में $CO_2$ की तुलना में 23,900 गुना अधिक है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**73. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को संविधान के अनुसार की गई थी जिसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह निकाय भारत में लोकसभा, राज्यसभा तथा राज्य विधानसभाओं और देश में राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के लिये चुनावों का संचालन करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**नोट :**

- भारत के मुख्य एवं अन्य निर्वाचन आयुक्त, भारत के सर्वोच्च न्यायालय (SC) के न्यायाधीशों के समान वेतन और भत्ते प्राप्त करते हैं। हालाँकि मुख्य और अन्य निर्वाचन आयुक्त अब कैबिनेट सचिव के समान होंगे, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के समान नहीं। **अतः कथन 3 सही है।**

**74. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1993 का ओस्लो समझौता:
    - यह इज़राइल और फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइज़ेशन (PLO) के बीच एक समझौता है, जिसका उद्देश्य इज़राइल के कब्ज़े वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों में शांति एवं स्वशासन के लिये एक रूपरेखा स्थापित करना है। **अतः विकल्प B सही है।**

**75. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विदेशी मुद्रा और संरक्षण गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम, 1974 (Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities Act- COFEPOSA) के तहत, प्रवर्तन निदेशालय को FEMA के उल्लंघन के संबंध में निवारक निरोध के मामलों को प्रायोजित करने का अधिकार है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (Fugitive Economic Offenders Act- FEOA) आर्थिक अपराधियों को भारतीय न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र से बाहर रहकर भारतीय कानून की प्रक्रिया से बचने से रोकने के लिये अधिनियमित किया गया था। यह एक ऐसा कानून है जिसके तहत निदेशालय को उन भगोड़े आर्थिक अपराधियों की संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया गया है जो गिरफ्तारी से बचने के लिये भारत से भाग गए हैं **अतः कथन 2 सही है।**
- धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA) एक आपराधिक कानून है जो धन शोधन/मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने और मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित मामलों से प्राप्त या इसमें शामिल संपत्ति की जब्ती के लिये बनाया गया है। ED को अपराध से अर्जित आय (Proceeds of crime) से प्राप्त संपत्ति का पता लगाने, संपत्ति को अस्थायी रूप से संलग्न करने तथा विशेष न्यायालय द्वारा अपराधियों के खिलाफ मुकदमा चलाने और संपत्ति की जब्ती सुनिश्चित करने के लिये जाँच करके PMLA के प्रावधानों को लागू करने की ज़िम्मेदारी दी गई है। **अतः कथन 3 सही है।**

**76. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स वार्षिक रूप से चार प्रमुख आयामों (आर्थिक भागीदारी और अवसर, शैक्षणिक उपलब्धि, स्वास्थ्य एवं उत्तरजीविता तथा राजनीतिक सशक्तिकरण) में लैंगिक समानता की वर्तमान स्थिति तथा विकास को मापता है। वर्ष 2006 में अपनी स्थापना के बाद से यह सबसे लंबे समय तक चलने वाला सूचकांक रहा है, जो इन अंतरालों को कम करने के लिये समय के साथ कई देशों के प्रगति प्रयासों की निगरानी करता है। **अतः विकल्प D सही है।**

**77. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) का उद्देश्य ओलंपिक खेलों के नियमित आयोजन को सुनिश्चित करना और ओलंपिकवाद व ओलंपिक आंदोलन को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह समिति ओलंपिक खेलों के नियमों, विनियमों को लागू करने तथा भविष्य में होने वाले अगले ओलंपिक आयोजन के स्थान और समय निर्धारण का कार्य करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- प्रत्येक सदस्य को फ्रेंच अथवा अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना चाहिये तथा उस देश का नागरिक अथवा निवासी होना जहाँ राष्ट्रीय ओलंपिक समिति मौजूद है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**78. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- एनीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या या उनकी ऑक्सीजन वाहक क्षमता शारीरिक जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त होती है, जो उम्र, लिंग, ऊँचाई, धूम्रपान और गर्भावस्था की स्थिति के अनुसार भिन्न होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- एनीमिया की उच्च व्यापकता और घटनाओं की चुनौती से निपटने के लिये साप्ताहिक आयरन और फोलिक एसिड अनुपूरण (WIFS) कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एनीमिया मुक्त भारत की 6X6X6 रणनीति का लक्ष्य छह हस्तक्षेपों और छह संस्थागत तंत्रों के कार्यान्वयन के माध्यम से छह लाभार्थी आयु समूहों के बीच एनीमिया को कम करना है। अत:कथन 3 सही है।

**79. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ग्लोबल हंगर इंडेक्स एक वार्षिक रूप से जारी की जाने वाली सहकर्मी-समीक्षा रिपोर्ट है, जिसे कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्थुंगरहिल्फे द्वारा सह-प्रकाशित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- GHI स्कोर की गणना भुखमरी की गंभीरता को दर्शाते हुए 100-अंकीय पैमाने पर की जाती है, जहाँ 0 (शून्य) सबसे अच्छा स्कोर है (अर्थात् भुखमरी की समस्या बिलकुल नही) और 100 सबसे खराब है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रत्येक देश के GHI स्कोर की गणना एक सूत्र के आधार पर की जाती है जिसमे चार संकेतक शामिल होते हैं, ये संकेतक भुखमरी की बहुआयामी प्रकृति को रेखांकित करते हैं: अल्पपोषण, चाइल्ड स्टंटिंग, चाइल्ड वेस्टिंग और शिशु मृत्यु दर। **अतः कथन 3 सही है।**

**80. उत्तर: C**

**व्याख्या: :**

- "लोकतांत्रिक गणराज्य" का अर्थ है कि भारत एक लोकतंत्र है जहाँ लोग चुनाव के माध्यम से अपने नेताओं को चुनते हैं, और यहाँ कोई राजा या रानी नहीं है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संविधान सभा द्वारा पारित जवाहरलाल नेहरू के उद्देश्य संकल्प ने प्रस्तावना के समानता, स्वतंत्रता, लोकतंत्र और संप्रभुता के मौलिक सिद्धांतों को स्थापित किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- "धर्मनिरपेक्ष" का अर्थ है कि भारत में सरकार धर्म से अलग है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी धर्मों के लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाए। **अतः कथन 3 सही है।**

**81. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- कुल प्रजनन दर (TFR) उस स्तर से नीचे गिर गई है जिस पर जनसंख्या के पीढ़ी-दर-पीढ़ी प्रतिस्थापित होने का अनुमान होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NFHS-5 में कुछ नए विषय शामिल हुए हैं, जैसे पूर्व-विद्यायी शिक्षा, दिव्यांगता, शौचालय सुविधा तक पहुँच, मृत्यु पंजीकरण, मासिक धर्म स्वच्छता, और गर्भपात के तरीके तथा कारण। **अतः कथन 2 सही है।**
- NFHS-5 डेटा के अनुसार, वर्ष 2019-2021 में देश में प्रति 1000 पुरुषों की तुलना में 1,020 अधिक महिलाएँ थीं। **अतः कथन 3 सही है।**

**82. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) 2013, जिसे 5 जुलाई 2013 को पारित किया गया था, खाद्य सुरक्षा के पहलू में एक आदर्श बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जो कल्याण-आधारित दृष्टिकोण से हटकर अधिकारों पर आधारित है।

नोट :

- इस अधिनियम के तहत लाभार्थी दो श्रेणियों, प्राथमिकता वाले परिवार (PHH) और अंत्योदय अन्न योजना (AAY) वाले परिवार के अंतर्गत आते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम के तहत गेहूँ की कीमत 2 रुपए प्रति किलो, चावल की कीमत 3 रुपए प्रति किलो और मोटे अनाज की कीमत 1 प्रति किलो है। **अतः कथन 2 सही है।**
- मध्याह्न भोजन योजना (MDMS), सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) और एकीकृत बाल विकास सेवाएँ (ICDS) जैसी योजनाएँ NFSA अधिनियम, 2013 के तहत शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**83. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण (Consumer Expenditure Survey- CES) भारत सरकार के NSSO (राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय) द्वारा किया गया एक सर्वेक्षण है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह सर्वेक्षण वस्तुओं और सेवाओं की खपत में ग्रामीण और शहरी दोनों परिवारों के खर्च पैटर्न पर डेटा एकत्रित करने के लिये प्रत्येक पाँच वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस सर्वेक्षण से प्राप्त डेटा घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोक्ता व्यय (MPCE) तथा विभिन्न MPCE वर्गों में परिवारों की संरचना का आकलन करने में मदद करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**84. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- GLOF (ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड) एक अचानक आने वाली तथा संभावित रूप से विनाशकारी बाढ़ है जो ग्लेशियर अथवा मोरेन (बर्फ, रेत, कंकड़ और मलबे का प्राकृतिक संचय) के पीछे एकत्रित जल के तेज़ी से छोड़े जाने के कारण आती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हिमालय क्षेत्र, अपने ऊँचे पर्वतों के साथ, विशेष रूप से GLOF के प्रति संवेदनशील है।
- सिक्किम में एक ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (GLOF) दक्षिण लोनाक झील के टूटने से उत्पन्न हुआ था, जो एक हिमनद झील है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बढ़ते वैश्विक तापमान के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन ने सिक्किम हिमालय में ग्लेशियरों के पिघलने की प्रक्रिया को तेज़ कर दिया है।
- बाढ़ के कारण सिक्किम में तीस्ता नदी पर चुंगथांग हाइड्रो-बाँध टूट गया। **अतः कथन 3 सही है।**

**85. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सर्वोच्च न्यायालय का मूल क्षेत्राधिकार संघीय मामलों तक ही सीमित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी न्यायिक समीक्षा का दायरा सीमित है।
- सर्वोच्च न्यायालय के अपीलीय क्षेत्राधिकार में संवैधानिक, नागरिक और आपराधिक मामले शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसके अधिकार क्षेत्र और शक्तियों को संसद द्वारा बढ़ाया जा सकता है।
- सर्वोच्च न्यायालय 'विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया' के अनुसार नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**86. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- कॉलेजियम प्रणाली न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण की प्रणाली है, जो संसद के किसी अधिनियम या संविधान के प्रावधान द्वारा स्थापित न होकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के माध्यम से विकसित हुई है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रथम न्यायाधीश मामला (1981) में घोषित किया गया कि न्यायिक नियुक्तियों और तबादलों पर भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के सुझाव की "प्रधानता" को "ठोस कारणों" से अस्वीकार किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

- सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम का नेतृत्व भारत के मुख्य न्यायाधीश(CJI) करते हैं और इसमें न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**87. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सांकेतिक कटौती प्रस्ताव को स्वीकार्य होने के लिये निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना अनिवार्य है:
  - इसे स्पष्ट रूप से व्यक्त किया जाना चाहिये और इसमें तर्क या मानहानिकारक बयान नहीं होने चाहिये।
  - इसे एक खास मामले तक ही सीमित रखा जाना चाहिये।
  - इसे मौजूदा कानूनों में संशोधन या निरस्त करने के लिये सुझाव नहीं होना चाहिये। अत:कथन 1 सही है।
  - इसमें ऐसे मामले का उल्लेख नहीं होना चाहिये जो मुख्य रूप से केंद्र सरकार का विषय नहीं है।
  - इसका उपयोग किसी ऐसे व्यक्ति की नैतिकता या व्यवहार का अपमान करने के लिये नहीं किया जाना चाहिये जिसके कार्यों का विरोध केवल एक ठोस प्रस्ताव के माध्यम से किया जा सकता है।
  - यह केवल एक मांग से संबंधित होना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इससे विशेषाधिकार से संबंधित सवाल नहीं उठना चाहिये।
  - इसे ऐसे मामले दोबारा चर्चा नहीं शुरू करनी चाहिये जिस पर उसी सत्र में निर्णय लिया जा चुका हो।
  - इसका संबंध छोटे मोटे मुद्दे से नहीं होना चाहिये।
  - यह भारत की संचित निधि पर लगने वाले व्यय से संबंधित नहीं होना चाहिये।**अत: कथन 3 सही है।**
  - यह किसी ऐसे मामले से संबंधित नहीं होना चाहिये जो न्यायालय के निर्णय के अधीन है।
  - इसके तहत किसी वैधानिक न्यायाधिकरण या न्यायिक या अर्द्ध-न्यायिक वैधानिक प्राधिकरण या किसी आयोग या जाँच न्यायालय के समक्ष लंबित मामले पर चर्चा की मांग नहीं करनी चाहिये।

**88. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भक्ति आंदोलन 15वीं शताब्दी का एक लोकप्रिय आंदोलन था, इसने समाज के सभी वर्गों के साथ समतापूर्वक व्यवहार को बढ़ावा दिया तथा इसमें सगुण और निर्गुण की दो परंपराएँ विकसित हुई। **अत: कथन 1 सही है।**
- सगुण वैष्णव अथवा शैव परंपराओं से संबंधित भगवान विष्णु या शिव में श्रद्धा रखते थे। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्णाश्रम धर्म और समाज में जाति व्यवस्था के अस्तित्त्व को स्वीकार करते हुए इसने सभी जातियों के बीच समानता को बढ़ावा दिया।
- निर्गुण पंथ के अनुयायी निराकार सार्वभौमिक ईश्वर में विश्वास करते थे।
- रविदास और कबीर निर्गुण परंपरा के प्रमुख कवि थे। **अत: कथन 3 सही है।**

**89. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अंबेडकर ने अप्रैल, 1927 में एक मराठी पाक्षिक, "बहिष्कृत भारत" तथा नवंबर, 1930 में एक साप्ताहिक, "जनता" पत्रिका का प्रकाशन शुरू किया।
- सितंबर, 1927 में उन्होंने अछूतों और उच्च जाति के हिंदुओं के बीच सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के लिये "समाज समता संघ" की शुरुआत की।
- अपने जीवनकाल में गांधी जी ने चार पत्रिकाओं का प्रकाशन किया गया जिसमें इंडियन ऑपिनियन, यंग इंडिया, नवजीवन तथा हरिजन शामिल हैं। **अत: विकल्प B सही है।**

90. उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत में, EIA अधिसूचना पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत जारी की जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह विभिन्न श्रेणियों की परियोजनाओं के लिये EIA संचालित करने की प्रक्रिया और शर्तों की रूपरेखा तैयार करता है।
- यह अधिसूचना परियोजनाओं को उनके संभावित पर्यावरणीय प्रभावों और केंद्र/राज्य सरकार की मंज़ूरी के आधार पर श्रेणियों A और B में वर्गीकृत करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- श्रेणी A परियोजनाओं को पर्यावरणीय अनुमोदन की आवश्यकता होती है और स्क्रीनिंग प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता है जबकि श्रेणी B परियोजनाएँ स्क्रीनिंग प्रक्रिया से गुजरती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) और राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA) भारत में EIA प्रक्रिया को लागू करने और उसकी देखरेख करने के लिये ज़िम्मेदार हैं।

91. उत्तर: A

व्याख्या:

- EPA, 1986 पर्यावरण सुरक्षा की दीर्घकालिक आवश्यकताओं के अध्ययन, योजना तथा कार्यान्वयन हेतु ढाँचा स्थापित करता है और पर्यावरण को खतरे में डालने वाली स्थितियों के लिये त्वरित और पर्याप्त प्रतिक्रिया की प्रणाली निर्धारित करता है।
- EPA का अधिनियमन जून, 1972 में स्टॉकहोम में आयोजित पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन से प्रेरित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह अधिनियम स्टॉकहोम सम्मेलन में लिये गए निर्णयों को लागू करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- संविधान का अनुच्छेद 48A निर्दिष्ट करता है कि राज्य पर्यावरण की रक्षा और सुधार करने तथा देश के वनों एवं वन्यजीवों की रक्षा करने का प्रयास करेगा।
- EPA को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत अधिनियमित किया गया था, जो अंतर्राष्ट्रीय समझौतों को प्रभावी करने के लिये कानून बनाने का प्रावधान करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

92. उत्तर: A

व्याख्या:

- विशेष विवाह अधिनियम (Special Marriage Act- SMA), 1954 एक भारतीय कानून है जो विभिन्न धर्मों अथवा जातियों के लोगों के विवाह के लिये कानूनी ढाँचा प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह अधिनियम विवाह को कानूनी मान्यता प्रदान करने हेतु विवाह के पंजीकरण का प्रावधान करता है, और जोड़े को कई कानूनी लाभ तथा सुरक्षा प्रदान करता है, जिसके अंतर्गत विरासत का अधिकार, उत्तराधिकार अधिकार और सामाजिक सुरक्षा लाभ आदि शामिल हैं।
- यह कानूनी विवाह को विनियमितत करता है जिसमें राज्य धर्म के बजाय विवाह को मंज़ूरी देता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह बहुविवाह को प्रतिबंधित करता है और ऐसे विवाह को अमान्य घोषित करता है यदि विवाह के समय दोनों पक्षों में से किसी एक का जीवनसाथी जीवित था या उनमें से कोई भी मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण विवाह के लिये वैध सहमति देने में असमर्थ होता है।
- मुस्लिम विवाह अधिनियम, 1954 और हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत पति अथवा पत्नी में से किसी एक को शादी से पहले दूसरे का धर्म अपनाने की आवश्यकता होती है। विशेष विवाह अधिनियम के तहत किसी भी धर्म में कोई बदलाव करने की आवश्यकता नहीं है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- यह अधिनियम विभिन्न धार्मिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों पर लागू होता है, जिसमें पूरे भारत में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध और सभी धर्मों के लोग शामिल हैं।

नोट :

उत्तर: B

93. व्याख्या:

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39A NALSA की स्थापना का प्राथमिक आधार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस अनुच्छेद को वर्ष 1976 में 42वें संशोधन अधिनियम द्वारा शमिल किया गया था और इसके अनुसार राज्य को यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि कानूनी प्रणाली का संचालन समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा दे, और विशेष रूप से, उपयुक्त कानून अथवा योजनाओं के माध्यम से मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करे। साथ ही राज्य को यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय हासिल करने के अवसरों से वंचित नहीं किया जाए।
- यह राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरणों और गैर-लाभकारी संगठनों को कानूनी सहायता प्रणालियों तथा पहलों को निष्पादित करने में मदद करने के लिये धन व अनुदान का वितरण करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कानूनी सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य नि:शुल्क कानूनी सहायता और सलाह प्रदान करना, कानूनी जागरूकता फैलाना और लोक न्यायालयों का आयोजन करना है।
- NALSA का गठन कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया था और भारत का मुख्य न्यायाधीश इसका संरक्षक-प्रमुख होता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

94. उत्तर: C

व्याख्या:

- पाक जलसंधि भारत के तमिलनाडु राज्य और श्रीलंका के उत्तरी प्रांत के ज़ाफना ज़िले के बीच स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पाक जलसंधि के दक्षिण-पश्चिमी भाग को अक्सर पाक खाड़ी के नाम से जाना जाता है।
- यह भारत के पूर्वी तट की ओर मन्नार की खाड़ी और बंगाल की खाड़ी के बीच स्थित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ज़ाफना का रणनीतिक पत्तन, जो उत्तरी श्रीलंका के लिये वाणिज्यिक केंद्र के रूप में कार्य करता है, पाक जलसंधि के तट पर स्थित है।
- पाक जलसंधि की सीमा दक्षिण में पंबन द्वीप (भारत), एडम्स (राम) ब्रिज- तटों की एक श्रृंखला, मन्नार की खाड़ी और मन्नार द्वीप (श्रीलंका) से लगती है। **अतः कथन 3 सही है।**

95. उत्तर: D

व्याख्या:

- इस नीति के तहत, भारत दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण और सहक्रियात्मक संबंध स्थापित करने का प्रयास करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत की नेबरहुड फर्स्ट नीति को वसुधैव कुटुंबकम दृष्टिकोण की अभिव्यक्ति के रूप में भी देखा जा सकता है।
- यह नीति पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष समाधान में सहायता करने और विवादों में मध्यस्थता करने, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्त्व को बढ़ावा देने में मदद करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह नीति विशेष रूप से भारत के निकटतम पड़ोसी देशों पर बल देती है, जिसके तहत यह उनके सामरिक महत्त्व और साझा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक संबंधों के महत्त्व को मान्यता प्रदान करती है।
- भारत सूर्य किरण (नेपाल) और संप्रीति (बांग्लादेश) जैसे सैन्य अभ्यासों के साथ सैन्य सहयोग के माध्यम से क्षेत्रीय सुरक्षा को मज़बूत कर रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**

96. उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय संविधान में वर्णित है कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI), राज्य के राज्यपाल के परामर्श से की जाएगी। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- कॉलेजियम प्रणाली की स्थापना द्वितीय न्यायाधीश मामले (1993) में की गई थी, जिसमें माना गया था कि "परामर्श (consultation)" का वास्तविक अर्थ "सहमति (concurrence)" है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एक उच्च न्यायालय (HC) कॉलेजियम का नेतृत्त्व उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और उस न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीशों द्वारा की जाती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**97. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उद्देश्य प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा चयनित किये जाने वाले संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह आरक्षण भारत में परिसीमन प्रक्रिया शुरू होने के बाद ही लागू किया जा सकता है यानी इसे वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले प्रभावी नहीं बनाया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत का परिसीमन आयोग भारत सरकार द्वारा परिसीमन आयोग अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत स्थापित एक आयोग है।
- यह आरक्षण राज्यसभा या राज्य विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**98. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- "भ्रूण" शब्द का उपयोग गर्भावस्था के बाद के चरणों के दौरान मनुष्य सहित किसी स्तनपायी जीव की विकसित हो रहे, अजन्मे संतानों को संदर्भित करने के लिये किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस चरण के दौरान हड्डियाँ सिकुड़ती और सख्त होती रहती हैं, साथ ही अस्थि-पंजर अधिक ठोस होता जाता है।
- यह आम तौर पर भ्रूण विकसित होने के चरण के बाद तथा जन्मपूर्व चरण का वर्णन करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसके दौरान प्रमुख अंग विकसित और परिपक्व होते रहते हैं। भ्रूण चरण के अंत तक, अधिकांश अंग पूरी तरह से विकसित हो जाते हैं, हालाँकि कुछ अंग जन्म के बाद पूरी तरह कार्यात्मक होते हैं।
- इसके हाथ और पैर सहित अन्य कई अंग अधिक विकसित हो जाते हैं और हाथ व पैर की उंगलियाँ अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**99. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात (UAE) और जॉर्डन प्रॉस्पेरिटी ग्रीन एंड ब्लू समझौते के हस्ताक्षरकर्त्ता हैं।
- इसके तहत इज़रायल से जल के बदले में इज़रायल को 600 मेगावाट विद्युत की आपूर्ति करने के लिये जॉर्डन में एक सौर क्षेत्र का निर्माण का प्रावधान है। अतः विकल्प A सही है।

**100. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- कार्बन फुटप्रिंट से आशय ग्रीनहाउस गैसों की कुल मात्रा से है, मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) तथा अन्य कार्बन यौगिक, जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से मानवजनित गतिविधियों द्वारा उत्सर्जित होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे आमतौर पर प्रति वर्ष टन में उत्सर्जित $CO_2$ के रूप में मापा जाता है, हालाँकि इस आँकड़े में $CO_2$-समतुल्य गैसें, जैसे नाइट्रस ऑक्साइड, मीथेन और अन्य ग्रीनहाउस गैसों को भी शामिल किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कार्बन फुटप्रिंट पारिस्थितिक फुटप्रिंट से भिन्न होता है। एक ओर, कार्बन फुटप्रिंट ग्लोबल वार्मिंग में योगदान देने वाली गैसों के उत्सर्जन को मापता है, जबकि दूसरी ओर, पारिस्थितिक फुटप्रिंट जैव-उत्पादक क्षेत्रों के उपयोग को मापने पर केंद्रित है। अतः कथन 3 सही नहीं है।

नोट :

**101. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अब्राहम एकॉर्ड/अब्राहम समझौता इज़रायल और संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में इज़रायल एवं संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, मोरक्को व सूडान सहित कई अरब देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने हेतु समझौतों की एक श्रृंखला है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस समझौते से इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित होंगे जिसका पूरे क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है।
- संयुक्त अरब अमीरात पहला अरब देश था जिसने औपचारिक रूप से अब्राहम समझौते के तहत इज़रायल के साथ संबंधों को सामान्य व संतुलित करने की घोषणा की थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस समझौते से अमेरिका में संयुक्त अरब अमीरात की साख में वृद्धि हुई है।
- यह समझौता अरब देशों द्वारा धीरे-धीरे स्वयं को फिलिस्तीन के मुद्दे से अलग करने की प्रक्रिया को दर्शाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**102. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- रामेश्वरम स्थित रामनाथस्वामी मंदिर शैवों, वैष्णवों और स्मार्तों का एक पवित्र तीर्थ स्थल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह मंदिर हिंदू धर्म के सबसे पवित्र शहरों में से एक, रामेश्वरम में स्थित है।
- रामनाथस्वामी मंदिर का निर्माण द्रविड़ शैली में चूना पत्थर और ग्रेनाइट से किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- भगवान राम ने रावण, जो एक ब्राह्मण और महान शिव भक्त था, को मारने के पाप का प्रायश्चित करने के लिये भगवान शिव से प्रार्थना की थी।
- लंका से लौटते समय भगवान राम ने इसी स्थान पर भगवान शिव की पूजा की थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**103. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (Compound Annual Growth Rate- CAGR) एक माप है, जिसका उपयोग चक्रवृद्धि प्रभाव को ध्यान में रखते हुए एक निर्दिष्ट समय अवधि में किसी निवेश अथवा व्यवसाय की वार्षिक वृद्धि दर निर्धारित करने के लिये किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर एक वास्तविक रिटर्न दर नहीं है, बल्कि एक संकेतात्मक आँकड़ा है।
- चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) विशेष रूप से एक ही क्षेत्र के विभिन्न डेटा स्रोतों से विकास दर का विश्लेषण करने के लिये उपयोगी है, जैसे कि एक ही क्षेत्र की कंपनियों की राजस्व वृद्धि। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**104. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वन्यजीव संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2022 के तहत, राज्य सरकारें वनस्पतियों और जीवों तथा उनके आवास की रक्षा के लिये राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों के निकट के क्षेत्रों को संरक्षित रिज़र्व घोषित कर सकती हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- केंद्र सरकार प्रतिदर्शों के व्यापार के लिये निर्यात अथवा आयात परमिट प्रदान करने के लिये एक प्रबंधन प्राधिकरण और प्रतिदर्शों के अस्तित्त्व पर व्यापार के प्रभाव पर सलाह देने के लिये एक वैज्ञानिक प्राधिकरण को नामित कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- केंद्र सरकार द्वारा एक मुख्य वन्यजीव वार्डन नियुक्त किया जाएगा जो नियंत्रित वातावरण में प्रजनन अथवा किसी अनुसूचित प्रतिदर्श को कृत्रिम रूप से प्रजनन करने के आवेदनों पर कार्रवाई करेगा। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**105. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर अभिसमय (Convention on International Trade in Endangered Species) लुप्तप्राय पादपों और पशुओं को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के खतरों से बचाने के लिये एक बहुपक्षीय संधि है। **अतः कथन 1 सही है।**
- CITES का मसौदा वर्ष 1963 में IUCN के सदस्यों की एक बैठक में अपनाए गए एक प्रस्ताव के परिणामस्वरूप तैयार किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- CITES के परिशिष्ट I में विलुप्त होने की कगार पर पहुँची प्रजातियाँ शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**106. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मंडल आयोग अथवा दूसरा सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा वर्ग आयोग की स्थापना वर्ष 1979 में भारत के "सामाजिक या शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों की पहचान" के लिये की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- आयोग के अनुसार देश की 52% आबादी OBC है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- आयोग ने तर्क दिया कि सरकारी सेवा में आरक्षण का अनुपात OBC की जनसंख्या के अनुपात से संरेखित होना चाहिये। **अतः कथन 3 सही है।**

**107. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- जनमत संग्रह प्रत्यक्ष लोकतंत्र का एक साधन है जिसके माध्यम से लोग किसी विशेष मुद्दे पर सीधे मतदान कर सकते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- नागरिकों को केवल किसी विशिष्ट मुद्दे या प्रश्न पर वोट देने की अनुमति होती है, जिसका प्रस्ताव आमतौर पर किसी सरकार अथवा अन्य आधिकारिक निकाय द्वारा पेश किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- एक विशिष्ट प्रकार का जनमत संग्रह जो किसी प्रकार की मांग के जवाब में आयोजित किया जाता है, वैकल्पिक जनमत संग्रह कहलाता है।
- अनिवार्य जनमत संग्रह एक जनमत संग्रह का एक रूप है, विशिष्ट मानदंड के पूरा होने पर ही इस पर मतदान किया जाना जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**108. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (Commission for Agricultural Costs and Prices- CACP) न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) निर्धारण करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह एक सलाहकार निकाय है जिसकी सिफारिशें सरकार के लिये बाध्यकारी नहीं हैं।
- MSP किसी भी फसल के लिये एक "न्यूनतम मूल्य" है जिसे सरकार किसानों के लिये लाभकारी मानती है और इसलिये यह मूल्य "समर्थन" के योग्य होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह वह कीमत भी है जो सरकारी एजेंसियाँ किसी विशेष फसल की खरीद पर भुगतान करती हैं।
- CACP भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से संबद्ध कार्यालय है। **अतः कथन 3 सही है।**

**109. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (Narcotic Drugs and Psychotropic Substances- NDPS) अधिनियम, 1985 के अनुसार, मादक पदार्थों में कोका पत्ती, कैनबिस (भाँग), अफ़ीम और पोस्ता भूसा शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- इसे सबसे पहले वर्ष 1985 में अधिनियमित किया गया था, फिर इस अधिनियम को वर्ष 1988, 2001 और 2014 में; कुल तीन बार संशोधित किया गया।
- मन:प्रभावी पदार्थ में वर्ष 1971 के मन:प्रभावी पदार्थ अभिसमय के तहत संरक्षित कोई भी प्राकृतिक या सिंथेटिक सामग्री शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस अधिनियम के तहत अपराध के आधार पर एक वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के कारावास और ज़ुर्माने का प्रावधान है। **अत: कथन 3 सही है।**

**110. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- आर्द्रभूमि एक भूमि क्षेत्र है जो स्थायी रूप से अथवा मौसमी रूप से जल से भरा होता है, और इसमें एक विशिष्ट पारिस्थितिकी तंत्र की विशेषताएँ होती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- आर्द्रभूमियों में बड़ी संख्या में सूक्ष्मजीव, पौधों, कीड़े, उभयचर, सरीसृप, पक्षी, मछलियाँ और स्तनधारी प्रजातियाँ पाई जाती हैं।
- वेटलैंड्स इंटरनेशनल साउथ एशिया के अनुमान के अनुसार, पिछले तीन दशकों में भारत में लगभग 30% प्राकृतिक आर्द्रभूमि नष्ट हो गई है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- बाँधों और जल निकासी प्रणालियों का आर्द्रभूमियों पर गहरा प्रभाव पड़ता है।
- आर्द्रभूमियाँ प्राकृतिक स्पंज के रूप में कार्य करके बाढ़ नियंत्रण में मदद करती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**111. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- माइकोराइज़ा, पौधों की जड़ों और कवक के बीच एक सहजीवी संबंध है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ब्रैसिसेकी और चेनोपोडियासी सहित कुछ वर्ग माइकोरिज़ल कनेक्शन बनाने में असमर्थ होने के बावजूद प्रकाश संश्लेषण का प्रयोग करके, पौधे शर्करा जैसे कार्बनिक अणु बनाते हैं जिनका उपयोग कवक द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- माइकोराइज़ा के दो प्रकार जो सबसे अधिक पाए जाते हैं वे हैं एक्टोमाइकोराइज़ा और एंडोमाइकोराइज़ा।
- अर्बुस्कुलर प्रकार सबसे अधिक व्याप्त है जो 70% पौधों की प्रजातियों में पाया जाता है, जिसमें गेहूँ और चावल जैसे महत्त्वपूर्ण कृषि पौधे भी शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**112. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- चेनकुरिंजी (ग्लूटा ट्रैवनकोरिका) अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिज़र्व की एक स्थानिक प्रजाति है। **अत: कथन 1 सही है।**
- अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिज़र्व, देश के दक्षिण में पश्चिमी घाट में स्थित है।
- एनाकार्डियासी (Anacardiaceae) परिवार का यह पेड़ कभी आर्यनकावु दर्रे (Aryankavu Pass) के दक्षिणी हिस्सों की पहाड़ियों में प्रचुर मात्रा में मौजूद था। **अत: कथन 2 सही है।**
- ग्लूटा ट्रैवनकोरिका में जनवरी महीने में फूल आते हैं, लेकिन इस प्रजाति ने हाल ही में जलवायु परिवर्तन के कारण इस प्रक्रिया का विस्तार की प्रवृत्ति प्रदर्शित की है।
- इसका उपयोग निम्न रक्तचाप और गठिया के इलाज के लिये किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**113. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सकल मूल्य वर्द्धित (Gross Value Added- GVA) किसी विशिष्ट क्षेत्र अथवा क्षेत्र के भीतर आर्थिक उत्पादन का एक माप है। इसे किसी अर्थव्यवस्था के भीतर उपभोग के मध्यवर्ती मूल्य में कटौती के बाद उत्पादित आउटपुट के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- सकल मूल्य वर्द्धित (GVA) जैसे आर्थिक संकेतकों की गणना के लिये आधार वर्ष में समय-समय पर अर्थव्यवस्था की संरचना में परिवर्तन को प्रतिबिंबित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए अद्यतन किया जाता है कि गणना प्रासंगिक और सटीक है।
- GVA का सटीक और प्रासंगिक आकलन सुनिश्चित करने के लिये, सकल मूल्य वर्द्धित (GVA) जैसे आर्थिक संकेतकों की गणना में उपयोग किये जाने वाले आधार वर्ष को अर्थव्यवस्था की संरचना में बदलावों को ध्यान में रखते हुए नियमित आधार पर संशोधित किया जाता है।
- भारत में GVA के लिये आधार वर्ष को वर्ष 2004-2005 से बदलकर वर्ष 2011-2012 कर दिया गया था। यह संशोधन मौजूदा आर्थिक परिदृश्य, मूल्य स्तर और उपभोग पैटर्न को बेहतर ढंग से समझने के लिये आधार वर्ष को अद्यतन करने की नियमित प्रथा का हिस्सा है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- GVA और GDP के बीच का मुख्य अंतर यह है कि GVA किसी उत्पाद के विभिन्न पहलुओं को बेहतर बनाने के लिये उसमें जोड़ा गया मूल्य है जबकि GDP देश में उत्पादित उत्पादों की कुल मात्रा है। **अत: कथन 3 सही है।**

**114. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (Production Linked Incentive- PLI) योजना की परिकल्पना घरेलू विनिर्माण क्षमता में वृद्धि करने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता और रोज़गार सृजन के लिये की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- PLI योजना के तहत, घरेलू और विदेशी दोनों कंपनियों को भारत में विनिर्माण के लिये पाँच वर्षों तक उनके राजस्व के प्रतिशत के आधार पर वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ड्रोन और ड्रोन घटक विनिर्माण क्षेत्र PLI योजना के अंतर्गत आता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**115. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार/इंटरनेशनल बुकर प्राइज प्रतिवर्ष एक ऐसे पुस्तक के लिये दिया जाता है जिसका प्रकाशन यूनाइटेड किंगडम अथवा आयरलैंड में हुआ हो और जो अंग्रेजी में अनूदित हो। **अत: कथन 1 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 2005 में मैन बुकर अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार के रूप में हुई।
- उपन्यास और लघु कथाओं के संग्रह इस पुरस्कार के लिये पात्र हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रत्येक शॉर्टलिस्ट किये गए लेखक और अनुवादक को £2,500 दिया जाता है।
- 'टॉम्ब ऑफ सैंड', अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित होने वाली भारतीय भाषा में लिखी गई पहली पुस्तक है। **अत: कथन 3 सही है।**

**116. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- गाज़ा पट्टी भूमध्य सागर के पूर्वी भाग में स्थित एक तटीय क्षेत्र है। इसकी सीमा दक्षिण में मिस्र और उत्तर तथा पूर्व में इज़रायल से लगती है। भूमध्य सागर गाज़ा पट्टी की पश्चिमी सीमा है। भूमध्य सागर क्षेत्र मौजूदा भू-राजनीतिक और क्षेत्रीय विवादों का केंद्र रहा है, इतिहास और वर्तमान स्थिति में इस क्षेत्र की अहम भूमिका रही है। **अत: विकल्प A सही है।**

**117. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के तहत राज्य में कृषि मजदूरों के लिये निर्दिष्ट वैधानिक न्यूनतम मजदूरी के अनुसार भुगतान किया जाना चाहिये। **अत: कथन 1 सही है।**
- मनरेगा का सबसे प्रमुख हिस्सा इसकी कानूनी रूप से समर्थित गारंटी है जिसके अनुसार किसी भी ग्रामीण वयस्क को उसकी मांग के 15 दिनों के भीतर काम मिल जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**

- इन कार्यों की योजना और कार्यान्वयन में पंचायती राज संस्थानों को महत्त्वपूर्ण भूमिका प्रदान कर विकेंद्रीकरण की प्रक्रिया को मज़बूत करने पर बल दिया जा रहा है।
- इस अधिनियम में आरंभ किये जाने वाले कार्यों की सिफारिश करने का अधिकार ग्राम सभाओं को सौंपा गया है और इन कार्यों को कम-से-कम 50% उनके द्वारा ही निष्पादित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**118. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- नियमित और कम अंतराल पर उपभोग अथवा बिक्री किये जाने वाले पैकेज्ड वस्तुओं को फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स- FMCG कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- FMCG भारतीय अर्थव्यवस्था का चौथा सबसे बड़ा क्षेत्र है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ग्राहक की आवश्यकताओं एवं उनके उपयोग संबंधी व्यवहार का पूर्वानुमान करने के लिये FMCG कंपनियों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा और प्रिडिक्टिव एनालिसिस जैसी तकनीकों का तेज़ी से उपयोग किया जा रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**

**119. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- विवाह के अधिकार को भारतीय संविधान के तहत मौलिक या संवैधानिक अधिकार के रूप में स्पष्ट रूप से मान्यता नहीं दी गई है, बल्कि यह एक वैधानिक अधिकार है।
- चिकित्सक की सहायता, सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा, स्वास्थ्य और चिकित्सा का अधिकार मौलिक अधिकारों का हिस्सा हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

**120. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- नेशनल मिशन ऑन सस्टेनिंग हिमालयन इकोसिस्टम (NMSHE) कार्यक्रम की सहायता से लेह क्षेत्र के किसान अब धारणीय और जलवायु-लचीली कृषि करने में सक्षम हैं।
- नेशनल मिशन ऑन सस्टेनिंग हिमालयन इकोसिस्टम कार्यक्रम के तहत शामिल राज्य:
  - ग्यारह राज्य: हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिज़ोरम, त्रिपुरा, मेघालय, असम और पश्चिम बंगाल।
  - दो केंद्रशासित प्रदेश: जम्मू-कश्मीर और लद्दाख। **अतः विकल्प B सही है।**

**121. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) को वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत शक्तियाँ व कार्य सौंपे गए। अतः कथन 1 सही है।
- CPCB के पास एक स्वचालित निगरानी स्टेशन है जहाँ रेस्पिरेबल सस्पेंडेड पार्टिकुलेट मैटर (RSPM), कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), ओज़ोन ($O_3$), सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$), नाइट्रोजन डाइऑक्साइड ($NO_2$) और सस्पेंडेड पार्टिकुलेट मैटर (SPM) की नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। **अतः कथन 2 सही है।**
- केंद्रीय भूजल बोर्ड (CGWB) का कार्य भारत के भूजल संसाधनों के वैज्ञानिक एवं सतत् विकास और प्रबंधन के लिये प्रौद्योगिकियों का विकास एवं प्रसार करना, राष्ट्रीय नीतियों की निगरानी तथा कार्यान्वयन करना है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**122. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल Mk III (GSLV Mk III), जिसे लॉन्च व्हीकल मार्क-III (LVM-3) के रूप में भी जाना जाता है, का उपयोग गगनयान मिशन में लॉन्च व्हीकल के रूप में किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- गगनयान मिशन का सेंट्रल हब, ऑर्बिटल मॉड्यूल (OM), जो पृथ्वी की परिक्रमा करेगा, में क्रू मॉड्यूल (CM) और सर्विस मॉड्यूल (SM) शामिल होंगे। **अतः कथन 2 सही है।**
- क्रू मॉड्यूल में क्रू के लिये अंतरिक्ष में पृथ्वी जैसा वातावरण होगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**123. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारतीय हिमालयी क्षेत्र (IHR) 13 भारतीय राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों तक विस्तृत है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरनमेंट (CSE) द्वारा किये गए एक विश्लेषण में हिमालयी राज्यों में स्वच्छता प्रणालियों की गंभीर स्थिति पर प्रकाश डाला गया है।
- भारतीय हिमालयी क्षेत्र (IHR) 13 भारतीय राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों (अर्थात् जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, असम तथा पश्चिम बंगाल) में 2500 किमी. तक विस्तृत है। **अतः कथन 2 सही है।**
- IHR को व्यापक निर्वनीकरण का सामना करना पड़ता है, जो संवेदनशील पारिस्थितिक संतुलन को बाधित करता है।
- स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक पहाड़ी शहर को प्रति व्यक्ति लगभग 150 लीटर जल की आपूर्ति होती है। **अतः कथन 3 सही है।**
- चिंताजनक बात यह है कि इस जल आपूर्ति का 65-70% अपशिष्ट जल में परिवर्तित हो जाता है।

**124. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हरिजन सेवक संघ वर्ष 1932 में महात्मा गांधी द्वारा स्थापित एक संगठन है। **अतः कथन 1 सही है।**
- बी.आर. अंबेडकर ने दलित वर्गों के मुद्दों को संबोधित करने के लिये बहिष्कृत भारत समाचार पत्र (Bahishkrit Bharat Newspaper) शुरू किया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- मार्च 1927 में बी.आर. अंबेडकर ने महाड़ सत्याग्रह का नेतृत्व किया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**125. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार तथा राज्य के नीति निदेशक तत्त्व सभी सामाजिक न्याय पर ज़ोर देते हैं।
  - प्रस्तावना: भारतीय संविधान की प्रस्तावना संविधान के मूल सिद्धांतों का उल्लेख करती है। इसका एक मुख्य लक्ष्य न्याय, विशेषकर सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना है। प्रस्तावना इन शब्दों से शुरू होती है, "हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने का संकल्प लेते हैं," जो अन्य लक्ष्यों के बीच सामाजिक न्याय प्राप्त करने के लिये देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
  - मौलिक अधिकार: भारतीय संविधान के भाग III में निहित मौलिक अधिकार भारतीय नागरिकों के लिये विभिन्न व्यक्तिगत अधिकारों की गारंटी सुनिश्चित करते हैं। इन अधिकारों में समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, भेदभाव के खिलाफ अधिकार तथा शिक्षा का अधिकार आदि शामिल हैं। नागरिकों को भेदभाव से बचाकर एवं कानून के तहत समान अवसर व सुरक्षा सुनिश्चित कर ये अधिकार सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने हेतु अहम भूमिका निभाते हैं।
  - राज्य के नीति निदेशक तत्त्व: भारतीय संविधान के भाग IV में उल्लिखित राज्य के नीति निदेशक तत्त्व, सरकार को एक न्यायपूर्ण एवं न्यायसंगत समाज बनाने हेतु दिशा-निर्देश प्रदान करते हैं। इन तत्त्वों में सामाजिक व आर्थिक न्याय को बढ़ावा देना, समाज के कमज़ोर वर्गों का कल्याण सुनिश्चित करना तथा आय और स्थिति में असमानताओं को कम करने का प्रयास करना शामिल है। नीति निदेशक तत्त्वों को मौलिक अधिकारों की भाँति कानूनी रूप से लागू नहीं किया जा सकता है, वे केवल वे सरकार के लिये एक नैतिक तथा राजनीतिक दिशा-निर्देश के रूप में कार्य करते हैं। **अतः विकल्प B सही है।**

**126. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय हिमालय जलवायु अनुकूलन कार्यक्रम (IHCAP) का उद्देश्य ग्लेशियोलॉजी और संबंधित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ अनुकूलन योजना, कार्यान्वयन तथा नीति पर भारत में हिमालयी राज्यों की संस्थागत क्षमताओं पर विशेष ध्यान देने सहित जलवायु विज्ञान में भारतीय संस्थानों की क्षमताओं को मज़बूत करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह कार्यक्रम जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPCC) के एक मिशन, हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिये भारत के राष्ट्रीय मिशन (NMSHE) का समर्थन करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय और स्थानीय वित्तीय संसाधनों का लाभ उठाता है तथा NMSHE के कार्यान्वयन को समर्थन एवं सुविधा प्रदान करने के लिये रणनीतिक साझेदारी विकसित करता है।
- इंडो-स्विस संयुक्त कार्य समूह द्वारा निर्देशित स्विस और भारतीय वैज्ञानिकों का संघ, हिमाचल प्रदेश में राज्य स्तर पर अनुकूलन योजना तथा कार्यान्वयन के क्षेत्र में हितधारकों का ज्ञान और क्षमता बढ़ाने में मदद करेगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**127. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इस अभिसमय को 14 अप्रैल, 1961 को वियना, ऑस्ट्रिया में आयोजित राजनयिक संबंधों और प्रतिरक्षा पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन द्वारा स्वीकृत किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत ने इस अभिसमय की पुष्टि कर दी है।
- यह 24 अप्रैल, 1964 को लागू हुआ और लगभग सार्वभौमिक रूप से अनुसमर्थित है, लेकिन पलाऊ एवं दक्षिण सूडान दोनों देश इसके अपवाद हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह विशेष नियम- विशेषाधिकार और प्रतिरक्षा निर्धारित करता है, जो राजनयिक मिशनों को स्थानीय कानूनों के प्रवर्तन के माध्यम से ज़बरदस्ती या उत्पीड़न के भय के बिना कार्य करने में सक्षम बनाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**128. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (International Court of Justice- ICJ) की स्थापना वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र के चार्टर द्वारा की गई थी तथा वर्ष 1946 से इसने कार्य करना शुरू कर दिया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह राज्यों के बीच कानूनी विवादों को सुलझाता है तथा अधिकृत संयुक्त राष्ट्र के अंगों और विशेष एजेंसियों द्वारा निर्दिष्ट कानूनी प्रश्नों पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार सलाह देता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में 15 न्यायाधीश होते हैं जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा और सुरक्षा परिषद द्वारा नौ वर्ष की पदावधि के लिये चुना जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**129. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- गर्भधारण के 20 सप्ताह बाद तक के गर्भपात के लिये एक डॉक्टर की चिकित्सीय सलाह की आवश्यकता होगी। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारतीय दंड संहिता की धारा 312 जानबूझकर गर्भपात कराना एक अपराध मानती है।
- गर्भधारण के 24 सप्ताह बाद तक की गर्भवती महिलायें जो दिव्यांग या नाबालिग हैं, के लिये गर्भपात कानूनी है। **अत: कथन 2 सही है।**
- प्रजनन विकल्प भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत व्यक्तिगत स्वतंत्रता है।
- मेडिकल बोर्ड द्वारा निदान की गई महत्त्वपूर्ण भ्रूण असामान्यताओं के मामलों में गर्भावस्था की ऊपरी सीमा लागू नहीं होती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**130. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- लोकपाल के अध्यक्ष और सदस्यों का चयन एक चयन समिति के माध्यम से किया जाएगा जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, लोकसभा में विपक्ष के नेता, भारत के मुख्य न्यायाधीश या भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा नामित सर्वोच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश तथा चयन समिति के प्रथम चार सदस्यों की सिफारिशों के आधार पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा नामित एक प्रख्यात न्यायविद शामिल होंगे। **अत: विकल्प D सही है।**

**131. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- निर्वाचन आयोग का निष्पक्ष और स्वतंत्र संचालन संविधान के अनुच्छेद 324 में उल्लिखित नियमों द्वारा संरक्षित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त को कार्यकाल सुरक्षा प्रदान की जाती है। उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान प्रक्रिया और समान शर्तों के तहत ही पद से हटाया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अत: कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

**132. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- 61वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1984 ने लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनावों के लिये मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ऐसा देश के गैर-प्रतिनिधित्व वाले युवाओं को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करने और उन्हें राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने में मदद करने के लिये किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के अपराध में दोषसिद्धि की तिथि से व्यक्ति 6 वर्ष के लिये संसद और राज्य विधानमंडल का चुनाव लड़ने के लिये अयोग्य हो जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**133. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सेफोलॉजी राजनीति विज्ञान की एक शाखा है, जो मतदान व्यवहार के वैज्ञानिक अध्ययन से संबंधित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मतदान व्यवहार का अध्ययन राजनीतिक समाजीकरण की प्रक्रिया को समझने में मदद करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह अभिजात वर्ग के साथ-साथ जनता के बीच एक मूल्य के रूप में लोकतंत्र के आंतरिककरण की जाँच करने में सहायता करता है।
- राजनीतिक विकास के संबंध में इसकी आधुनिकता या पुरातनवाद का आकलन करना उपयोगी है।
- यह औपचारिक सरकार से व्यक्तिगत रूप से नागरिकों का सीधा संबंध दर्शाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**134. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मौद्रिक नीति समिति (MPC) का गठन मौद्रिक नीति तय करने में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाने की पहल के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- मौद्रिक नीति समिति का गठन विशेष लक्ष्य स्तर के भीतर मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिये बेंचमार्क नीति ब्याज दर (रेपो रेट) तय करने के मिशन के साथ किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- नीति निर्माण में MPC को रिज़र्व बैंक के मौद्रिक नीति विभाग (MPD) द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- वित्तीय बाज़ार संचालन विभाग (FMOD) मुख्य रूप से दिन-प्रतिदिन के तरलता प्रबंधन कार्यों के माध्यम से मौद्रिक नीति का संचालन करता है।

नोट :

**135. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- चंद्रयान-3 का उद्देश्य संभावित जल-बर्फ और संसाधनों के लिये दक्षिणी ध्रुव के पास "स्थायी रूप से छाया वाले क्षेत्रों" की जाँच करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- निकट की ओर उतरने का निर्णय नियंत्रित सॉफ्ट लैंडिंग के मिशन के प्राथमिक लक्ष्य से प्रेरित था।
- विक्रम की लैंडिंग चंद्रमा के निकट वाले हिस्से पर हुई, जबकि चीन के चांग'ई 4 की चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से पर। **अत: कथन 2 सही है।**
- समकालिक घूर्णन के कारण पृथ्वी से दिखाई देने वाला निकट भाग, चंद्रमा का 60% हिस्सा है।
- चंद्रयान-3 के चंद्रमा की सतह पर कम से कम एक चंद्र दिवस (पृथ्वी के 14 दिन) तक संचालित होने की उम्मीद है। अत: कथन 3 सही है

**136. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सर्विस मॉड्यूल में प्रणोदन प्रणाली, थर्मल सिस्टम, पावर सिस्टम, एवियोनिक्स सिस्टम और तैनाती तंत्र शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- पैड एबॉर्ट टेस्ट अंतरिक्ष यान के लॉन्च एबॉर्ट सिस्टम की जाँच के लिये एक परीक्षण है।
- क्रू मॉड्यूल में क्रू के लिये अंतरिक्ष में पृथ्वी जैसा वातावरण होगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- क्रू मॉड्यूल को सिंगल-स्टेज लिक्विड रॉकेट पर लॉन्च किया जाएगा।
- निरस्त मिशन के हिस्से के रूप में, क्रू एस्केप सिस्टम और क्रू मॉड्यूल को लगभग 17 किमी. की ऊँचाई पर परीक्षण वाहन से अलग किया जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**137. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- यह नीति अंतरिक्ष सुधारों में बहुत स्पष्टता के साथ आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करेगी और देश के लिये अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के अवसर को आगे बढ़ाने हेतु निजी उद्योग की भागीदारी को बढ़ाएगी। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह नीति भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO), अंतरिक्ष क्षेत्र के PSU न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) की भूमिकाओं और ज़िम्मेदारियों को चित्रित करती है।
- ISRO अपनी ऊर्जा को नई प्रौद्योगिकियों, नई प्रणालियों और अनुसंधान एवं विकास पर केंद्रित करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- अंतरिक्ष क्षेत्र से संबंधित रणनीतिक गतिविधियाँ न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) द्वारा की जाएंगी, जो मांग-संचालित मोड में कार्य करेगी।
- ISRO के मिशनों का परिचालन हिस्सा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड में स्थानांतरित किया जाएगा। अत:, कथन 3 सही है

**138. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- स्वच्छ भारत अभियान के हिस्से के रूप में वर्ष 2014 में केंद्र सरकार द्वारा वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- AQI का उद्देश्य प्रदूषण की सामान्य समझ को सरल बनाने में सहायता करना था।
- AQI विभिन्न प्रदूषकों के जटिल वायु गुणवत्ता डेटा को एक एकल संख्या (सूचकांक मान), नामपद्धति और रंग में बदल देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- मापे गए प्रदूषकों में PM 10, PM 2.5, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, ओज़ोन और कार्बन आदि शामिल हैं।
- 301-400 की वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) रेटिंग बहुत खराब वायु गुणवत्ता का संकेत देती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**139. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रतिचक्रवाती वायु उत्तरी गोलार्द्ध में उच्च दबाव के केंद्र के आसपास दक्षिणावर्त प्रवाहित होती हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रतिचक्रवात चक्रवातों के विपरीत होते हैं।
- प्रतिचक्रवातों में वायु ऊपर से नीचे की ओर प्रवाहित होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- दक्षिणी गोलार्द्ध में वायु वामावर्त चल रही हैं।
- सामान्य तौर पर, उच्च दबाव प्रणाली वाले क्षेत्रों में आमतौर पर स्थिर और स्पष्ट मौसम की स्थिति का अनुभव होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**140. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पूर्वी तट आर्थिक गलियारा (ECEC) पूर्वी तट के साथ भारत का पहला तटीय आर्थिक गलियारा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- स्थानीय व्यवसायों को पूर्व तथा दक्षिण पूर्व एशिया के संपन्न वैश्विक उत्पादन नेटवर्क के साथ जोड़कर, ECEC सागरमाला योजना तथा एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत बंदरगाह आधारित औद्योगीकरण का भी समर्थन करता है।
- यह उत्तर में कोलकाता (पश्चिम बंगाल) से दक्षिण में कन्याकुमारी (तमिलनाडु) तक लगभग 2,500 किलोमीटर तक फैला हुआ है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह भारत को पूर्व तथा दक्षिण पूर्व एशिया में वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (GVC) से जोड़ने के लिये लंबी पूर्वी तटरेखा तथा रणनीतिक रूप से स्थित महत्त्वपूर्ण बंदरगाहों को कई अंतर्राष्ट्रीय प्रवेश द्वारों से जोड़ेगा।
- इस गलियारे का निर्माण एशियाई विकास बैंक (ADB) के दिये गए ऋण द्वारा वित्त पोषित है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**141. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- 'लोक लेखा समिति' की स्थापना सर्वप्रथम वर्ष 1921 में भारत सरकार अधिनियम, 1919 के प्रावधानों के तहत की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें सभी दलों को उचित प्रतिनिधित्व मिलता है।
- वर्तमान समय में इस समिति में लोकसभा से 15 और राज्यसभा से 7 सदस्य शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष का होता है।
- सदस्यों का चुनाव संसद द्वारा अपने सदस्यों के बीच एकल हस्तांतरणीय वोट के माध्यम से आनुपातिक प्रतिनिधित्व के सिद्धांत के अनुसार किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**142. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC), 1973 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- अभियुक्त की पेशी की तारीख से 14 दिनों के अंदर अभियुक्त और पीड़ित को FIR की एक प्रति नि:शुल्क उपलब्ध करायी जानी है।
- यह देश के किसी भी हिस्से से जीरो FIR दर्ज करने की अनुमति देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आरोपी व्यक्ति से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से पूछताछ की जाएगी।
- अधिनियम में प्रावधान है कि प्रत्येक ज़िला और पुलिस स्टेशन एक पुलिस अधिकारी को नामित करेगा जो गिरफ्तार व्यक्ति के परिवार को उसकी गिरफ्तारी के विषय में आधिकारिक तौर पर ऑनलाइन एवं व्यक्तिगत रूप से सूचित करेगा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**नोट :**

**143. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- आर्कटिक समुद्री बर्फ से तात्पर्य जमे हुए समुद्री जल से है जिससे शीतकाल के दौरान आर्कटिक महासागर और आसपास के समुद्र आच्छादित हो जाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (IPCC) के डेटा से संकेत मिलता है कि आर्कटिक सागर में बर्फ के स्तर का वार्षिक औसत वर्ष 1850 के बाद से अपने न्यूनतम पर रहा है।
- यह पृथ्वी पर स्थलीय-भाग के ⅙ हिस्से को कवर करता है।**अत: कथन 2 सही है।**
- बर्फ का आवरण कम होने से पृथ्वी की सतह की परावर्तनशीलता कम हो जाती है, जिससे सौर विकिरण का अवशोषण अधिक हो जाता है और सतह गर्म हो जाती है तथा आर्कटिक समुद्री बर्फ पिघलने लगता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**144. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस (GBA) भारत द्वारा शुरू की गई एक पहल है जिसका लक्ष्य जैव ईंधन के व्यापक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिये सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और उद्योग को शामिल करके एक गठबंधन बनाना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस पहल का उद्देश्य जैव ईंधन को ऊर्जा परिवर्तन के एक प्रमुख घटक के रूप में स्थापित करना और रोजगार सृजन और आर्थिक विकास में योगदान देना है।
- Iयह भारत के मौजूदा जैव ईंधन कार्यक्रमों जैसे PM-JIVANYojna, किफायती परिवहन के लिये सतत् वैकल्पिक (SATAT) योजना और GOBARdhan योजना में तेज़ी लाने में मदद करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) के अनुसार, नेट ज़ीरो लक्ष्यों के कारण वर्ष 2050 तक जैव ईंधन विकास क्षमता 3.5-5 गुनी हो जाएगी, जो भारत के लिये एक बड़ा अवसर उत्पन्न करेगी।
- गठबंधन को नौ संस्थापक सदस्य राष्ट्रों के साथ लॉन्च किया गया था: भारत, अमेरिका, ब्राज़ील, अर्जेंटीना, बांग्लादेश, इटली, मॉरीशस, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात। **अत: कथन 3 सही है।**

**145. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रवर्तन निदेशालय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुखों का फिलहाल दो साल का कार्यकाल तय है, लेकिन अब उन्हें तीन साल का विस्तार दिया जा सकता है।
- दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (DSPE) अधिनियम, 1946 में संशोधन किया गया है ताकि सरकार को दोनों प्रमुखों को उनके दो साल का कार्यकाल पूरा होने के एक साल बाद एक पद पर रखने की शक्ति मिल सके। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ED को विदेशी मुद्रा कानूनों और विनियमों के संदिग्ध उल्लंघनों की जाँच करने, कानून का उल्लंघन करने वालों पर निर्णय लेने और ज़ुर्माना लगाने की ज़िम्मेदारी दी गई है।
- विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम, 1974 (COFEPOSA) निदेशालय को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA), 1999 के उल्लंघन के संबंध में निवारक हिरासत के मामलों को प्रायोजित करने का अधिकार देता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**146. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC) ने गाज़ा, वेस्ट बैंक और फिलिस्तीन में मानवाधिकार उल्लंघन की जाँच के लिये एक स्थायी आयोग की स्थापना की। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- UNHRC संयुक्त राष्ट्र (UN) प्रणाली के भीतर एक अंतर-सरकारी निकाय है जो विश्व भर में मानवाधिकारों के प्रचार और संरक्षण को मज़बूत करने के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 2 सही है। अतः विकल्प A सही है।**

**147. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- न्यूनतम निर्यात मूल्य (MEP) वह कीमत है जिससे कम दर पर किसी निर्यातक को भारत से वस्तु निर्यात करने की अनुमति नहीं है।। **अतः कथन 1 सही है।**
- देश में बढ़ती घरेलू खुदरा/थोक कीमत अथवा उत्पादन में व्यवधान को देखते हुए MEP लगाया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992, MEP हेतु कानूनी समर्थन प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**148. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संविधान ने सेवानिवृत्त निर्वाचन आयुक्तों को सरकार द्वारा की जाने वाली आगे की नियुक्ति से वंचित नहीं किया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- संविधान में निर्वाचन आयोग के सदस्यों का कार्यकाल निर्दिष्ट नहीं किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संविधान ने निर्वाचन आयोग के सदस्यों की योग्यता (कानूनी, शैक्षणिक, प्रशासनिक या न्यायिक) निर्धारित नहीं की है। **अतः कथन 3 सही है।**

**149. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में विदेशी मुद्रा लेनदेन के प्रशासन के लिये कानूनी ढाँचा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 द्वारा प्रदान किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- किसी निवासी द्वारा किये गए सभी लेनदेन जो भारत के बाहर आकस्मिक देनदारियों सहित उसकी संपत्ति या देनदारियों में परिवर्तन नहीं करते हैं, चालू खाता लेनदेन हैं।
- विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (FEMA) के तहत, विदेशी मुद्रा से जुड़े सभी लेनदेन को पूंजी या चालू खाता लेनदेन के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- पूंजी खाता लेनदेन में वे लेनदेन शामिल होते हैं जो भारत के निवासी द्वारा किये जाते हैं जैसे कि भारत के बाहर उसकी संपत्ति या देनदारियाँ बदल जाती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- FEMA, 1999 की धारा 2(v) के अनुसार, 'भारत में निवासी व्यक्ति' को ऐसे व्यक्ति के रूप में वर्णित किया गया है जो पिछले वित्तीय वर्ष के भीतर 182 दिनों से अधिक की अवधि के लिये भारत में रहा हो। **अतः कथन 3 सही है।**

**150. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन एक संचार प्रक्रिया है जो दो उपकरणों के बीच साझा किये जा रहे डेटा को एन्क्रिप्ट करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संदेशों को एन्क्रिप्ट और डिक्रिप्ट करने के लिये उपयोग की जाने वाली क्रिप्टोग्राफिक कुंजियों को एंडपॉइंट्स पर संगृहीत किया जाता है।
- यह क्लाउड सेवा प्रदाताओं, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (ISPs) और साइबर अपराधियों जैसे तीसरे पक्षों को डेटा तक पहुँचने से रोकता है, विशेषत: जब डेटा स्थानांतरित किया जा रहा हो। **अतः कथन 2 सही है।**
- व्यावसायिक दस्तावेज़ों, वित्तीय विवरणों, कानूनी कार्यवाहियों और व्यक्तिगत वार्तालापों को स्थानांतरित करते समय E2EE का लंबे समय से उपयोग किया जाता रहा है।

**नोट :**

- एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन की प्रक्रिया एक एल्गोरिद्म का उपयोग करती है जो मानक पाठ को अपठनीय प्रारूप में परिवर्तित कर देती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**151. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- खुला बाज़ार परिचालन (Open Market Operations- OMO) भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा संचालित एक प्रकार के बाज़ार संचालन हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह मौद्रिक नीति के मात्रात्मक उपकरणों में से एक है जिसका उपयोग किसी देश के केंद्रीय बैंक द्वारा अर्थव्यवस्था में धन आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिये किया जाता है।
- यह बाज़ार में/से सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री/खरीद के माध्यम से संचालित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यदि तरलता अतिरिक्त होती है तो RBI प्रतिभूतियों की बिक्री का सहारा लेता है और रुपए की तरलता को कम कर देता है।
- इसका उद्देश्य बाज़ार में रुपए की तरलता की स्थिति को स्थाई आधार पर समायोजित करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**152. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- बासमती चावल विश्व भर में चावल की सबसे प्रसिद्ध किस्मों में से एक है।
- यह एक लंबे दाने वाला चावल है जिसकी उत्पत्ति भारत और पाकिस्तान के कुछ हिस्सों से हुई है।
- कीमत, सुगंध, अनाज के आकार के साथ-साथ गुणवत्ता के कारण इस चावल का एक अद्वितीय स्थान है।
- 2-एसिटाइल-1-पाइरोलिन नामक रसायन की उपस्थिति के कारण बासमती चावल में एक अनोखी सुगंध और स्वाद होता है। **अतः विकल्प A सही है।**

**153. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- चीन के हांगझू में 2023 के एशियाई खेलों में दो नए पदक वाले खेल जो शामिल हुए हैं वे हैं- ई-स्पोर्ट्स तथा ब्रेकडांसिंग।
- इनके अलावा क्रिकेट और बोर्ड गेम- गो, ज़ियांग्की और शतरंज खेलों के वर्ष 2018 में शामिल नहीं होने के बाद इस संस्करण में एशियाई खेलों में वापसी हुई। **अतः विकल्प A सही है।**

**154. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मौद्रिक नीति के प्रत्यक्ष उपकरण नकद कोष अनुपात, वैधानिक तरलता अनुपात, पुनर्वित्त सुविधाएँ आदि हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति के अंतर्गत वे विभिन्न गतिविधियाँ शामिल हैं जो किसी अर्थव्यवस्था में धन और ऋण की मात्रा को प्रभावित करती है। मौद्रिक नीति का मुख्य उद्देश्य धन की आपूर्ति और मांग को संतुलित करना है। **अतः कथन 2 सही है। अतः विकल्प A सही है।**

**155. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- उच्च न्यायालय के किसी वकील को दस वर्ष तक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संविधान द्वारा किसी व्यक्ति की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिये न्यूनतम आयु निर्धारित नहीं की गई है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संविधान द्वारा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश का कार्यकाल निर्धारित नहीं किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**156. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के अनुसार गैरकानूनी गतिविधि का तात्पर्य किसी व्यक्ति या संघ द्वारा भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को बाधित करने के इरादे से की गई किसी भी कार्रवाई से है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह अधिनियम राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) के महानिदेशक को आतंकवाद से संबंधित संपत्ति की जब्ती की स्वीकृति देने का अधिकार देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- आतंकवादी के रूप में नामित व्यक्ति की व्यक्तिगत/वित्तीय जानकारी पश्चिमी या किसी अन्य विदेशी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा की जा सकती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**157. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 'इम्प्रोवाइज़्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसेज़ (IED)' में विभिन्न प्रकार के घटक शामिल होते हैं जिनमें एक आरंभकर्ता, स्विच, मेन चार्ज, पावर स्रोत और एक कंटेनर शामिल होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- उर्वरक, बारूद और हाइड्रोजन पेरॉक्साइड जैसी कई सामान्य रूप से उपलब्ध सामग्रियों का उपयोग IED में विस्फोटक सामग्री के रूप में किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विस्फोटकों में ईंधन और एक ऑक्सीडाइज़र होना चाहिये, जो प्रतिक्रिया को बनाए रखने के लिये आवश्यक ऑक्सीजन प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**158. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) भारत की केंद्रीय आतंकवाद-रोधी कानून प्रवर्तन एजेंसी है जिसे भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता को प्रभावित करने वाले सभी अपराधों की जाँच करने का अधिकार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- जिस कानून के तहत एजेंसी संचालित होती है वह पूरे भारत में लागू होता है और देश के बाहर भारतीय नागरिकों पर भी लागू होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- NIA, राष्ट्रीय जाँच एजेंसी अधिनियम की अनुसूची में सूचीबद्ध अपराधों की जाँच कर सकती है जिसमें अपहरण-रोधी अधिनियम भी शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**

**159. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पुलिकली (मलयालम में पुली का अर्थ है तेंदुआ/बाघ और काली का अर्थ है खेल) एक मनोरंजक लोक कला है जो ओणम उत्सव के चौथे दिन प्रदर्शित की जाती है।
- यह लोक कला मुख्य रूप से केरल के त्रिशूर ज़िले में प्रचलित है। **अतः विकल्प A सही है।**

**160. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- OTT अथवा ओवर-द-टॉप प्लेटफॉर्म, ऑडियो और वीडियो होस्टिंग एवं स्ट्रीमिंग सेवाएँ प्रदान करते हैं, जो कंटेंट होस्टिंग प्लेटफॉर्म के रूप में शुरू हुए, किंतु जल्द ही इन्होंने स्वयं की लघु फिल्मों, फीचर फिल्मों, वृत्तचित्रों (डोक्युमेंट्री) तथा वेब-सीरीज़ का निर्माण एवं प्रसारण करना शुरू कर दिया। **अतः कथन 1 सही है।**
- ये प्लेटफॉर्म विभिन्न प्रकार का मनोरंजक कंटेंट प्रदान करते हैं और उपयोगकर्ताओं को उनके पिछले ब्राउज़िंग पैटर्न के आधार पर नए कंटेंट का सुझाव देने के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करते हैं। **अतः कथन 2 सही है। अतः विकल्प A सही है।**

नोट :

161. उत्तर: C

**व्याख्या:**

- एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC), प्रारंभ में एशिया-प्रशांत की बढ़ती परस्पर निर्भरता का लाभ उठाने के लिये वर्ष 1989 में कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया में आर्थिक नेताओं की एक अनौपचारिक वार्ता के रूप में शुरू हुआ था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी औपचारिक स्थापना वर्ष 1993 में 12 सदस्यों के साथ की गई थी।
- यूरोपीय संघ (EU) और अब विघटित हो चुके उत्तरी अमेरिकी मुक्त व्यापार क्षेत्र (NAFTA) जैसे क्षेत्रीय आर्थिक गुटों के प्रसार ने इसके गठन को प्रोत्साहित किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- APEC परियोजनाएँ ग्रामीण समुदायों के लिये डिजिटल कौशल प्रशिक्षण प्रदान करती हैं और स्थानीय महिलाओं को अपने उत्पादों को विदेशों में निर्यात करने में सहायता करती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि The Vision

**नोट :**